कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 01:15
उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 69, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 16

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 15

एक नजर

सलमान के घर फायरिंग मामले में शूटर गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के फार्महाउस की टोह लेने वाले और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार यहां इसकी पुष्टि की। हाल ही में पंजाब और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पानीपत के सेक्टर-29 पुलिस थाना क्षेत्र से संदिग्ध सुखबीर बलबीर सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सुक्खा, अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के मामले में फरार था।

ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ

गुवाहाटी। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। सूत्रों ने बताया कि भाटिया को ऐप कंपनी के एक कार्यक्रम में सेलिब्रिटी के रूप में शामिल होने के लिए कुछ धनराशि मिली थी और उनपर मामले में उनकी संलिप्तता होने का कोई आरोप नहीं है।

बाराबंकी में देवा महोत्सव का आगाज आज

देवा (बाराबंकी)। कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है।

रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

नई दिल्ली, एजेंसी

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार एआरपी को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी होगी।

- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

अमृत विचार : राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।

साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है। योजना के तहत लाभार्थियों को 14.2 किग्रा. का सिलेंडर रिफिल दिया जाता है।

महज 46 रनों पर सिमटी टीम इंडिया

बेंगलुरू। 37 सालों बाद घरेलू मैदान पर भारतीय टीम लड़खड़ा गई। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारत ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेट दिया। इसके बाद डेवोन कॉवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाए लिए। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढ़त है। चिन्नास्वामी में खेले जा रहे मैच में न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने सिर्फ 15 रन देकर 5 विकेट झटके। हेनरी ने सरफराज खान, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव को अपना शिकार बनाया। पहली पारी में खराब प्रदर्शन की वजह से टीम इंडिया बैकफुट पर आ गई है। ये पहला मौका नहीं है जब भारतीय टीम होम टेस्ट की किसी पारी में धाराशायी हो गई हो। इससे पहले भी 1987 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान (अब अरूण जेटली) पर वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलते हुए भारतीय टीम मात्र 75 रनों पर ऑल-आउट हो गई थी।

37 सालों बाद घरेलू मैदान पर बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

5 विकेट न्यूजीलैंड के हेनरी ने चटकाए

हत्याकांड के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़

बहराइच हिंसा

पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

नेपाल की सीमा पर नानपारा थानाक्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात कर दिया है। वहीं अन्य तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सरफराज की बहन बोलीं- बुधवार को पुलिस ने उठा लिया था

महाराजगंज के जिस मकान में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या की गई थी। वह अब्दुल हमीद का था। हमीद की बेटी रुखसार ने एसटीएफ पर आरोप लगाया कि बुधवार शाम चार बजे उसके पिता अब्दुल हमीद, भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को उठा लिया था। मेरे पति और देवर को पहले ही पकड़ लिया था। किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है। वहीं रुखसान के बयान का वीडियो जाकिर अली त्यागी नाम के व्यक्ति के ट्विटर अकाउंट से अपलोड किया गया है।

मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलता: अखिलेश

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं।

आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई

एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। इस मामले में हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण

नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मोदी से शिष्टाचार मुलाकात करते सैनी।

समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पिछले कई वर्षों में राजग का इस तरह का यह पहला सम्मेलन है।

मुंबई आने वाली दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई, एजेंसी

घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर गुरुवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी।

एयरलाइन के अनुसार, जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से मुंबई आ रहे विस्तारा एयरलाइन के एक विमान को, बम की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को आपात स्थिति में मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। उसने बताया कि बोइंग 787 विमान को अनिवार्य सुरक्षा जांच करने के लिए अलग स्थान पर खड़ा कर दिया गया है।

नो-फ्लाई सूची में शामिल करने के विकल्प पर सरकार कर रही विचार

नई दिल्ली। नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम होने की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को 'नो फ्लाई' सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

8 सोशल मीडिया खाते निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय विमानों में बम रखे होने की धमकी देने वाले कई सोशल मीडिया खातों को साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने निलंबित या ब्लॉक कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि साइबर, विमानन सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने विश्लेषण किया।

मुरादाबाद में डबल मर्डर महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड पर रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ। इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

उप्र. विस उपचुनाव

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

अमृत विचार : कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

तीन लाख के नकली नोट पकड़े

उन्नाव पुलिस और एसओजी ने एक कार से किए बरामद, लखनऊ में छापते थे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: औरास पुलिस और एसओजी ने एक कार में छिपाकर ले जाए जा रहे करीब तीन लाख के जाली नोट व नोट छापने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने साथ ही दो युवकों को गिरफ्तार किया है। बरामद जाली नोट 100 और 500 के हैं। युवकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में जाली नोट छापने का काम करते थे।

पुलिस गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। उन्नाव एसपी दीपक भूकर ने बताया कि औरास पुलिस व एसओजी को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में जाली नोटों को खपाने का कारोबार चल रहा है। इसके चलते पुलिस चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम ने औरास में एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली तो कार में डेस्क बोर्ड से 100 रुपये के 988 जाली नोट बरामद हुए। कार की डिग्गी में एक प्रिंटर, वाईफाई मोडम, एक मानिटर, एक सीपीयू, एक पेपर कटर, एक लैपटाप आदि बरामद हुए। पुलिस ने कार सवार मो. शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी गांव तिलोइया कला थाना संडील हरदोई व फुरकान निवासी तकिया रहीमाबाद थाना रहीमाबाद लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 500 रुपये के 394 जाली नोट व दो मोबाइल फोन भी बरामद किये।

- प्रिंटर, वाईफाई मोडम, मानिटर, सीपीयू आदि बरामद
- लखनऊ के हाजी सलीम काम्प्लेक्स में छापते थे जालसाज

चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए

चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती हैं। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

एक नजर

अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म, अदालतों में पुकार शुरू

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : महीनों से चल रही अधिवक्ताओं की अनवरत हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। कार्य से विरत रहने का कोई प्रस्ताव नहीं आया तो तहसील की पांच न्यायालयों में से तीन न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो गई। उपजिला अधिकारी न्यायिक, तहसीलदार और नायब मसौधा की अदालतों में पुकार सुनाई पड़ी। तहसील दार सुमित सिंह ने बताया न्यायिक प्रक्रिया शुरू हो गई है अब सुनवाई भी होगी और फाइलों का निस्तारण भी तेजी से होगा।

सुरक्षा कर्मियों को दिया गया व्यवहार प्रशिक्षण

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल में गुरुवार को सुरक्षा कर्मियों को व्यवहार का प्रशिक्षण दिया गया। मैनेजर राजेंद्र तिवारी ने बताया कि अस्पताल में 30 के करीब सुरक्षा कर्मी हैं। उन्हें मरीजों की मदद व उचित व्यवहार करने के बारे में बताया गया। कहा कि अमूमन देखा जाता है कि अस्पताल में पहुंचने वाले मरीज दूर-दराज से आते हैं। उन्हें पग-पग पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशिक्षित किए गए सुरक्षा कर्मी उनकी मदद करेंगे।

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

18 मंडल की टीमें कर रही प्रतिभाग, आठ दिवसीय लीग कम नॉक आउट पद्धति पर हो रही प्रतियोगिता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: उप्र खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से डाभासेमर के डॉ. भीमराव आंम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को आठ दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक आगाज हुआ। मुख्य अतिथि रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की।

आरएसओ चंचल मिश्रा ने मुख्य अतिथि को प्रतियोगिता की जानकारी दी। प्रतियोगिता में सभी 18 मंडल की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। लीग कम नॉक आउट पद्धति पर प्रतियोगिता चयनकर्ता उपक्रीड़ा अधिकारी उन्नाव मुकेश सब्बरवाल व पर्यवेक्षक आरिफ नजमी की निगरानी में हो रही है। समारोह का संचालन जिला बैडमिन्टन संघ के सचिव अनूप दुबे ने किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, अनुपम शुक्ल, बबलू कुमार, बिन्दु, सोनिका शुक्ला आदि मौजूद रहे।

डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते रुदौली विधायक राम चंद्र यादव।

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में खेलते खिलाड़ी।

बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद का विजय अभियान शुरू

प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन हुए लीग मुकाबलों में बरेली, मेरठ, कानपुर व मुरादाबाद मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान शुरू किया। लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता में चार पूल बनाए गए हैं। पहले दिन हुए बरेली व बस्ती मंडल के बीच हुए मुकाबले में बरेली ने 4-1 से विजय हासिल की। बरेली के युगांक ने अकेले तीन गोल मारकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बस्ती के आदित्य ने एक गोल किया। मेरठ मंडल व देवीपाटन मंडल के मैच में मेरठ टीम ने 5-0 से शानदार जीत दर्ज की। मेरठ की ओर से रुद्राक्ष ने दो, अंशुल, आदित्य व समीर ने एक-एक गोल किया। तीसरे मैच में कानपुर ने आजमगढ़ मंडल पर 3-0 से जीत हासिल की। कानपुर के आदर्श, प्रथम, शिवसागर एक-एक गोल करने में सफल रहे। चौथे मैच में मेरठ मंडल ने सहारनपुर मंडल को 3-0 से पराजित कर विजय अभियान की शुरुआत की। फरमान, मोरिस व शादाब ने एक-एक गोल किया।

खिलाड़ियों को हर संभव संसाधन दे रही सरकार : रामचंद्र

उप्र के खिलाड़ी अब किसी अन्य प्रदेश के मोहताज नहीं रहे। अपनी योग्यता के बल पर उप्र के खिलाड़ी प्रदेश व देश को गौरवान्वित कर रहे हैं। ये बातें रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने गुरुवार को कही। वह प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध करा रही है। सरकार की ओर से प्रतिभावान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हे विभिन्न संस्थानों में खेल योग्यता के आधार पर नौकरी भी मिल रही है।

जल्दी तारीख लगाने को कहा तो हो गई भिड़ंत, पत्नी की पिटाई

अयोध्या, अमृत विचार: पारिवारिक विवाद में अदालत पहुंचे एक दंपत्ति के बीच गाली-गलौच हुई और फिर मारपीट हो गई। विवाद मामले में जल्द तारीख लगाने की बात कहने पर हुआ। विवाहिता ने पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर कोतवाली के जप्ती वजीरगंज सरस्वती पुरम कॉलोनी निवासी वन्दना शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह राहुल शर्मा निवासी जिला अमेठी के साथ हुआ था। दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। वह तारीख पेशी पर फास्ट ट्रैक कोर्ट महिला जूनियर डिवीजन के न्यायालय पर आई थी। राहुल ने अदालत से नजदीक की तारीख देने की बात कही और दबाव बनाने लगा तो उसने विरोध किया। जिसके बाद राहुल ने गाली-गलौच शुरू कर दी और बुरी तरह मारापीटा। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय का कहना है कि प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

मंडलीय बालिका खो-खो सीनियर की विजेता अयोध्या की टीम। अमृत विचार

अयोध्या टीम ने जीता खो-खो सीनियर का दोहरा खिताब

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या जिला टीम ने मंडलीय विद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता के अंडर-19 बालिका व बालक वर्ग में जीत दर्ज कर दोहरा खिताब हासिल किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी के निर्देशन में मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति की देखरेख में आयोजित मंडलीय खो-खो प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। मंडलीय क्रीड़ा समिति के सचिव धमेन्द्र सिंह व संयुक्त सचिव अभिषेक सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अयोध्या ने अमेठी को 3-0 से और अंबेडकरनगर ने सुल्तापुर को 11-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अयोध्या टीम ने अंबेडकरनगर टीम पर 3-2 से पराजित कर खिताब पर कब्जा कर लिया। बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अंबेडकरनगर ने सुल्तापुर को 2-0 से तथा अयोध्या ने बाई पाकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में अयोध्या टीम ने अंबेडकरनगर टीम पर 5-1 से खिताबी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में अनुज, राजीव मैथ्यूज, अतुल सिंह, विजेन्द्र सिंह व आलोक ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर जयेन्द्र पाठक, राघवेन्द्र सिंह, केएन सिंह, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, उत्तम कुमार आदि मौजूद रहे।

कबड्डी में बाबा बाजार, रस्साकसी में समैसी व वॉलीबॉल में हुनहुना विजेता

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: बाबा बाजार में चल रही दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन गुरूवार को हो गया। समापन सत्र की शुरूआत मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी ने दीप प्रज्जवलन कर की। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी की 25, वॉलीबॉल की 18 और रस्साकसी की 16 टीमों ने प्रतिभाग किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में बाबा बाजार की टीम ने उमापुर को हकार विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। वॉलीबॉल में हुनहुना ने समैसी को हराया। रस्सकसी में समैसी ने रेक्षघाट की टीम को हराकर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता जीत ली।

प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में वॉलीबाल खेलते प्रतिभागी। अमृत विचार

दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का समापन

विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि ने सम्मान पत्र, ट्रॉफी व अन्य पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिलता है। खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है।

मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश सिंह यादव, सचिव धर्मेन्द्र सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, विनोद श्रीवास्तव, पवन सिंह, सचिदानंद दास आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

किश्त जमा होने के बावजूद जब्त कर ली थी बाइक, केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : किश्त जमा होने के बावजूद ऋण पर ली गई मोटरसाइकिल को जब्त करने और वाहन मालिक के साथ मारपीट के मामले में कैंट थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ऑटो शो रूम प्रबंधक समेत तीन के खिलाफ लूट, मारपीट और अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुचेरा पूरे लक्ष्मन निवासी दिलीप कुमार मिश्र का कहना है कि उन्होंने इनायतनगर स्थित रवि ऑटो सेल्स के माध्यम से वर्ष 2018 में बाइक बजाज डिस्कवर 110 सीसी 18000 रूपये अग्रिम भुगतान कर फाइनेंस कराई थी। उनको किश्त के रूप में 2800 रूपये प्रतिमाह भुगतान करना था। उसने 20 मई 2021 को अंतिम किश्त का भुगतान कर शो रूम के प्रबंधक रवि पांडेय से नोड्यूज मांगा तो उन्होंने कहा कि भुगतान का कार्ड पर इन्ट्री कर दिया गया है और नोड्यूज बाद में मिल जाएगा। 26 मई को वह जिला मुख्यालय से दवा लेकर अपने फूफा सरजू प्रसाद मिश्रा के साथ बाइक से गाँव जा रहा था। दिलीप कुमार का आरोप है कि कैंट थाना क्षेत्र में कोटसराय रायपुर मोड़ के पास भारत पेट्रोल पम्प के पहले दो लोगों ने उसको रोक लिया और चाभी छीन उसको जमीन पर गिरा दिया तथा उसको घायल कर बाइक लूटकर भाग निकले। प्रबंधक भी वहां मौजूद थे। बाद में प्रबंधक से मिला तो बाइक रायपुर यार्ड में खड़ी होने का हवाला देकर अतिरिक्त रकम की मांग की गई। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

दिगंबर जैन मंदिर में ज्ञानमति माता का मनाया जन्मोत्सव

माता ज्ञानमती द्वारा लिखे गए नवीन शास्त्र का विमोचन।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : दिगम्बर जैन मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमती माता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह अभिषेक, शांतिधारा व माता जी को शास्त्र भेंट किया गया। उसके बाद मंदिर में विराजमान 31 फीट उतंग प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक का कार्यक्रम हुआ। जिसमें जल, दूध, सर्वोषधि, चंदन से अभिषेक किया गया। ज्ञानमती माता के द्वारा लिखे नवीन शास्त्र का विमोचन किया गया। आर्यिका चन्दनामती माता ने गणिनी माता ने उनके जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि टिकैतनगर में जन्मी एक बालिका ने संयम का मार्ग अपनाकर आज पूरे विश्व मे अहिंसा व जैन धर्म के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचा रही है। केवल चन्द्र जैन, अमर चन्द्र जैन, ऋषभ जैन, योगेश जैन, पंकज जैन, लल्ला जैन, परमेन्द्र जैन, विनय कुमार जैन, रितेश जैन, आदिश जैन आदि मौजूद रहे।

महाराजा अग्रसेन के बताए रास्ते पर चल कर सकते समाज का उत्थान

शोभायात्रा को हरी झड़ी दिखाकर रवाना करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : आज के दिन हम महाराजा अग्रसेन के विचारों को याद कर उनके बताएं गए रास्ते पर चलने का संकल्प लें।क्योंकि उनके बताए रास्ते पर चल कर ही हम समाज का उत्थान कर सकते हैं। यह बातें नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को कही। वह श्री अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड के द्वारा नगर में आयोजित अग्रसेन महाराज की शोभायात्रा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हमारे समाज का वह स्तंभ है जो व्यापार ही नहीं सामाजिक सरोकार और परोपकार से भी सदैव जुड़ा रहता है। उन्होंने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाराजा अग्रसेन जी का विशाल सजा रथ, डीजे भांगड़ा ढोल के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल हुए। सभा के उत्तम बंसल ने वेद प्रकाश गुप्ता का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसाद वितरण किया गया।

अंतिम संस्कार कर लौटी तो टूटा मिला ताला, अंगूठी और नकदी गायब

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली के देवकाली क्षेत्र में मकान बनाकर रहने वाली एक महिला अपने पति का अंतिम संस्कार कर पैतृक गाँव से वापस लौटी तो उसके मकान का ताला टूटा मिला। सामान अस्त-व्यस्त था और सोने की अंगूठी व नकदी गायब मिली। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत पुलिस को दी है। पीड़िता मीरा सिंह का कहना है कि वह मूल रूप से बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र स्थित जीतीपुर गांव की निवासी है। यहां नगर कोतवाली क्षेत्र में धनीराम का पुरवा देवकाली में मकान बनवाकर रहती है। 3 अक्टूबर को पति उदय भान प्रताप सिंह की मौत हो जाने के चलते वह मकान में ताला बंद कर अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव गई थी। पड़ोसी ने घर का ताला टूटा होने की फोन पर जानकारी दी तो वह 13 अक्टूबर को वापस पहुंची। घर, कमरों और आलमारी का ताला टूटा व पूरे घर का सामान बिखरा मिला। अलमारी में रखे 10 हजार रुपये और लगभग 30 हजार रूपये कीमत की सोने की दो अंगूठी गायब मिलीं। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी पर देवकाली चौकी पुलिस को मौके पर भेज जाँच कराई गई है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

तपस्या से सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं: कमल नयन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनगरी के मंदिरों में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। मणिराम दास छावनी में विराजमान महर्षि वाल्मीकि की आरती उतारी गई। मंदिर में आचार्यों ने रामायण का पाठ किया। साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाल्मीकि के राम पर आधारित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि महंत कमल नयन दास और विशिष्ट अतिथि मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने कार्यक्रम की शुरुआत की। महंत कमल नयन दास ने कहा कि तपस्या के द्वारा सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं। हम सभी को श्रीराम के आदर्श को अपनाने पर जोर देना चाहिए। श्रीराम का आदर्श भेदभाव मुक्त न कोई छोटा न कोई बड़ा का संदेश देती है। मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि वाल्मीकि जयंती पर साकेत महाविद्यालय के गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दी। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने वाल्मीकि रामायण और तुलसी के रामचरितमानस की व्याख्या की। पूर्व प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने अपने अंदर राम के चरित्र को आत्मसात करके आगे बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा ने कहा कि भक्ति से मुसीबतें कम होती हैं। निवर्तवान प्राचार्य प्रो. नर्वदेश्वर पांडे और पूर्व प्राचार्य प्रो. अभय सिंह, प्रो अभिषेक दत्त, प्रो. डीएन सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए।

संगोष्ठी में महंत कमल नयन दास को रामलला का चित्र अर्पित करते हुए आयोजक

रामनगरी में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई

नुक्कड़ नाटक से दी पुलिस और डायल 112 सेवा की जानकारी

अयोध्या, अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान के पांचवें अध्याय के दूसरे चरण में चलाए जा रहे अभियान एक पहल के तहत जिला पुलिस की ओर से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पुलिस और डायल 112 की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन से मदद हासिल करने का तरीका भी सिखाया गया।

नुक्कड़ नाटक के जरिए कचहरी परिसर में लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करते कलाकार।

सपा का पीडीएफ केवल दिखावा : विश्वनाथ पाल

सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व राज्य सभा सदस्य का स्वागत करते कार्यकर्ता।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी का पीडीए सिर्फ दिखावे के लिए है। अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में सिर्फ अपने परिवार के अलावा एक भी यादव को टिकट नहीं दिया। मायावती ने सर्व समाज को टिकट देकर सदन पहुंचाया है। ये बातें गुरुवार को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहीं। वह मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के देवगांव स्थिति राजा के बाजार मैदान में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि वह झूठे वादे करके सत्ता में आई है। कहा कांग्रेस ने जनता के साथ छल किया है। गरीबों और दलितों के हक को छीना है। कांग्रेस ने बाबा साहब के संविधान के नाम पर धोखा दिया है। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं मंडल प्रभारी सालिम अंसारी रहे। विधानसभा प्रत्याशी रामगोपाल कोरी ने आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर महेंद्र प्रताप आनंद, रवि प्रकाश मौर्य, दिलीप कुमार विमल, सर्वेंद्र अंबेडकर, मोहम्मद असद, अर्चना कोरी सहित भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घरेलू हिंसा व उत्पीड़न को लेकर किया जागरूक

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत घरेलू हिंसा अधिनियम तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को महाविद्यालय में किया गया। प्रशिक्षु महिला उपनिरीक्षक रिया कटिहार, महिला कांस्टेबल नेहा, प्रशंसा राठौर, रिंकी, अलका, ज्योति मौर्य के द्वारा छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को 01 जुलाई से लागू हुए नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि मिशन शक्ति के अभियान में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

सोहावल में भेड़िए ने दी दस्तक, बकरे का किया शिकार

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : हैरिंग्टनगंज, बीकापुर और तारुन के बाद अब सोहावल तहसील तक भेड़िए की दहशत फैल गई है। धन्नी पुर के मजरे बुधौलिया निवासी एक युवक के बकरे को गुरुवार को उस समय शिकार बना लिया जब वह गांव के बगल एक बाग में बकरियों को चरा रहा था। गांव वालों के दौड़ने के बाद भेड़िया शिकार को मौके से छोड़ भागा। अब इस गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव के लोग भी भय और दहशत में आ गए हैं।

गांव के पूर्व प्रधान राम अभिलाख, रसीद, रिजवान, युनुस, अकबर अली ने बताया कि गांव निवासी अयूब की 12 से ज्यादा बकरियां गांव के बगल एक बाग में चर रहीं थी। दोपहर लगभग ढाई बजे अचानक एक भेड़िया खेतों से निकल कर आया और बकरियों के झुंड में शामिल एक बकरे की गर्दन पकड़ कर ले भागा। बकरियां चरा रहे बच्चों की गुहार पर आसपास से दौड़े लोगों ने जब शोर मचाया तो भेड़िया कुछ दूरी पर बकरे को छोड़ भाग गया। घटना के बाद गांव ही नहीं आसपास के गांव सफीपुर, यादव पुरवा, तहसीनपुर आदि में भी दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है स्थानीय वन रक्षक राम राज को सूचना देने के लिए कई फोन किया गया लेकिन नहीं उठा। क्षेत्रीय वन दारोगा मिश्री लाल ने बताया सूचना अब तक नहीं है लेकिन घटना की जानकारी की जा रही है। पता करके ही कुछ बताया जा सकता है।

भेड़िया की सूचना के बाद जुटे ग्रामीण। अमृत विचार

हैरिंग्टनगंज के रेवती बाबा देवस्थान फिर दिखा हिंसक जानवर

वन विभाग अभी तक नहीं पकड़ सका है जानवर को

हैदरगंज में अभी तक खाली हाथ है वन विभाग की टीम

हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार : करीब चार दिन पहले क्षेत्र में कई लोगों पर हमला करके घायल कर चुके हिंसक जानवर की तलाश में वन विभाग की टीम पांचवें दिन भी खाली हाथ है। थाना हैदरगंज क्षेत्र के पचगंवा, पूरेमनोहर, डड़वा, दामोदरपुर, बेलारामबाग आदि गांवों में हिंसक जानवर में रविवार को कई महिलाओं एवं पुरुषों पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वन विभाग द्वारा चार दिनों से एक ही गांव पचगंवा में कांबिंग की जा रही है। हिंसक जानवर वन विभाग को चकमा देकर अंबेडकरनगर की जनपद की सीमा में घुस गया और वहां मामपुर दहेमा गांव के सुकई का पुरवा विजय बहादुर के एक पड़वा के मुंह में काटकर घायल कर दिया। इसी गांव के निवासी विक्रम यादव की बछिया को काटकर घायल कर दिया।

रेवती बाबा देवस्थान के पास फिर देखा गया हिंसक जानवर ग्रामीणों ने घेरा तो भागा

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के कई गांवों में हिंसक जानवर का खौफ बरकरार है। यह जानवर लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है। बाजार के पूरब स्थित रेवती बाबा देवस्थान के पास बुधवार को रात में एक बच्चे को दौड़ाया। परवरपारा निवासी पप्पू तिवारी ने बताया कि शाम को ही वह देवस्थान के निकट देखा गया था। रात में एक बच्चे की ओर दौड़ा तो ग्रामीणों ने उसे घेरने की कोशिश की, लेकिन टॉर्च की रोशनी और लोगों का जमावड़ा देखकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय की दीवार फांदकर मौके से फरार हो गया। योगेंद्र तिवारी ने बताया कि परवरपारा गांव के पास गन्ने के खेत में एक नीलगाय के बच्चे को भी जंगली जानवर निवाला बना चुका है। वन विभाग की कई टीमें लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं लेकिन अभी तक हिंसक जानवर का पग चिन्ह तक नहीं खोज पाईं हैं।

विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा 23 को

अयोध्या, अमृत विचार: विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में 23 अक्टूबर को साढ़े दस बजे से होगी। बैठक में विकास के साथ कानून व्यवस्था और राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा होगी एवं दिशा निर्देश दिए जाएंगे। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार ने दी।

जिले के विकास कार्यों की समीक्षा 22 को

अयोध्या, अमृत विचार: मुख्यमंत्री कमांड सेंटर से सीएम डेस्क बोर्ड के आधार पर जारी रैंकिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण सम्बंधी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा 22 अक्टूबर को होगी। समीक्षा जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह करेंगे। बैठक 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने दी।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के.
बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

जमथरा में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पुरुषोत्तम नगर में सामुदायिक केंद्र

आधुनिक खेलों के मैदान का गढ़ बनेगा अयोध्या, वीआईपी पवेलियन तक की रहेगी सुविधा

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या में आधुनिक खेलों के खिलाड़ियों को तैयार करने की योजना पर कवायद शुरू हो गई है। यहां के युवा देश-विदेश में अपना परचम लहरा सकें इसके लिए जमथरा के निकट स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाने की तैयारी चल रही है। यही नहीं पुरुषोत्तम नगर वार्ड में एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। दोनों प्रोजेक्ट की कीमत 4.42 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

अयोध्या भले ही धर्म की नगरी है, लेकिन यहां हर रंग व मिजाज के लोग मिल जाएंगे। नेता-अभिनेता से लेकर बड़े-बड़े गायक तक अयोध्या से निकले हैं। खेलों में भी यहां के युवाओं ने देश-प्रदेश स्तर पर अपना परचम लहराया है। समय-समय पर डाभासेमर व मकबरा स्थित स्टेडियम में प्रतियोगिताएं होती रहती हैं, लेकिन खिलाड़ियों के लिए नगर क्षेत्र में एक भी बड़ा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स नहीं है। या कहा जाए कि आधुनिक खेलों के लिए कोई कोचिंग सेंटर नहीं है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना (सीएमवीएनआई) के तहत नगर निगम जमथरा के निकट आठ हजार स्क्वायर मीटर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनवाएगा। जहां युवा खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारा जाएगा। इसी योजना के अंतर्गत एक हजार स्क्वायर मीटर में सामुदायिक केंद्र का भी निर्माण होना है।

▸▸ मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत पुरुषोत्तम नगर वार्ड के भी बहुरेंगे दिन

02 प्रोजेक्ट पर सीएमवीएनआई से होगा निर्माण।

04 करोड़ 42 लाख रुपये दोनों निर्माण कार्य पर आएगी लागत।

08 हजार स्क्वायर मीटर में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स।

प्रतीकात्मक फोटो

अब लोग तीरंदारी खेल का भी उठा सकेंगे लुत्फ

जिले में अभी तक तीरंदाजी के लिए कहीं भी मैदान नहीं है। हाल ही में यहां तीरंदारी की एक नेशनल प्रतियोगिता हुई थी। उसके बाद तीरंदाजी प्रशिक्षण व मैदान की मांग उठी थी। इसे देखते हुए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में तीरंदारी का भी मैदान बनाया जाएगा। इसके अलावा बैडमिंटन, जूडो, कैरम, रेसलिंग, टेबल टेनिस व अन्य खेलों की सुविधाएं भी मिलेंगी। यहां वीआईपी पैवेलियन व पार्किंग के भी इंतजाम किए जाएंगे।

सामुदायिक केंद्र में 300 लोगों की क्षमता का होगा लॉन

नगर क्षेत्र में तमाम मैरिज लॉन हैं, लेकिन उनका किराया अदा करना हर किसी के बस की बात नहीं है। योजना के अंतर्गत पुरुषोत्तम नगर में बनने वाले सामुदायिक केंद्र में भूतल पर 300 लोगों की क्षमता के लिए लॉन बनेगा। इसके अलावा प्रथम तल पर ठहरने के लिए कमरे बनवाए जाएंगे।

> मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के अंतर्गत जगह चिह्नित कर ली गई है। प्रोजेक्ट शासन को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा। –पुनीत ओझा, मुख्य अभियंता, निर्माण विभाग, नगर निगम।

आज का मौसम

24 घंटे में पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं।

33.5⁰	19.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान

आज के कार्यक्रम

- प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का लीग मुकाबला डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 08 बजे से।
- साहबगंज स्थित एक होटल में चिकित्सकों का डेंगू और मलेरिया का प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- बाल विकास परियोजना मसौधा और नगर पंचायत भरतकुंड के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पुष्टाहार का वितरण सुबह 10 बजे से।
- प्रदेशीय विद्यालयीय खो-खो, थांता, मार्शल आर्ट, योगासन प्रतियोगिता का उद्घाटन मकबरा स्टेडियम में सुबह 11 बजे से।

नगर में डेंगू ने मारा शतक

अयोध्या। डेंगू ने नगर क्षेत्र में गुरुवार को शतक मार दिया है। छह मरीज मिलने के बाद नगर में मरीजों की संख्या 100 हो गई है। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर और मया बाजार में भी एक-एक केस मिले हैं।

गोवंशों की सुरक्षा के लिए हाईटेक हो रही बैसिंह गोशाला

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पूराबाजार विकास खंड में बनी बैसिंह गोशाला हाईटेक हो रही है। गोवंशों की रक्षा व उनकी निगरानी करने के लिए काम शुरू हो गया है। इसके लिए यहां 28 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। चार पूर्व सैनिकों को गार्ड के रूप में तैनात किया गया है। चारों असलहाधारी गार्ड रूटीन में 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं। इन सबकी निगरानी नगर निगम मुख्यालय कर रहा है।

अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने गुरुवार को बताया कि नगर निगम की बैसिंह स्थित गोशाला को आदर्श गोशाला के रूप में विकसित किया जाएगा। इसे लेकर नगर आयुक्त संतोष शर्मा के साथ निरंतर निरीक्षण भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां 4500 के करीब गोवंश हैं। 50 कर्मचारी भी नियुक्त है। इनकी देखरेख बहुत जरूरी है। इसलिए कैमरे लगवाने के बाद गार्डों को तैनात किया गया है। मुख्यालय से ही निगरानी हो रही है। अभी हाईमास्ट व कुछ लाइट्स लगी हैं, लेकिन 50 के करीब सोलर लाइटें लगवाई जाएंगी। नगर निगम दीपोत्सव में यहां गोबर से दीयों को बनवा रहा है। भविष्य में हमारी योजना है कि वहां के गोवंशों के गोबर से खाद बनवाई जाए। जिसे मार्केट में सप्लाई करा नगर निगम के राजस्व को बढ़ाया जाए। अभी वहां से निकलने वाले गोबर को नगर निगम खाद के रूप में अपने 52 पार्कों में डलवा रहा है।

▸▸ 28 सीसी कैमरे लगे, गन के साथ तैनात हुए चार गार्ड

दीपोत्सव पर ऑनलाइन करें दान, घर पहुंचेगा प्रसाद

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : अयोध्या विकास प्राधिकरण दीपोत्सव-2024 के लिए एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव का आयोजन होगा। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मलित होने की इच्छा रखते हैं। बहुत से श्रद्धालु हैं महापर्व पर नहीं आ सकते, लेकिन ऑनलाइन माध्यम से दीये का दान कर के दीपों के इस महापर्व में अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के ऐसे भक्ति-भाव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी दीपोत्सव महापर्व के अवसर पर 'एक दीया राम के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा देश-विदेश में बैठे श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से अपने स्वेच्छानुसार राशि दान स्वरुप दे सकेंगे। देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या में होने वाले, इस महान दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके प्रतिफल में उन्हें प्रसाद भी भेजा जायेगा। इस प्रसाद को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा निर्मित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि http://www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad सीधे लिंक पर जा दान कर सकते हैं।

▸▸ अयोध्या विकास प्राधिकरण शुरू करेगा एक दीया राम के नाम का कार्यक्रम

नगर निगम के परिसर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

सफाई कर्मी धरने पर, मांगें न मानी तो होगी हड़ताल

अयोध्या, अमृत विचार : नगर निगम के सफाई कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को मुख्यालय पर धरना दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे कर्मचारियों ने हुंकार भरी कि अगर शुक्रवार तक हमारी मांगें नहीं मानी गई तो काम बंद कर दिया जाएगा। कर्मचारी नेता विनय बाघमार ने बताया कि हमारे कर्मचारियों ने दुर्गा पूजा, रामलीला के दौरान नगर क्षेत्र में सफाई का कार्य किया है। अब दीपावली का पर्व एक नवंबर को पड़ रहा है। इसलिए हमें अग्रिम वेतन दिया जाए। कर्मचारियों की सर्विस बुक अभी तक दुरुस्त नहीं हुई है। रेन कोट भी कंडम मिला है। इनके अलावा अन्य मांगों को लेकर दो दिन पहले ही अधिकारियों के नोटिस में लाया गया था, लेकिन अभी तक हमारी मांगों पर गौर नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि अगर शुक्रवार को साढ़े 10 बजे तक हमारी मांगें नहीं मानी गई तो कर्मचारी सफाई का काम बंद कर देंगे। 2300 कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के बाद सारी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की ही होगी।

अलर्ट : निदेशालय के नाम पर आए कॉल पर साझा न करें ओटीपी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पेंशनधारकों को ठगने के लिए साइबर अपराधियों ने नया फंडा अख्तियार किया है। अब वह बैंक, विभाग के बाद पेंशन निदेशालय के नाम पर फोन कॉल कर ठगी कर रहे हैं। इसको लेकर लखनऊ से पेंशनधारकों के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस कमिश्नरेट साइबर क्राइम सेल लखनऊ की ओर से जारी अलर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराधियों की ओर से पेंशनधारकों को जीवन प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपडेट किए जाने के लिए फोन किया जा रहा है। अपराधियों के पास पेंशन

▸▸ साइबर अपराधियों ने अपनाया पेंशनधारकों को ठगने के लिए नया फंडा

धारकों का पूरा डेटा होता है। वह पेंशनधारकों को उनकी नियुक्ति व सेवानिवृत्ति की दिनांक, पीपीओ नंबर, आधार कार्ड संख्या, स्थायी पता, ई-मेल आईडी, सेवा निवृत्ति पर प्राप्त राशि, मासिक पेंशन और नॉमिनी जैसी जानकारी देकर विश्वास जीतते हैं। बताते हैं कि वह पेंशन निदेशालय से बोल रहे हैं। आपका जीवन प्रमाण पत्र अपडेट किया जा रहा है। फोन पर आया ओटीपी बताएं। पेंशनधारक जब ओटीपी साझा कर देता है तो साइबर अपराधियों को पेंशनधारक के बैंक खाते को सीधे एक्सेस करने का मार्ग मिल जाता है। इसके बाद वह पेंशनधारक का पैसा दूसरे बैंक खाते या फिर वालेट में स्थानांतरित कर देते हैं। स्थानीय कर्मचारी संगठनों से मिली जानकारी के अनुसार जारी अलर्ट बताया गया है कि पेंशन निदेशालय कभी भी किसी पेंशनधारक का जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के लिए फोन नहीं करता है। इसे पेंशनधारक स्वयं व्यक्तिगत जाकर अपडेट कराते हैं। विभिन्न विभागों से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनधारकों को विभागों के साथ बैंक के नाम पर काल करके ओटीपी के जरिए ठगने का प्रयास किया जा चुका है। ओटीपी कभी भी न शेयर करें।

कड़ी सुरक्षा के बीच पीड़िता की गवाही पूरी

अयोध्या, अमृत विचार: पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बहुचर्चित 12 वर्षीया किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीड़िता की गवाही गुरुवार को पूरी हो गई। राजू खान के अधिवक्ता द्वारा जिरह की गई। अब अगले गवाह के रूप में पीड़िता की मां और वादिनी को बुलाया गया है।

इसके लिए कोर्ट ने अगली पेशी 18 अक्टूबर नियत की है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत में गुरुवार को हुई। गवाही के दौरान थाना पूरा कलंदर के थाना अध्यक्ष डटे रहे। राजू खान के अधिवक्ता अवधेश यादव की ओर से जिरह की गई।

महिला अस्पताल ने किया टॉप सीएचसी बीकापुर फर्स्ट क्लास

अयोध्या कार्यालय

एनएचएसआरसी सर्वे

अमृत विचार : नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर के सर्वे में जिले के दो अस्पतालों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। महिला अस्पताल को सर्वे में 95.82 फीसदी का स्कोर प्राप्त कर टॉप किया है, जबकि सीएचसी बीकापुर को 76 फीसदी स्कोर मिला है। अस्पतालों को यह स्कोर वहां मिलने वाली सुविधाओं को देखते हुए दिया गया है।

महिला अस्पताल में एनएचएसआरसी की टीम ने 30 और 31 अगस्त को सर्वे किया था। सीएमएस के मुताबिक सर्वे के दौरान टीम के सदस्यों ने बारीकियों से सुविधाओं को परखने के बाद क्वालिटी सर्टिफाइड किया है। एनएचएम के मिशन डायरेक्टर को मिले पत्र के मुताबिक महिला अस्पताल की फार्मेसी, प्रशासनिक कार्य, दूसरों की मदद में तत्पर रहने वाले स्टाफ, लैब, एसएनसीयू और लेबर रूम में सभी मानकों का पालन किया जा रहा है। सीएमएस डॉ. विभा कुमारी ने इस उपलब्धि को अस्पताल के प्रत्येक कर्मचारी की मेहनत का फल बताया है। सीएचसी बीकापुर की बात करें तो 17 से 19 सितंबर तक चले सर्वे में मानकों के आधार पर 76 फीसदी स्कोर से फर्स्ट क्लास रहा।

सार-संक्षेप

फायरिंग अभ्यास 24 को

अयोध्या, अमृत विचार : मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड्स पर प्रशिक्षणरत 50 होम गार्ड्स जवानों का फायरिंग अभ्यास 24 अक्टूबर को ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट में होगी। इस तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास के निवासियों के साथ किसी जानवर के आने की सूचना जारी की गई है। जिससे कोई अप्रिय घटना न हों। यह जानकारी मंडलीय कमाण्डेन्ट मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड कार्यालय ने दी।

जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर का किया सम्मान

जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर के साथ अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त संतोष शर्मा।

अयोध्या, अमृत विचार : जयपुर की महापौर सौम्या गुर्जर गुरुवार को अयोध्या पहुंचीं। उनका प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। शहर के एक होटल में उन्हें महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने सम्मानित किया। सौम्या ने अयोध्या के विकास की जमकर तारीफ की।

यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार : यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन ने गुरुवार को डिपो के अफसरों से लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक तक को संबोधित मांगों का ज्ञापन सौंपा। कहा कि मांगे न मानी गई तो आंदोलन तेज होगा। ज्ञापन देने से पहले संगठन के नेताओं ने कहा कि 22 सूत्री मांग पत्र प्रबंध निदेशक को पहले ही दिया जा चुका लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ अन्य अफसरों को ज्ञापन देने वालों में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष माशूक अली के साथ गणेश दत्त पांडे, जितेंद्र कुमार, संतोष, आचार्य चंद्र देव, रामपाल, अंसार अहमद आदि शामिल थे।

संगोष्ठी में एसएसपी ने व्यापारियों से किया संवाद

कुमारगंज थाने में व्यापारियों से संवाद करते एसएसपी। अमृत विचार

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : थाना कुमारगंज परिसर में व्यापारी सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन एसएसपी राजकरन नय्यर द्वारा किया गया। व्यापारियों से आगामी त्यौहारों के दौरान सुरक्षा के प्रति सजग व जागरूक रहने का आग्रह किया। अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, फायर एक्सटिंग्विशर आदि को चालू हालात में रखने की सलाह दी। यातायात और पार्किंग के प्रबंधन पर भी चर्चा की। क्षेत्राधिकारी यश त्रिपाठी ने व्यापारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर शीतला प्रसाद वाजपेई, विजय कुमार उपाध्याय, भानू गोस्वामी, आद्या प्रसाद सिंह, शंभू सिंह, कृष्ण केवल मिश्रा, बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

योग्य होते हैं सरकारी विद्यालयों के शिक्षक : अनुपम

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : सरकारी विद्यालयों के शिक्षक योग्य होते हैं। गरीब घर के बच्चों के लिए एकमात्र शिक्षा पाने का सहारा सरकारी विद्यालय ही होते हैं। ये बातें गुरुवार को वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपम कुमार ने कहीं। वह पंडित हृदयराम शर्मा पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद विद्यालय के निरीक्षण के दौरान मौजूद शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छमाही परीक्षा का जायजा लिया। उपस्थित पंजिका व मध्यान भोजन को भी चेक किया। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी, अनिल पांडेय, अरविंद वर्मा, संदीप चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

पूर्व सांसद ने कैंप लगाकर दिलायी सदस्यता

अयोध्या, अमृत विचार: पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज मंडल के बिरौली झाम और मिल्कीपुर मंडल के नरेन्द्रा भादा में गुरुवार को सदस्यता कैम्प लगाया। सैंकड़ो ग्रामीणों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

पूर्व सांसद ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशहाली लाने का प्रयास योजनाओं के माध्यम से किया गया है। हर पात्र को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला है। चाहे वह जिस वर्ग का है। कार्यक्रम में जगदम्बा प्रसाद, अजय कुमार, लल्लू पासी, रामकृष्ण तिवारी, डॉ. रामू, रजनीश पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

जिले की तीनों गन्ना समितियों पर भाजपा का कब्जा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: सहकारी गन्ना विकास समितियों के चुनाव में जिले की सभी तीनों समितियों पर भाजपा ने कब्जा कर लिया। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ ही गन्ना संघ को भेजे जाने वाले प्रतिनिधि भी निर्विरोध चुने गए। फैजाबाद समिति के अध्यक्ष पद पर दीपेंद्र सिंह, मसौधा में संतोष और गनौली समिति पर निर्मल शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। समिति चुनाव में उपसभापति के पद पर फैजाबाद से सियाराम, मसौधा से ऋषिकेश और गनौली से सुरेश कुमार चुने गए। इसके साथ ही अन्य संस्थानों को भेजे जाने के लिए छह-छह प्रतिनिधियों का चुनाव भी किया गया। चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा कार्यालय पर विजयी सभी अध्यक्षों का स्वागत किया गया।

भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

गन्ना समिति फैजाबाद के कार्यालय पर नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव और सहादतगंज पार्टी कार्यालय में विधायक रामचन्दर यादव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र और 51 किलो माला पहना कर स्वागत किया।

विधायक वेद प्रकाश गुप्त ने कहा कि पंडित दीनदयान उपाध्याय के सिद्धान्तों का अनुसरण करते हुए सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान को अवधारणा को सार्थक कर रही है। सबका साथ, सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने की लक्ष्य की ओर बढ़ रही है।विधायक रामचन्दर यादव ने कहा कि पीएम मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में योजनाओं की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसानों का विकास किया गया है। किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से किसानों को आर्थिक सबलता प्राप्त हुई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के कार्यकाल में युवाओं के नए अवसर प्राप्त हुए है। किसान समृद्ध हुए है। महिलाओं का उत्थान हुआ है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि कृषि बजट को कई गुना बढ़ाया गया है। जो दर्शाता है कि सरकार की प्राथमिकताओं में किसानों का विकास है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए संकल्पित है। स्वागत करने वालों में अवधेश पांडे बादल, कमला शंकर पांडे, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, राघवेंद्र पांडे, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, चंद्रभान सिंह, देवता पटेल सहित अन्य थ।

चुने गए प्रतिनिधि

समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के साथ गन्ना संघ के लिए छह-छह प्रतिनिधि भी निर्विरोध चुने गए। सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली से राजेश कुमार, मायाराम, सुधारानी पत्नी रुद्र बहादुर सिंह, राजेंद्र बहादुर सिंह, मनमोहन और राकेश चुने गए।फैजाबाद समिति से भेजे गए प्रतिनिधियों में दिनेश कुमार सिंह, नंद कुमार सिंह, दीपेंद्र सिंह, राम कुमार, शत्रोह्न वर्मा और नीलम सिंह हैं। इसी तरह मसौधा से संतोष कुमार संहि, दद्दन मधुलता सिंह, जैनेंद्र वर्मा, शिव प्रताप सिंह और सूरज शामिल हैं।

मिशन शक्ति छात्राओं के लिए पहले चरण में 200 माध्यमिक और 450 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में की जाएगी व्यवस्था

बेटियों के लिए स्कूलों-कॉलेजों में लगाए जाएंगे पिंक बॉक्स

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : मिशन शक्ति के तहत बेटियों के लिए अब एक नई पहल शुरू होने जा रही है। इसमें शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूल और कॉलेजों को पिंक बॉक्स लगाए जाएंगे। प्रथम चरण में जिले के 461 माध्यमिक विद्यालयों में से 200 और 1792 परिषदीय विद्यालयों में से 450 पर यह पिंक बॉक्स लगाए जाएंगे। ये ऐसे स्थल पर लगाए जाएंगे जहां छात्राओं की पहुंच आसान हो। इनकी जवाबदेही और जिम्मेदारी के लिए एक नोडल अधिकारी भी तैनात किया गया जाएगा।

बॉक्स लगाने से पहले छात्राओं को जागरूक किया जाएगा कि वह बेझिझक अपनी कोई भी शिकायत, घटना आदि का उल्लेख पत्र के माध्यम से कर इन पिंक बॉक्स में डाल सकतीं हैं। उनके द्वारा डाले गए पत्र और जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। इसके अलावा वह रास्त में आते-जाते समय अगर कोई घटना होती है तो उसकी भी जानकारी इस पिंक बाक्स के जरिए दे सकतीं हैं। इन पिंक बॉक्स की जिम्मेदारी निभाने वाले नोडल इसके लिए छात्राओं को नियमित रूप से जागरूक भी करेगे ताकि छात्राएं किसी बात को लेकर डरे-सहमें नहीं।

प्रतीकात्मक फोटो

▸▸ बेझिझक लिखकर डाल सकेंगी अपनी बात

> छात्राओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। सभी प्रधानाचार्यों को इस संबंध में निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द पिंक बॉक्स की व्यवस्था कर छात्राओं को जागरूक करें। –डॉ.पवन कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक।

महिला पुलिस सप्ताह में दो दिन खोलेगी बॉक्स

स्कूल-कॉलेजों में मिशन शक्ति के तहत लगने वाले इन पिंक बॉक्स को सप्ताह में दो दिन इलाकाई थाने की महिला पुलिस कर्मियों द्वारा खोला जाएगा। व्यवस्था की जा रही है कि यह थाना प्रभारी के सामने खोले जाए लेकिन यदि वह उस दिन मौजूद नहीं हैं तो महिला पुलिस कर्मी नोडल की निगरानी में बॉक्स खोलकर पत्र निकालेगी। पत्र की जांच की जाएगी और यदि कोई छात्रा छेड़छाड़, उत्पीड़न आदि से परेशान हैं तो उसकी शिकायत गोपनीय रखते हुए केसदर्ज कर जांच की जाएगी। किसी भी दशा में संबंधित छात्रा को थाने नहीं बुलाया जाएगा। गोपनीय जांच के दौरान व्यक्तिगत संपर्क कर समस्या का समाधान किया जाएगा। मिशन शक्ति के तहत चलने वाले इस अभियान में शिक्षा विभाग और पुलिस का समन्वय रहेगा। शिकायतों से जुड़ी जानकारियां केवल उच्चाधिकारियों द्वारा ही साझा की जाएगी।

सीटों को भरने के लिए प्राविधिक शिक्षा में प्रवेश नियम हुए सरल

अयोध्या, अमृत विचार : प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने तथा उनमें संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की सीटों को भरने के लिए प्रवेश नियमों को सरल किया गया है। पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए अब राजकीय तथा अनुदानित, निजी सहभागिता (पीपीपी) और निजी श्रेणी संस्थानों के राजकीय कोटे की सीटों के लिए एक जैसा नियम लागू किया गया है। जिले के सहादतगंज क्षेत्र में राजकीय पॉलिटेक्निक और महिला पॉलिटेक्निक का संचालन किया जा रहा है,जबकि एक राजकीय पॉलिटेक्निक का मिल्कीपुर क्षेत्र में इसी वर्ष निर्माण शुरू हुआ है। प्रवेश के लिए चल रही ऑनलाइन प्रक्रिया में सातवें चरण की काउंसलिंग पूरी हो गई है। प्रवेश प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की कवायद के तहत संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव के अनुरोध पर प्रवेश नियमों को सरल किया गया है। राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य जयराज ने बताया कि प्रवेश नियमों का सरलीकरण किया गया है।

सार-संक्षेप

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मौजूद पदाधिकारी।

सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

अयोध्या, अमृत विचार : सपा कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि ऋषि वाल्मीकि को हिंदू परंपराओं में सबसे महान कवियों ऋषियों में से एक माना जाता है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, जिला महासचिव बख्तियार खान, जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह, महिला सभा जिला अध्यक्ष सरोज यादव, अधिवक्ता सभा जिला अध्यक्ष शावेज़ जाफरी, जिला सचिव रोली यादव आदि मौजूद रहे।

हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

मंदिर निर्माण के लिए गुरुवार को भूमि पूजन करते ट्रस्ट पदाधिकारी।

गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार : अयोध्या-बसखारी राजमार्ग को चौड़ा करने के लिए बंधा बाईपास तमसा नदी पर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर को दीनदयाल चौक के सामने मां डेंटल केयर के बगल स्थानांतरित किया जा रहा है। भीटी रोड स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय पराग ने गुरुवार नए मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि बाईपास के बगल ही जमीन मिल गई है। अब जल्द ही हनुमान मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। मौके पर मंदिर के पुजारी डॉ. प्रखर सिंह, पंकज सिंह, राम जी सोनी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

पराली जलाने में अब तक 78 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

बाराबंकी, अमृत विचार : खेतों में पराली जलने के मामलों में अब तक 78 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ ही एक लाख 95 हजार का जुर्माना लगाया जा चुका है। उपकृषि निदेशक प्रसार श्रवण कुमार ने बताया कि पूर्व में की गई कार्रवाई के तहत बिना एसएमएस के संचालित आठ कंबाइन मशीन को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त आठ व्यक्तियों अखिलेश ग्राम असोहना, संतराम ग्राम गंगौली, राम नारायण ग्राम धौसार, मिथिलेश कुमारी ग्राम तिलरन, कमलेश कुमार वाजिदपुर, सुरेश ग्राम खैरातपुर, कमल ग्राम असोहना रामसरन वाजिदुपर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

अखिलेश ने योगी सरकार पर उठाए सवाल

मालती देवी को श्रद्धांजलि देते अखिलेश यादव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी मालती देवी के निधन पर गुरुवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। यहां उन्होंने बेनी प्रसाद के पुत्र राकेश वर्मा समेत पूरे परिवार से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। इस दौरान अखिलेश यादव ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर योगी सरकार पर सवाल उठाए। कहा यह भाजपा सरकार की असफलता है। बहराइच हिंसा के आरोपियों के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि योगी सरकार अंग्रेजों के नारे डिवाइड एंड रूल पर काम कर रही है। वह नफरत को बढ़ावा दे रही है। योगी सरकार में एनकाउंटर नहीं हत्याएं हो रही हैं। बिना नाम बताये पता चल जाता है किस समुदाय से जुड़े लोगों का एनकाउंटर हुआ है। सरकार ने बैलेंस करने के लिये मंगेश यादव का एनकाउंटर किया था। सपा की सरकार बनने पर हम सभी की जांच कराएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि बहराइच की घटना दुखद है। समाज में ऐसी घटनाओं की कोई जगह नहीं है। इस घटना को रोका जा सकता था, लेकिन सरकार की मशीनरी पूरी तरह से फेल हुई। उन्होंने कहा कि बहराइच के पीड़ित परिवार को समाजवादी पार्टी न्याय दिलवाएगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को समाज में नफरत फैलाने से फुर्सत नहीं है, अब इनके जाने का समय है।

22 समितियों का गठन, घाटों की 80 प्रतिशत मार्किंग

आठवां दीपोत्सव : 24 अक्टूबर को घाटों पर पहुंचेगी सामग्री, 25 से बिछाए जाएंगे दिये, 29 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम करेगी गणना

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल प्रबंधन में रामनगरी का आठवां दीपोत्सव भव्य होगा। स्वयंसेवकों की मदद से इस बार 25 लाख से अधिक दीपक जलाकर सातवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटा हुआ है।

घाट चिन्हांकन समिति के संयोजक डॉ. रंजन सिंह की देखरेख में गुरूवार को दूसरे दिन राम की पैड़ी के दोनों ओर घाटों पर मार्किंग का कार्य किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के निर्देशन में दीपोत्सव की भव्यता के लिए 22 समितियां गठित की है। जिनमें समन्वय समिति में कुलपति पदेन अध्यक्ष है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र सहित 20 सदस्य हर समिति में शामिल हैं। इसके अलावा अनुशासन समिति, सुरक्षा समिति, सामग्री वितरण समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति, यातायात समिति आदि भी बन गईं हैं।

अयोध्या में राम की पैड़ी पर गुरुवार को घाट की मार्किंग करते कर्मी।

28 लाख दिए जायेंगे बिछाए, 25 लाख होंगे प्रज्ज्वलित

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि सरयू के 55 घाटों पर मार्किंग कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इन्हीं चिन्हित स्थलों पर घाट समन्यक घाट प्रभारी की देखरेख में 25 लाख दीपों को प्रज्ज्वलित कराने के लिए 28 लाख दीए लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर तक वेडर्स से दीया, तेल व अन्य सामग्री प्राप्त हो जायेगी। 24 अक्टूबर से घाटों पर सामग्री पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ होगा। 25 अक्टूबर से घाटों पर 30 हजार स्वयंसेवकों द्वारा दीयों को लगाने का कार्य शुरू होगा। जिसे 28 अक्टूबर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। 29 अक्टूबर को दीयों की गणना गिनीज बुक आफ रिकॉर्ड टीम द्वारा की जायेगी। 30 अक्टूबर को स्वयंसेवकों द्वारा घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डाला जाएगा। इसके बाद सभी 28 लाख दीपक जलाए जाएंगे।

30 हजार स्वयंसेवकों को किया गया प्रशिक्षित

नोडल अधिकारी ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए 30 हजार स्वयंसेवकों को लगाया गया है। जिनमें विश्वविद्यालय परिसर से 7500, महाविद्यालय से 9500, इंटर कॉलेज से 8000 व एनजीओ के 5000 स्वयं सेवक लगाये जा रहे है। इंटर कॉलेज के प्राचार्यो को विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। वह अपने विद्यार्थियों प्रशिक्षित कर रहे है। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन के समन्वय में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

गांव में आयोजित दुरदुरिया पूजन में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

कोटहिन माई मंदिर में किया गया दुरदुरिया पूजन

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : विकासखंड सोहावल की ग्राम पंचायत वभनियावा के कोटहिन माई के मन्दिर में गुरुवार को सामूहिक दुरदुरिया का कार्यक्रम हुआ। गांव की समस्त विवाहित महिलाओं ने मां औसाना की पूजा अर्चना व आरती की। पूजा से पूर्व सभी महिलाओं को गुड़, चना प्रसाद दिया गया। दुरदुरिया पूजन का आयोजन बाबा अलोक नाथ दास के नेतृत्व व प्रधान प्रतिनिधि आशीष तिवारी की देखरेख में हुआ। प्रधान अमित गुप्ता, अभिनव तिवारी व अंकित गुप्ता ने बताया दुरदुरिया का आयोजन ग्रामीणों पर दैवी आपदा से बचाव व गांव में सुख-शांति बनी रहने के लिए किया गया।

छात्रवृत्ति बढ़ाती है बच्चों का मनोबल : महापौर

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : छात्रवृत्ति से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। शिक्षा वो कुंजी है जो समाज में मनुष्य के चरित्र निर्माण में सहायक होने के साथ-साथ सशक्तिकरण का द्वार खोलती है। ये बातें महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने गुरुवार को कहीं। वह प्राण फाउंडेशन द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में कक्षा नौ के 100 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने कहा कि हम शिक्षा के माध्यम से समाज को बदलने का सपना देख रहे हैं। विशिष्ट अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा इस कार्यक्रम से न केवल छात्रों का मनोबल बढ़ता है बल्कि उन्हें अपने भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक विपिन पांडेय ने बताया कि देशभर के 250 से अधिक वैज्ञानिकों द्वारा संचालित एक संगठन है। इस मौके पर अभिनव सिंह,विपिन पांडेय, विजय प्रताप सिंह,संजय अग्रहरि,उमेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मेधावी बच्चों के साथ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी। अमृत विचार

शिक्षा में छात्रवृत्ति का महत्वपूर्ण योगदान : बीएसए

करंट की चपेट में आए युवक की मौत

बनीकोडर, बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र में चौदह वर्षीय किशोर घर में सामान हटाते हुए करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की सूचना पर पूरे गांव में कोहराम मच गया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के बेल्हा वार्ड निवासी इंदल प्रजापति का पुत्र सुभाष घर में सामान हटा रहा था कि उसका हाथ स्टेबिलाइजर से छू गया, जिससे उसे करंट का झटका लगा और जमीन पर गिर कर छटपटाने लगा। परिजनों ने तत्काल उसे नजदीकी सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया किंतु वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मिल्कीपुर उप चुनाव

तय प्रक्रिया का पालन करने के बाद ही निर्वाचन याचिका पर विचार सम्भव

याचिका वापसी की नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन बाद ही सुनवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का उप चुनाव फंसता नजर आ रहा है। गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने की उनकी अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि याची द्वारा तय प्रक्रिया का पालन करने के उपरांत ही याचिका वापसी पर विचार किया जा सकता है।

कोर्ट ने इस संबंध में याची को आदेश दिया है कि वह एक सप्ताह के भीतर याचिका वापस लिए जाने संबंधी नोटिस के ऑफिशियल गजट में प्रकाशन के लिए कार्यवाही करे। कोर्ट ने उक्त प्रकाशन के 15 दिन के उपरांत मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने गोरखनाथ की याचिका पर पारित किया।

यह है मामला

वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे। हालांकि नामांकन के दौरान अवधेश प्रसाद द्वारा दाखिल नोटरी को डिफेक्टिव बताते हुए, उनके चुनाव को गोरखनाथ ने चुनौती दी थी। वहीं 26 अप्रैल 2022 को उक्त याचिका पर सुनवाई के उपरान्त न्यायालय ने याची के अंतरिम राहत सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि याचिका में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है कि चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप किया जाय। इसी चुनाव को लेकर एक अन्य निर्वाचन याचिका भी शिव मूर्ति की ओर से दाखिल की गई है। उक्त याचिका के वापसी की अर्जी पर भी न्यायालय ने प्रकाशन का आदेश पारित किया है।

पहली पत्नी के रहते रचाया दूसरा विवाह, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार: पहली पत्नी को तलाक दिए बिना पति ने दूसरी युवती से शादी कर ली और जान से मारने की धमकी दी। पति पर दहेज उत्पीड़न का केस पहले से दर्ज था अब एक और केस में उसका नाम शामिल हो गया है।

जेब्रा पार्क के पीछे दिव्यांशु वर्मा की पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि पति व उसके घर वालों ने दहेज की मांग करते हुए घर से भगा दिया था। मामले में थाना कोतवाली नगर केस दर्ज है। आरोप है कि ससुर विनोद, सास कौशल्या व पति ने साजिश करके उसकी इच्छा के विरुद्ध बिना तलाक लिए अनीता नाम की लड़की से विवाह कर लिया। दिव्यांशु अनीता के साथ महुवारी पुरवा में रह रहा है। 15 अक्टूबर को जब वह महुवारी पुरवा गई तो दिव्यांशु अनीता एक साथ मिले। विरोध किया तो दिव्यांशु व अनीता ने गाली देते हुए बताया कि उन्होंने शादी कर ली है। हम लोगों के बीच रोड़ा बनी तो जान से मरवा देंगे।

बैठक सूचना

समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे. व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 को समय 11 बजे दिन में पंचायत भवन महमूदपुर विकास खंड धनपतगंज पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत महमूदपुर, रसूलपुर व नकहा के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयोजक
पूजा निषाद
निवासी महमूदपुर, विकास खंड धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर

बैठक सूचना

समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे. व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.10.2024 को समय 12 बजे दिन में पंचायत भवन सहदपुर, विकास खंड अखंडनगर पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए प्रथम बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत के मछुआ समुदाय के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयोजक
सुशील कुमार पुत्र फिरतू राम
निवासी सहदपुर, विकास खंड अखंडनगर, जनपद सुल्तानपुर

मीरापुर से सुंबुल राणा को उतार कांग्रेस को दिया झटका

हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद हावी सपा ने मनमाना उम्मीदवार दिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सपा के टिकट पर मीरापुर सीट में उतारी गईं सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सुंबुल को टिकट मिलने से जहां कांग्रेस के इस सीट पर लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई वहीं, उनके सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद के लिए भी इसे झटका माना जा रहा है। बतौर पर्यवेक्षक इमरान ने इस सीट को कांग्रेस के लिए मजबूत बताया था।

दरअसल, कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए पश्चिमी उप्र. की सीट मीरापुर का होमवर्क करते हुए दावा ठोका था। कांग्रेस ने इस दावे के साथ सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई थी, क्योंकि सपा इस सीट को कांग्रेस के खाते में नहीं देना चाहती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि इस सीट पर माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और हम इस सीट पर रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इमरान मसूद ने पर्यवेक्षक के तौर पर उन्होंने ग्राउंड रिपोर्ट कर वो डाटा भी जुटा लिया था।

हालांकि, बाद में हरियाणा में कांग्रेस की पराजय के बाद सपा हावी हो गई। गुरुवार को सपा ने अपने टिकट पर सुंबुल राणा के मैदान में उतार कर कांग्रेस के दावे को अब खारिज भी कर दिया। सुंबुल का नाम घोषित करते हुए सपा ने एक बार फिर पीडीए का नारा एक्स पर लिखा है। भले ही सभी प्रत्याशी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं लेकिन सात में से छह प्रत्याशियों के नामों से साफ है कि अखिलेश यादव को ज्यादा भरोसा परिवार पर ही है।

25 दावेदारों में मुस्लिम महिला को दी प्राथमिकता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े बड़े नेताओं से लगभग तीन घंटे मंत्रणा की जिसके बाद सुंबुल राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे। इनमें पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मोहम्मद का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा था। अखिलेश ने एक-एक कर 25 दावेदारों के नाम पर चर्चा की। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, तय पूर्व में ही हो गया था कि मुस्लिम प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाएगा।

फिलहाल नौ सीट के लिए होंगे चुनाव

उप्र. में रिक्त दस में से नौ सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। 18 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होगा। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना कराई जाएगी। अयोध्या की मिल्कीपुर का मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण अभी वहां चुनाव नहीं हो रहा है।

ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बहन की मौत, भाई जख्मी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोटवा सड़क में साइकिल से जा रहे बहन भाई को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बहन की मौत हो गई, वही भाई का इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा कोतवाली क्षेत्र में कोटवा सड़क सर्विस लेन पर पुलिस बूथ के पास यह दर्दनाक हादसा हुआ। गुरुवार दोपहर को कोटवासड़क निवासी मनभावन के पुत्र अंश 12 और पुत्री आराध्या सैनी आठ एक साथ साइकिल से किसी काम के लिए पुलिस बूथ के पास मार्केट तक गए थे। दोनो भाई बहन अपने घर वापस जाने लगे तभी पुलिस बूथ के पास सर्विस लाइन पर सामने से आ रहे स्वराज ट्रैक्टर के चालक ने साइकिल मे जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में जमीन पर गिरकर दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। तत्काल सूचना पर पहुची एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै SAMSHYUDDHIN S/O SARAFAT ALI निवासी ग्राम- ओझवा, ग्राम पंचायत व पोस्ट-मोहरबा, थाना- मटेरा, जनपद- बहराइच ने अपना नाम SAMSHY UDDHIN से बदल कर SHAMSUDDIN ALI कर लिया है। आजसे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **रंजीता पत्नी कमलेश गौतम, निवासिनी- 13, मान खेड़ा, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0**, मेरी भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 -319604780 में मेरा नाम रिनित गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रंजीता है जो आधार कार्ड में भी दर्ज है। अतः मुझे रंजीता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैं **अगस्तेय कुमार पाठक पुत्र स्व0 दशरथ पाठक, निवासी- सैनिक इक्लेव, बिजनौर, लखनऊ उ0प्र0 मो0नं0-6005503907**, मेरी पुत्री कुमारी राधा पाठक का 12वीं पासिंग का के0वी0सी0आर0 बिजनौर लखनऊ द्वारा जारी (Transfer Certificate) टी0सी0 () वास्तव में खो गयी है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **पार्वती देवी पत्नी विश्वनाथ गुप्ता, निवासी-मकान नं0-15/37, मुंशी पुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0-226016**, मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 -AOFDP4735A में पार्वती देवी (Parvati Devi) एवं उनके पिता का नाम विश्वनाथ (Vishwanath) त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम पार्वती देवी तथा पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल है।, अतः मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल (Bhagwan Deen Jaiswal) अंकित किया जाय। जो कि सत्य एवं सही है।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा पुत्र अशोक कुमार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन अच्छा नही है। दोनो के कार्य व्यवहार को देखते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए कार्यो का उत्तदायित्व मेरा नहीं होगा। **-रामबाबू पुत्र रामदीन निवासी- ग्राम 260 बाघपुर, तहसील मैथा,थाना शिवली,कानपुर देहात**

सूचना

मेरे राशन कार्ड संख्या 215840612286 में मेरा नाम त्रुटिवश गुड़िया दर्ज हो गया है , जो गलत है । जबकि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों के मेरा नाम शाबिरा है , जो सही है । अतः मेरे राशन कार्ड के मेरा सही नाम शाबिरा दर्ज किया जाए। **शाबिरा पत्नी आशिक अली निवासिनी - ग्राम असलाहपुर मजरे - खालिकपुर कला ब्लाक व तहसील - ऊंचाहार जिला - रायबरेली**

सूचना

मेरे आधार कार्ड नंबर 339588871851 में मेरा नाम त्रुटिवश यधुवीर सिंह पुत्र सुनील कुमार जन्मतिथि 15-07-2001 गलत अंकित हो गया था जबकि मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम व जन्मतिथि 11-04-1998 अंकित है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम शैलेंद्र यादव व पिता का नाम विधाराम, जन्म तिथि 11-04-1998 अंकित करना चाहता हूं जो कि सही व सच है। **शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम, निवासी- ग्राम शंकरपुर, पोस्ट लोकपुर, थाना विशुनगढ़, तहसील छिबरामऊ ,(कन्नौज)**

10 दिनों तक दिखेगी कला, संस्कृति की अनूठी झलक

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: जो रब है वही राम का संदेश देकर दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले दस दिवसीय विश्व विख्यात देवा मेला का शुभारंभ आज परंपरागत तरीके से किया जाएगा। इसी के साथ 10 दिनों तक कला व संस्कृति के वैभव की अनूठी छठा यहां बिखरेगी।

पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलने वाले दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। इसको लेकर शेख हसन गेट को दुल्हन की तरह

कौमी एकता के महाकुंभ देवा महोत्सव का आगाज आज

सजाया गया है। इस मेले को भव्यता देने की प्रशानिक कवायद पूरी हो चुकी है। मेले का ऑडिटोरियम भी कलाकारों की मेजबानी करने को तैयार हो चुका है। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले का पशु बाजार भी पशुओं की आमद से गुलजार है। 10 दिनों तक चलने वाले इस मेले का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम और मनोरंजन गली में लगने वाले झूले और सर्कस होते हैं। मेला परिसर में अधिकांश दुकानें सज गई हैं। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी और दंगल समेत अन्य प्रतियोगिताएं भी होनी हैं। मेला सचिव/ एवं अपर जिलाधिकारी डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया देवा महोत्सव के आगाज को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार शाम पांच बजे शेख हसन द्वार पर फीता काटकर जिलाधिकारी की धर्म पत्नी इसकी शुरुआत करेंगी। उधर, शाम को एडीएम ने मेला परिसर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

देवा मेला में आज

मेला का उद्घाटन शाम 5 बजे

प्रस्तुति : बहार सुगम संगीत प्रभाग, **प्रस्तुति :** आकांक्षा स्टेपिंग स्टोन, **प्रस्तुति :** अरुणोदय पब्लिक स्कूल, **प्रस्तुति :** संस्कार एकेडमी, रात्रि 8 बजे से बिरहा

नोट : बिरहा को छोड़ उक्त कार्यक्रम सांस्कृतिक मंच पर शाम पांच बजे से रात्रि सात बजे तक होंगे।

एक नजर

पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। टांडा कोतवाली पुलिस ने 28 वर्ष पूर्व चोरी के दर्ज मुकदमें में न्यायलय में अभियुक्त द्वारा हाजिर न होने पर न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर 60 वर्षीय वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टाण्डा इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि वारंटी अभियुक्त मिठाई लाल उर्फ मिट्ठू पुत्र चैतू निवासी मोहल्ला हयातगंज को कोतवाली के एसएसआई वेद प्रकाश यादव ने गिरफ्तार कर चालान किया है।

उपजिलाधिकारी की लेखपाल से हुई कहासुनी

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। उपजिलाधिकारी टांडा से तहसील के एक लेखपाल से बीती रात कहा सुनी हो गई। उपजिलाधिकारी ने उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। लेखपाल के माफी मांगने पर कुछ देर बाद उसे पुलिस हिरासत से छुड़वा दिया गया।

किसानों और मजदूरों की दूर हों समस्याएं

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भारतीय किसान मजदूर संगठन की बैठक अकबरपुर में हुई। जिसमें संगठन की मजबूती के साथ ही किसानों और मजदूरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। संगठन से जुड़े रणजीत ने कहा कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। जिससे मनरेगा मजदूरों को सुचारु रूप से काम नहीं मिल रहा। जो काम मिलता भी है उसका भुगतान समय पर नहीं होता है। इससे मनरेगा मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो रहा है।

पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ होगा कटेहरी उपचुनाव :डीएम

2 लाख 10 हजार 568 पुरुष, 1 लाख 90 हजार 306 महिला व एक मतदाता थर्ड जेंडर हैं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना 18 अक्टूबर, नामांकन के लिए अंतिम तिथि 25 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर, नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, मतदान 13 नवंबर, मतगणना 23 नवंबर को होगी और 25 नवंबर के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार संपूर्ण जनपद में अधिसूचना प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग ने दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 की मतदाता सूची के अनुसार 277-कटेहरी विधानसभा में कुल 4 लाख 875 मतदाता है। जिसमें 2 लाख 10 हजार 568 पुरुष, 1 लाख 90 हजार 306 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जेंडर रेशियो 904, ईपी रेशियों 65.06 प्रतिशत है। जिसमें सात हजार 667 मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के हैं। कटेहरी विधानसभा में कुल 280 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 425 मतदेय स्थल है। सभी मतदेय स्थलों की डिजिटल मैपिंग की जा चुकी है सभी मतदेय स्थलों पर एएमएफ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। विधानसभा कटेहरी में चिन्हित दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3 हजार 381 है, जिसमें 2 हजार 125 पुरुष, 1 हजार 256 महिला मतदाता हैं। 85 साल से ऊपर मतदाताओं की संख्या 2 हजार 560 है, जिन्हें घर पर मतदान की सुविधा दी जाएगी। चुनाव को सकुशल निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी और जोनल मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई जा चुकी है। राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से मतदान पार्टियां रवाना की जाएंगी। वहीं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां पर मतदान पार्टियों की वापसी होगी और मतगणना स्थल भी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर को बनाया गया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा, सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. महेश चंद्र द्विवेदी सहित इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया के कर्मी उपस्थित रहे।

कटेहरी उपचुनाव को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

निगरानी के लिए टीमों का किया गया गठन

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 03 वीडियो निगरानी टीमें, 09 फ्लाइंग स्क्वायड, 09 स्टैटिक सर्विस टीमें, 02 वीडियो अवलोकन टीमें, एक मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति, 03 लेखा टीमें, एक नोडल व्यय अनुवीक्षण समिति तथा एक लिकर मॉनिटरिंग टीम गठित कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन के लिए आदर्श आचार संहिता टीम की भी तैनाती की जा चुकी है और आदर्श आचार संहिता से संबंधित समस्त कार्रवाई की जा रही है। 32 अंतर्जनपदीय वैरियर और 40 वैरियर जनपद के अंदर बनाए जाएंगे।

शिकायतों का त्वरित करें निस्तारण

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संपूर्ण मतदान प्रक्रियाओं को पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्ट्रेट में टेलीफोन व वायरलेस की सुविधा से युक्त निर्वाचन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा। कॉल सेंटर द्वारा मतदाताओं से वार्तालाप की व्यवस्था की जाएगी।

गन्ना समिति अकबरपुर की अध्यक्ष बनीं किरण

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। गन्ना समिति के चुनाव संयोजक जिला महामंत्री अमरेंद्रकांत सिंह के संयोजन में गन्ना समिति अकबरपुर के अध्यक्ष पद पर किरण सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुई। सुबह से ही सभी डेलिकेट को मोर्चाबंदी करके चुनाव संयोजक और जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की व्यूह रचना में भाजपा ने पहली बार अपनी समर्थित प्रत्याशी को निर्विरोध निर्वाचित कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों के लिए पूरा कार्यकाल समर्पित होगा। सभी की समस्याओं का पूर्ण समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष और अयोध्या प्रभारी डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। कटका थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुल्तानपुर जनपद के थाना करौदी कला के हिन्दुबाद गांव निवासी शिवकुमार पुत्र अजय कुमार मिश्रा 27 वर्ष अपनी बाइक से नेवरी की तरफ जा रहे थे तभी रफीगंज बाजार के पास अज्ञात चार पहिया वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। जिसे घायल अवस्था में सेमरा अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ जनपद के थाना वजीरगंज निवासी के रिकाबगंज निवासी अजय पांड्या पुत्र अजीत कुमार श्रीवास्तव अपनी कार से जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई जहां हालात को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कटका थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

धूमधाम से मनाई गई वाल्मीकि जयंती

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। शासन के निर्देश और नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता व अधिशासी अधिकारी संजय कुमार की देखरेख में बाल्मीकि जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगढ़ी वार्ड में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सुंदरकांड की समाप्ति के बाद लोगों को प्रसाद वितरण भी किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य की रचना करते हुए हमें प्रभु श्रीरामचंद्र के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी है। इस दौरान वार्ड सदस्य सूरज लाल उपाध्याय, राकेश कुमार प्रजापति, आलोक कुमार, अभिमन्यु, अनिल शर्मा, विष्णु लाल, हीरालाल शर्मा, उत्तम शर्मा, आसाराम, विपिन कुमार सहित कई अन्य लोगों के साथ कई संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे।

वाल्मीकि जयंती पर हनुमानगढ़ी वार्ड में सुंदरकांड का पाठ करते लोग।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर रहे नगर पालिका कर्मी

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। शासन के सख्त निर्देश के बाद भी जनसुनवाई पोर्टल पर विभाग के कर्मचारियों द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाने का शिलाशिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामला जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र का है।

बता दें कि जलालपुर देहात निवासी रविंद्र कुमार ने जलालपुर नगर पालिका में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपत पुत्र तुलसी के घर से जोगिंदर पुत्र लहुरी के घर तक लगभग 11 फीट का रास्ता आमजन के लिए छोड़ा गया था। जिस पर जोगिंदर के साथ-साथ अन्य लोगों द्वारा टीन शेड रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसमें चार फिट का ही रास्ता रह गया है। जिससे आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायत के बाद नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की निर्देश दिए लेकिन नोटिस के बाद भी अतिक्रमण मुक्त न होने पर शिकायतकर्ता ने उप जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण को हटाने की मांग की। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर पहुंचे जलालपुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह ने नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की सख्त निर्देश दिया। लेकिन मामले का निस्तारण न होने पर शिकायतकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही, लेकिन शासन के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को धता बताते हुए जलालपुर नगर पालिका द्वारा मामले को निस्तारण करते हुए लिखा कि मामले में दोनों पक्षों ने सात फीट के रास्ते के लिए समझौता कर लिया है। फाइनल रिपोर्ट लगने पर शिकायतकर्ता ने उप जिलाधिकारी जलालपुर को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उक्त मामले में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हुआ है।

शिकायतकर्ता ने की कार्रवाई की मांग

नगर पालिका द्वारा मामले में फर्जी निस्तारण कर मामले को टरका दिया गया है और निस्तारण के समय जिन गवाहों की रिपोर्ट लगाई गई है वह भी विभाग के कर्मचारियों द्वारा फर्जी गवाही दर्ज कर निस्तारित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण करने और फर्जी गवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

एसपी के आदेश पर युवती को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। हरियाणा के फरीदाबाद में पिता के साथ रह कर पढ़ रही किशोरी का जलालपुर के एक युवक ने अपहरण कर लिया। किशोरी के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी बहन व साजिश में शामिल अन्य परिजनों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के आदेश पर अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीडित्र मां ने कहा है कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री हरियाणा के फरीदाबाद में अपने पिता के साथ रह कर पढ़ाई करती है। पड़ोस में ही जलालपुर के बसिया गांव का रहने वाला सौरभ उसके घर आता जाता था। इस बीच सौरभ बीते 18 सितंबर को उस की नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर कहीं लेकर भाग गया। पुत्री को भगाने में सौरभ का भाई शुभम, बहन शशि व उसके माता पिता भी शामिल हैं। मां ने बताया कि बेटी की काफी तलाश की मगर कहीं पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

मानव सेवा और बलिदान इमाम का सबसे बड़ा संदेश

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जलालपुर तहसील क्षेत्र के कटघर मूसा में गुरुवार को दिवंगत सैयद मजाहिर हुसैन के इसाले सवाब की मजलिस आयोजित हुई। मजलिस की शुरुआत तिलावते कलाम पाक से हुई। मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना सैयद नजर मोहम्मद जैनबी ने अपने भाषण की अनूठी शैली में कुरआन की आयतों और मासूमों के जीवन और परंपराओं के संदर्भ में स्वतंत्रता का सही अर्थ प्रस्तुत किया। उन्होंने कुरआन की आयत के संदर्भ में पवित्र पैगंबर के कर्तव्यों की व्याख्या की और कहा कि इन सभी के बदले में, मालिके करीम ने आम विश्वासियों से कुछ मांगें की हैं, जिसमें पवित्र पैगंबर का समर्थन शामिल है। मौलाना जैनबी ने कहा कि इमाम हुसैन को सिर्फ हम ही नहीं याद करते, बल्कि सभी धर्म और जाति के लीग उनको पढ़ते हैं और मजलिसों में शामिल होते हैं। कर्बला ने सच के लिए लडने का संदेश दिया। मौलाना ने कहा कि अगर हम कर्बला के 72 शहीदों के एक-एक पैगाम को जीवन में शामिल कर लें, तो हम कामयाब हो जाएंगे। मानव सेवा और बलिदान इमाम का सबसे बड़ा संदेश है। मजलिस में आने वाले लोगों की जिम्मेदारी है कि इमाम हुसैन के संदेश को आम लोगों तक पहुंचाएं। अंत में मौलाना ने कर्बला के कडियल जवान अली अकबर की शहादत का जिक्र किया जिसे सुनकर मोमनीन भावुक हो गए।

लीगल एडवाइजर बनाए गए अमित रंजन

बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अमित रंजन जायसवाल को ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड का लीगल एडवाइजर बनाए जाने पर कई लोगों ने बधाई देते हुए खुशी प्रकट किया है। अमित रंजन लखनऊ हाई कोर्ट में अधिवक्ता के रूप प्रैक्टिस कर रहे हैं। जिन्हें ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल ने ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड का लीगल एडवाइजर के रूप में नामित किया है। लीगल एडवाइजर नामित होने पर अमित रंजन जायसवाल को एंटी करप्शन से जुड़े लोगों के साथ वैश्य समाज समाज के जिला अध्यक्ष नंदलाल जयसवाल, अकबरपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी में अमित जायसवाल, चेयरमैन ओमकार गुप्ता, व्यापार मंडल के जिला महामंत्री नवनीत मद्धेशिया ने बधाई दी। बता दे की ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन जायसवाल, राष्ट्रीय महासचिव विजय शिगवान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रकांत मोदी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. शिवकुमार यादव, राष्ट्रीय महिला विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी जयसवाल आदि लोगों ने बढ़ते हुए भ्रष्टाचार और अपराध को रोकने और युवाओं को जागरूक करने के लिए ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड के माध्यम से पूरे भारत में युवा अधिवक्ताओं को नियुक्त करने का फैसला लिया। उसी क्रम में और अमित जायसवाल को ऑल इंडिया एंटी करप्शन बोर्ड का लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया है।

6 गांवों के लोगों ने उपचुनाव का किया सामूहिक बहिष्कार

अंडरपास की समस्या से निजात के लिए प्रदर्शन करते ग्रामीण।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद के कटेहरी विधानसभा में उप चुनाव की तिथि घोषित होते ही आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का बैनर गांव के बाहर लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से हम लोगों को अंडरपास में पानी भरे होने के कारण आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले पांच वर्षों से एक कच्चे रास्ते से किसी तरह आवागमन हो रहा है। बरसात में कच्चे रास्ते से चलना दूभर हो जाता है। लोग गिरकर चोटिल होते है। यह कच्चा रास्ता कुछ लोगों की खतौनी की भूमि से होकर चल रहा है। जिन लोगों की जमीन है उनसे अक्सर राहगीरों से विवाद भी होता रहता है। वह लोग आए दिन आने-जाने से लोगों को रोकते हैं। अंडरपास में पानी भरा होने के कारण पिछले वर्ष दो बालकों की डूबकर मौत भी हो गयी थी। ग्राम सभा अटवाई सहित आधा दर्जन गांवों के लोगों का आवागमन बाधित है। ग्राम प्रधान अटवाई जय प्रकाश पटेल ने कहा कि अभी आधा दर्जन गांवों सके लोग इस मुहिम में शामिल हुए हैं, आगे और गांव के लोग इसमे शामिल होंगे। गांव के बाहर लगे बैनर में लिखा है कि उप चुनाव का सामूहिक बहिष्कार, जब तक अंडर पास की समस्या का समाधान नहीं तब तक मतदान नहीं।

125 दिव्यांग बच्चों को घर पर पढ़ाएंगे विशेष शिक्षक

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में ब्लूपरिषदीय विद्यालयों में पढने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए एक नई पहल की गई है। जिसके तहत विशेष शिक्षक अब उन्हें उनके घर पर जाकर शिक्षित करेंगे। यह पहल समेकित शिक्षा अभियान के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को बेहतर और सुगम शिक्षा उपलबध कराना है। समेकित शिक्षा के तहत जनपद के 1 हजार 583 परिषदीय विद्यालयों में पंजीकृत 125 दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। यह शिक्षक विशेष टीएलएम टीचिंग लर्निंग मैटीरियल के तहत बच्चों को उनकी आवश्यकता और रुचि के अनुसार सरल, सुगम और अच्छे पाठ्यक्रम पर आधारित पढ़ाई उनके घर पर कराएंगे। इसके लिए जनपद को चार लाख 37 हजार 500 रुपए का बजट शासन ने जारी किया है। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए नए प्रयास किए जा रहे हैं। अब समेकित शिक्षा के तहत बच्चों को विशेष सामग्री के जरिए पढ़ाया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि छह समेकित शिक्षा के तहत होम बेस्ड दिव्यांग बच्चों के टीचिंग लर्निंग मैटीरियल के लिए बजट मिला है। शिक्षण सहायक सामग्री को मदद से 125 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छात्रों ने किया प्रतिभाग

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। डॉ. एके पब्लिक स्कूल अकबरपुर में राज्य विज्ञान संस्थान प्रयागराज के दिशा-निर्देश में 52वीं जनपद स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का गुरुवार को आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला आयकर अधिकारी चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा, प्राचार्य डॉ. तेज प्रकाश वर्मा, जिला समन्वयक निरंजन लाल, प्रधानाचार्या जगदम्बा प्रसाद, रामफूल यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। आयकर अधिकारी ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि असफलता ही सफलता का मार्ग है। समन्वयक निरंजन लाल ने बताया कि प्रदर्शनी में जूनियर संवर्ग हाईस्कूल स्तर सीनियर संवर्ग इण्टरमीडिएट और अध्यापक संवर्ग में कुल 13 विद्यालयों से पूर्व निर्धारित मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सात उप विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, यूथ आइकन प्रवीण गुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रदर्शनी का मूल्याकंन प्रधानाचार्या सुमित्रा देवी, डॉ. तारा वर्मा, विभा सिंह, सुशील कुमार दूबे, सत्यवती, श्याम मोहन वर्मा, अखिलेश कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में उप प्रधानाचार्य प्रशांत शर्मा विज्ञान भूषण, लवकुश वर्मा, सत्य प्रकाश आर्य, मनोज विश्वकर्मा आदि शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग किया।

धूमधाम से जश्न-ए-गौसुल वरा आयोजित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। हजरत सैयदना शेख अब्दुल कादिर जीलानी की याद में 11वीं शरीफ पर जिला मुख्यालय अकबरपुर और आसपास के क्षेत्रों में मीलाद और महफिलों के आयोजन किए गए। इसके अतिरिक्त घरों, मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में सजावट के साथ कुरानखानी, फतिहाखानी और दुआखानी की गई।

मोहल्ला मीरानपुर में अंजुमन गुलाम-ए-मुस्तफा द्वारा बड़े पीर अब्दुल कादिर जीलानी की याद हाफिज मोहम्मद मुकर्रिबीन के संचालन में जश्ने गौसुल वरा शीर्षक से महफिल सजी। जिसमें रात्रि के तीसरे पहर तक नात-ए-पाक और तकरीर का सिलसिला जारी रहा। बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। मौलाना वासिल अख्तर ने तकरीर करते हुए सरकारे गौसे आजम के संबंध में कहा यह सरदार-ए-औलिया हैं। पीरान-ए-पीर दस्तगीर हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी गौस-ए-पाक सारे वलियों के सरदार हैं। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक प्रत्येक वर्ष 11 रबीउस्सानी को 11वीं शरीफ मनाई जाती है। नात-ए-पाक का आगाज करते हुए मोहम्मद कासिद ने कहा कि चमन-ए-जहरा की कली हो यानी औलादे अली हो, हसनैन के तुम किरदार हो अब्दुल कादिर जीलानी। सैयद अहमद, मोहम्मद अजमल, शहनवाज, हेलाल, साजिद, मुकीम आदि ने भी नात शरीफ ०पढ़ी। अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद मुनीम, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद इरफाद, मोहम्मद नईम, रईस खान आदि ने व्यवस्था संभाला।

मीरानपुर में मोहम्मद कमाल अहमद नाते पाक प्रस्तुत करते। अमृत विचार

टांडा कोतवाल को किया गया सम्मानित

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने पर केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति टांडा ने कोतवाली प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति के अध्यक्ष विशाल मांझी व महामंत्री दिनेश मौर्य ने ने पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पत्र में कहा गया कि आपके द्वारा श्री दुर्गा पूजा उत्सव और मां की प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा व विसर्जन स्थल राजघाट की उत्तम व्यवस्था तथा मेले में सुरक्षा व प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से सम्पन्न कराने के लिए केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति हृदय से आभार व्यक्त करता है और आपकर उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर महासमिति के सन्तोष अग्रवाल, राकेश सोनकर सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

अनदेखी सामुदायिक शौचालयों में टूटे पड़े हैं दरवाजे, साफ-सफाई की नहीं है उचित व्यवस्था, अव्यवस्थाओं के चलते बंद पड़े हैं शौचालय

सामुदायिक शौचालयों में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। नगर स्थित सामुदायिक शौचालय की हालत बद से बद्तर है, जहां लोगों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर वासियों ने इन शौचायलयों को दुरुस्त कराए जाने की मांग किया है।

बता दें कि जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय बनवाया गया है। लेकिन इन शौचालय में काफी खामियां देखने को मिल रही है। इन शौचालयों में गंदगी का अंबार है जहां लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। नगर के कोतवाली के सामने बने सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार है, जहां उचित साफ-सफाई न होने से हमेशा बदबू बना रहता है। यहां लगे शौचालय में दरवाजे भी टूटे हुए हैं और पानी की निकास न होने के चलते फर्श पर पानी का जमाव बना रहता है। जबकि यहा स्नानागार भी बना है, लेकिन आज तक चालू नहीं हो सका। वहीं छाछू मोहल्ले में दशक भर पहले बना सामुदायिक शौचालय जर्जर हालत में है, लेकिन इसके बावजूद भी मजबूरन लोग शौच जाने को मजबूर हैं। यहां भी साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है, यहां भी दरवाजे टूट चुके हैं, कई शौचालय यहां बंद पड़े हुए हैं। यही हालत नगर के अन्य शौचालयों का भी है।

इस संबंध में जललापुर नगर पालिका के ईओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि इन शौचालयों की जांच करा कर जल्द ही मरम्मत्कार शुरू करा दिया जाएगा।

जलालपुर नगर में स्थित सामुदायिक शौचालयों में नहीं हैं दरवाजे। अमृत विचार

नगर पालिका मरम्मत पर नहीं दे रहा है ध्यान

शत्रुघ्न सोनी।

अमित मद्धेशिया

नगर निवासी और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी ने बताया कि शौचालय में साफ-सफाई न होने के चलते लोगों को काफी दिक्कतें होती है, लेकिन नगर पालिका द्वारा इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निवासी अमित मद्धेशिया ने बताया कि नगर पालिका में लोगों की सुविधा के लिए कई सामुदायिक शौचालय बने हैं, लेकिन इन शौचालयों में गंदगी के साथ-साथ दरवाजे भी जर्जर हालत में है और दीवार और छत भी जर्जर हो चुकी हैं, लेकिन नगर पालिका इसके मरम्मत पर ध्यान नहीं दे रहा है।

एक नजर

नाले में गिरे युवक की डूबने से मौत

मनकापुर : कस्बे से पैदल घर जाते समय सड़क किनारे नाले में गिर कर डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बैरीपुर रामनाथ निवासी कामेश्वर चंद्र तिवारी ने बीते बुधवार को पुलिस को सूचित कर कहा की कि उसका बेटा अनूप कुमार तिवारी(44) बुधवार रात नौ बजे मनकापुर टैक्सी स्टैंड से पैदल घर आ रहा था। जिसका गांव के पास सड़क किनारे बने नाले में पैर फिसल गया। नाले में पानी भरा होने से पानी में डूबकर मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को नाले से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

दो गांव टीबी मुक्त घोषित

रुपईडीह, गोंडा : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह के कमड़ावा व हरिचंद्रपुर ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। वरिष्ठ क्षय रोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक काजी नासिर उल हक ने बताया कि उक्त दोनों गांवों में ग्रामीणों की विभिन्न स्तरों पर टीबी की जांच कराई गई। उन्होंने बताया कि जांच किए गए ग्राम वासियों में से किसी में भी टीबी की पुष्टि नहीं हुई।

राजकीय नलकूप की बोरिंग फेल

रुपईडीह : ब्लॉक रुपईडीह के रंजीत नगर में स्थापित राजकीय नलकूप की बोरिंग फेल होने की शिकायत प्रधान अभय कुमार सिंह ने नलकूप विभाग के अधिशासी अभियंता से की है। उक्त बोरिंग फेल हो जाने कारण नलकूप बंद है। जिससे किसानों को फसल सिंचाई के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि दोबारा बोरिंग कराये जाने की मांग विभाग से कई बार की गई फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्कूल का ताला तोड़ चोरी

नवाबगंज। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार की रात स्कूल का ताला तोड़ कर राशन, गैस सिलेंडर सहित लाखों का सामान चोर उठा ले गए। प्रधानाध्यापक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। शिक्षा क्षेत्र के दुल्लापुर गांव के प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक आरती पांडेय ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि 16/17 तारीख की रात्रि में अज्ञात चोर विद्यालय में घुस कर रसोई घर, प्रधानाध्यापक कक्ष तथा कक्षा के कमरे का ताला तोड़ कर उसमें रखा गैस सिलेंडर, 4 बोरी गेहूं, 5 बोरी चावल, पानी का मोटर, कुर्सी, खेलकूद का सामान, साउंड सिस्टम, पानी की पाईप उठा ले गए। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायन सिंह बताया कि तहरीर मिली है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

रुपईडीह : शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। कौड़िया क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अनुसूचित जाति की बालिका ने थाने मे तहरीर देकर आरोप लगाया कि कस्बा कौड़िया बाजार निवासी रोहित सोनी ने उससे दोस्ती कर उसे प्रेमजाल में फंसा लिया। शादी का आश्वासन देकर उससे लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। दो साल बीत जाने पर वह मुकर गया और जातिसूचक शब्द कहकर गाली गलौज करने लगा व जान से मार डालने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि तहरीर की आधार पर दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न से साथ ही अन्य धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज करेंगे।

हाई वोल्टेज आने से कई घरों के फुंके उपकरण

रोज हो रही सात घंटे की कटौती

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : जिले में बिजली की व्यवस्था बेहद खराब है। मौजूदा समय बिजली का लोड कम होने के बावजूद भीषण कटौती की जा रही है। बड़गांव फीडर की स्थिति बेहद खराब है। बड़गांव फीडर से जानकीनगर मोहल्ले की आपूर्ति अनियमित होने के कारण उपभोक्ताओं को संकटों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को दोपहर एक बजे न्यूटल तार कट जाने से हाईवोल्टेज आ गया। इसके बाद जानकीनगर मोहल्ले में कई घरों के लाखों के बिजली उपकरण जल गए। उपभोक्ताओं के कड़ी मशक्कत के बाद रात नौ बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। इसी तरह गुरुवार को सुबह दस बजे गई बिजली दोपहर बाद तीन बजे तक बहाल नहीं हुई। प्रतिदिन छह से सात घंटे की लगातार बिजली कटौती से लोग कराह रहे हैं। लोगों को आशंका है दीपावली त्योहार में पावर कारपोरेशन उपभोक्ताओं को बिजली दे भी पाएगा या नहीं।

बिजली दे नहीं पाते, स्मार्ट मीटर लगाने का हो रहा सर्वे

बिजली चोरी रोकने के लिए पावर कारपोरेशन ने स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सर्वे कर रहा है। जहां बिजली चोरी हो रही है वहां पर सामान्य मीटर से काम चल रहा है। जहां 20 से 40 किलोवाट का खर्च है वहां पर चार किलोवाट के कनेक्शन पर काम चल रहा है। लेकिन हर माह बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। स्मार्ट मीटर लग भी जाएगा तो बिजली कहां से मिलेगी। प्री पेड मीटर लगाने से पहले कारपोरेशन को आपूर्ति में सुधार करने की जरूरत है।

गोंडा नगर में सिविल लाइन, बड़गांव, झंझरी, आवास विकास सहित करीब पांच उपकेंद्र हैं। मुख्य अभियंता से लेकर अवर अभियंता तक मुख्यालय पर मस्ती कर रहे हैं। बिजली कब कहां की कट जाए और कब बनेगी इसके लिए कोई टाइम नहीं है। झंझरी और बड़गांव फीडर से जानकीनगर मोहल्ले को बिजली की आपूर्ति की जाती है। जानकीनगर के अधिकांश हिस्से में झंझरी फीडर से बिजली आपूर्ति होती है। लेकिन गल्लामंडी रोड पर कुंवर टाकीज के पीछे व सामने के मोहल्ले, रामलाल पुरम सहित अन्य स्थानों पर बिजली की आपूर्ति होती है। आए दिन गल्लामंडी रोड पर तार के टूट कर गिरने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है। बुधवार व गुरुवार को मोहल्ले वासियों को सात-सात घंटे की बिजली कटौती से जूझना पड़ा।

बांस-बल्लियों के सहारे हो रही बिजली आपूर्ति

रुपईडीह, गोंडा। ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैरमपुर के बड़कापुर गांव में पर्याप्त बिजली के खंभों के न लगे होने के कारण उपभोक्ताओं को बांस बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं के जीवन के लिए खतरा बना हुआ है। प्रधान पुत्र रवि मिश्र ने बताया कि उक्त गांव में बिजली के खंबे लगाकर उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के मॉंग विद्युत उपकेंद्र आर्यनगर के अवर अभियंता से कई बार की गई। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।

सार-संक्षेप

शोभायात्रा निकाल महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर डाला प्रकाश

शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

खरगूपुर, गोंडा। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। गोंडा नगर में वाल्मीकि समाज सहित अन्य लोगों की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद आंबेडकर चौराहे पर स्थापित महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। खरगूपुर में वाल्मीकि समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। गुरुवार शाम वाल्मीकि जयंती के मौके पर बाबूलाल वाल्मीकि की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा बस स्टेशन से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरा। शोभा यात्रा में वाल्मीकि समाज के अलावा धर्मेंद्र मिश्रा, सूरज, देवराज, अजय शुक्ला, अतुल मोदनवाल, रमाकांत वाल्मीकि, लल्लू वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि सहित तमाम लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन गाजे बाजे के साथ नगर पंचायत के मोहल्ला पुरानी बाजार में हुआ।

कांग्रेसियों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

गोंडा : जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौराहा स्थित भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को पिरोने का काम किया था। रामायण की रचना कर उन्होंने समाज में एकता की ज्योति जलाई थी। उन्होंने राम को आदर्श मानते हुए उनके जीवन की रचना की। उनके द्वारा लिखी गई रामायण को आज भी लोग पढ़ते हैं। समाज के सभी वर्गों को उन्होंने जोड़ने का काम किया था। महर्षि वाल्मीकि ने श्री राम के चरित्र का जो वर्णन कर दिया है वह अनुकरणीय है। सामाजिक समस्या पैदा करने में महर्षि वाल्मीकि उल्लेखनीय भूमिका रही है। माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सगीर खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शुक्ला प्रसाद शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मराज सिंह, भरत द्विवेदी एडवोकेट, अरविंद शुक्ला, अविनाश मिश्रा, शाहिद अली कुरेशी आदि कांग्रेसी शामिल रहे।

संगठन को मजबूत करने में जुटें पदाधिकारी: रामाशीष राय

गोंडा : पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने में जुट जाएं। गांवों में जाकर बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ने काम शुरू कर दें। उक्त बातें सिंचाई विभाग डाक बंगला में राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी भाजपा के सहयोगी के रूप में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री लगातार प्रदेश को आगे ले जाने का कार्य कर रहे। कानून व्यवस्था मजबूत है सबको न्याय मिल रहा है। उन्होंने पदाधिकारियो से कहा कि पार्टी हमेशा किसानों के हित के लिए लड़ाई लड़ी है। इसलिए सभी लोग गांव में जाकर पार्टी के नीतियों से किसानो आम आदमियों, को जोड़ते हुए मजबूत करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा कहा जाता था। लोग उनको आज भी याद कर रहे हैं। पार्टी उनके ही नाम पर उनके सिद्धांतों को अपनाकर आगे बढ़ रही है। संगठन मजबूत होगा। आम आदमियों के बीच में पहुच होगी तो पार्टी भी मजबूत होगी। इस दौरान रालोद के जिला अध्यक्ष सिद्ध देव सिंह संजय पाठक समेत काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हनुमान जयंती महोत्सव 21 से

हनुमान जी की प्रतिमा। अमृत विचार

नवाबगंज, अमृत विचारः सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ कटरा कुटी धाम पर 21 अक्टूबर से 18वां हनुमान जयंती महोत्सव का प्रारंभ विशाल हनुमान जी की शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा से होगी। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रमाधिकारी डॉ अरुण सिंह ने बताया कि परंपरागत कलश यात्रा 21 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे से कटरा कुटी धाम से प्रारंभ होकर अयोध्या के सरयू तट तक जाएगी। वहां से मंगल कलश में जल भरकर श्रद्धालु वापस कटरा कुटी धाम पहुंचकर यज्ञशाला में अपना कलश स्थापित करेंगे।

22 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक मानस मर्मज्ञ कथावाचक पं मिथिला शरण पांडे से शाम 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक श्रोता कथा श्रवण करेंगे। 25 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रतिभा उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला, भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 27 नवंबर को सनातन संस्कृति एवं राष्ट्र को समर्पित विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। तीस अक्टूबर को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्णाहुति हवन एवं विशाल भंडारे के साथ दस दिवसीय महोत्सव का समापन दो नवंबर को अन्नकूट के छपपन भोग के महाप्रसाद के साथ होगा। कथा के मुख्य यजमान डॉ सुशीला रानी पांडे रहेंगी। मंदिर के पीठाधीश्वर महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी है।

जन्मदिन की पार्टी पर तमंचा लहराना पड़ा भारी, पांच लोग गिरफ्तार

करनैलगंज, गोंडा

सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते वीडियो हुआ था प्रसारित

युवक फिल्मी अंदाज में गाना बजा कर दबंगई दिखाते नजर आए थे

अमृत विचार : दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी पर अवैध तमंचा लहराना कुछ युवकों को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर अवैध तमंचा लहराते वीडियो वायरल होते ही स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और बिना देर किए वीडियो में दिख रहे 5 युवकों को धर दबोचा।

मामला कोतवाली करनैलगंज के भंभुआ पुलिस चौकी से जुड़ा है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें छह से अधिक युवक बर्थ डे पार्टी मनाते दिखाई दे रहे हैं, वीडियो में एक युवक तमंचा फायर करता दिख रहा है और हाथ में लेकर गोलियों को दिखाता है। यही नहीं ये युवक फिल्मी अंदाज में बाकायदा गाना लगाकर अपनी दबंगई दिखाते नजर आ रहे थे। जैसे ही मामले की जानकारी कोतवाल श्रीधर पाठक को हुई तो उन्होंने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए चौकी प्रभारी को घटना की जांच करने का निर्देश देते हुए खुद मामले की पड़ताल करने लगे। बृहस्पतिवार को पुलिस ने उनमें से 5 युवकों को धर दबोचा।

पकड़े गए युवकों की पहचान सुशील गुप्ता पुत्र चन्द्रभान गुप्ता निवासी भंभुआ, शनी सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह निवासी जहांगिरवा, आदिल पुत्र अनीस अहमद निवासी भंभुआ, शुभम सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी मसौलिया व योगेश राजपूत पुत्र हनुमंत राजपूत निवासी धौरहरा के रूप में की गई है। चौकी प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि पकड़े गए युवकों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। एक अन्य युवक अभी फरार बताया जा रहा है। जिनकी तलास में पुलिस लगी हुई है।

सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वे कितने ही पावरफुल क्यों न हों। उन्होंने कोतवाल व चौकी प्रभारी की सराहना करते हुए उन्हें ऐसे ही कर्मठता से कार्य करने को कहा।

ठेकेदार दे रहा कोटेदार को कम खाद्यान्न, मामले की जांच शुरू

गोंडा, अमृत विचारः कोटेदारों को ट्रांसपोर्टर कम खाद्यान्न दे रहे है इसकी शिकायत आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जिला पूर्ति अधिकारी से की थी, जिसकी जांच के लिए जिला पूर्ति अधिकारी ने संभागीय खाद्य नियंत्रक को पत्र भेज दिया था। अब इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत कोटेदारों को खाद्यान्न अब ट्रांसपोर्टरों के माध्यम से पहुंचा जा रहा है, लेकिन कुछ ट्रांसपोर्टर मनमानी कर रहे हैं, जिसकी वजह से कोटेदारों को पूरा खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा है। जब कोटेदारों को कम खाद्यान्न मिलता है तो वह लोग तौल में बेईमानी करते हुए राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न देते हैं। जांच होती है और कोटेदारों पर कार्रवाई भी की जाती है। आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से दिये गये जिला आपूर्ति अधिकारी को मांग पत्र में कहा गया था कि डोर स्टेप डिलीवरी के परिवहन ठेकेदार कोटेदारों को कम खाद्यान्न दे रहे हैं। परिवहन ठेकेदार कोटेदारों को पूरी मात्रा में खाद्यान्न नहीं दे रहे हैं। मनकापुर विकासखंड में जिस ट्रांसपोर्टर को काम मिला है वह छोटे वाहनों का प्रयोग नहीं कर रहा है और ना ही बोरी के वजन का खाद्यान्न कोटेदार को दिया जा रहा है। परिवहन ठेकेदार कोटेदार के दुकान से किलो मीटर दूरी पर ही जबरन राशन दे रहे हैं। ऐसे में मनकापुर विकास खण्ड के कोटेदारों में आक्रोश है।

संगठन के जिला अध्यक्ष राम प्रताप के मुताबिक कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष ने किया था। ठोस कार्रवाई न होने से दबंग परिवहन ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। बताया जाता है कि परिवहन ठेकेदारों के लिए निबिदा निकली हुई थी, जिसमें नए परिवहन ठेकेदारों को ट्रांसपोर्टिंग का काम मिला हुआ है। कम खाद्यान्न मिलने की शिकायत दबी जुबान जिले के सभी ब्लॉकों के कोटेदार कर रहे थे, लेकिन मुखर अब मनकापुर के कोटेदार पूरी तरीके से हो गए हैं। जिसकी शिकायत कोटेदार संघ ने की थी।यही नहीं मनमानी का आलम है कि कोटेदार की दुकान से दो-तीन किलोमीटर पहले ही खाद्यान्न उतार दिया जाता है, जिसकी लिए दुकान पर खाद्यान्न ले जाने के लिए कोटेदारों को पैसा खर्च करना पड़ता है। अपने नुकसान की पूर्ति करने के लिए कोटेदार राशन कार्ड धारक के खाद्यान्न में कटौती करता है।

संभागीय खाद्य नियंत्रक सत्येंद्र नाथ पांडे ने बताया शिकायत मिली है जांच कराई जा रही है , शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

गड़बड़झाला

आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन ने की थी शिकायत

डीएसओ ने जांच के लिए आरएफसी को भेजा था पत्र

> कम खाद्यान्न दिए जाने की शिकायत मिली थी। आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ने शिकायती पत्र दिया था। मामले की जांच के लिए संभागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय पत्र भेजा गया है।
>
> -कृष्ण गोपाल पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी

अंत्येष्टि स्थल की भूमि पर बनवाया जा रहा कूड़ा घर

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार। शमशान की भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। मामला रूपईडीह विकास खंड के भुड़कुडा का है। जहां शमशान की भूमि पर प्रधान पति द्वारा अवैध तरीके से आर आर सी सेंटर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों ने रोकने का काफी प्रयास किया लेकिन प्रधान प्रतिनिधि अपनी मनमानी पर उतारू हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत भुड़कुड़ा में गाटा संख्या 306 शमशान की भूमि है, जहां पर ग्राम पंचायत के सभी पूर्वजों का अंत्येष्टि कराया गया है। इस भूमि पर कई लोगों ने अपने पूर्वजों की समाधि बनाई है। प्रधान प्रतिनिधि अपने दबंगई के बदौलत सभी पूर्वजों के समाधि को उजाड़ कर कूड़ा घर बनवा रहे हैं जिसमें सभी ग्राम पंचायत का पूर्वजों की समाधि बनी हुई। जो की बहुत ही निंदनीय कार्य है ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान के पति रामचंद्र द्वारा ग्रामीणों को मारने पीटने की धमकी भी दी गई, जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने थक हारकर इसकी शिकायत जिलाधिकारी गोंडा से की है।

वर्ग पहेली-225

बाएं से दाएं

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

ऊपर से नीचे

1. 2. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



वर्ग पहेली -224 का हल

सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3	6					8
	7			1			6	
	9		5			1	4	2
	2		3		5	6		
		8				3		
		1	4		7		2	
7	4	5			6		1	
	3			2			5	
6					9	4		

सुडोकू - 137 का हल

1	2	8	7	9	4	3	6	5
6	3	7	2	5	1	8	4	9
5	4	9	6	3	8	7	1	2
2	9	6	1	7	3	5	8	4
8	7	3	5	4	9	1	2	6
4	5	1	8	2	6	9	7	3
9	1	5	4	8	2	6	3	7
7	6	4	3	1	5	2	9	8
3	8	2	9	6	7	4	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।

वृष आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वत: अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

मिथुन आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

कर्क आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।

सिंह आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपञ्चों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

कन्या आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।

तुला आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

वृश्चिक आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।

धनु आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।

मकर आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

कुंभ आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

मीन आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

आज की फिल्में

स्पोर्ट
सुबह : 11.15

चाचा भतीजा
रात : 07.03

अपरिचित
सुबह : 10.56

मडगांव एक्सप्रेस
रात : 08.00

वाइट हाउस डाउन
सुबह : 08.14

जस्टिस लीग
शाम : 06.51

शागिर्द
सुबह : 10.30

सोचा न था
रात : 07.30

प्लेयर्स
सुबह : 10.28

खुदा कसम
शाम : 05.04

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

एक नजर

पत्नी को भगाने का आरोप, पति ने दी तहरीर

तरबगंज, गोंडा। स्थानीय थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पति की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसकी पत्नी को समुदाय विशेष के लोग जबरन भगा ले गए हैं। पति ने थाने पर की शिकायत में आरोप लगाया कि वजीरगंज थानाक्षेत्र के बिरहमतपुर डिहवा निवासी समुदाय विशेष के साहिल अहमद, रेहान अहमद व सल्लू बुधवार की रात लगभग 2.30 बजे के करीब घर के पीछे से घर में घुस गए जहां सो रही पत्नी को जबरन मोटरसाइकिल पर बैठा कर भगा ले गए हैं। पकड़ने दौड़े लेकिन पहुंच नहीं पाये। साथ में सात लाख रूपये नगद व 11थान चीज भी ले गए हैं जिससे वह बहुत परेशान है। पत्नी का धर्म परिवर्तन भी कराने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

दीपावली से पहले वेतन भुगतान की मांग

गोंडा, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को दीपावली से पहले वेतन भुगतान किए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर / प्रभारी अधिकारी विश्वामित्र सिंह को मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, ज़िला कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, ज़िला मंत्री गुलाम नबी, ब्लॉक अध्यक्ष कटरा बाजार दीपक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर हमला, एक घायल

खरगूपुर, गोंडा। लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर आरोपी युवक, उसके पिता तथा भाई ने हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामला स्थानीय नगर पंचायत के एक मोहल्ले का है। इसी मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। पीड़िता के पिता का आरोप है कि छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी किशन कुमार उसके पिता उमानाथ तथा भाई ललित कुमार ने गालियां देते हुए हमला किया, जिससे पीड़िता के पिता घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि छेड़छाड़ तथा हमले के आरोप में तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

मनकापुर गन्ना सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं संध्या सिंह

निर्वाचन अधिकारी एवं समिति के चुने गए पदाधिकारी। अमृत विचार

मनकापुर, अमृत विचार: गुरुवार को मनकापुर सहकारी गन्ना विकास समिति के सभी पदों के लिए चुनाव निविरोध सम्पन्न हो गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष पद पर मनकापुर की पूर्व ब्लाक प्रमुख संध्या सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं।

सहकारी गन्ना विकास समिति की निर्वाचन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव ने बताया कि समिति के अध्यक्ष पद पर संध्या सिंह, उपाध्यक्ष आज्ञाराम व ग्राम सभा मनकापुर ग्रामीण से पूर्व मंत्री राजा आनंद सिंह, गडरही से मनमोहन, झिलाही से राम भजन, पचपुती जगतापुर से संध्या सिंह, पेरी पोखर से सुनीता देवी, वैरिया सुर्जनपुर से नंद किशोर, मछलीगांव से प्रेम कुमार, मसकनवा से उदयराज तिवारी, रानीजोत से सुरेश कुमार शुक्ला, रेहरा बाजार से आज्ञाराम, सादुल्लानगर से देवानंद तिवारी को सदस्य घोषित किया गया। ग्राम चौबेपुर से राहुल भारती को सदस्य नामित किया गया है।

निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गईं सपा की आरती सिंह

करनैलगंज, गोंडा

गन्ना समिति चुनाव

- भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव में दिया वॉकओवर

अमृत विचार: जातिवाद के शोरगुल के बीच गुरुवार को संपन्न हुए सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी करनैलगंज गन्ना समिति के अध्यक्ष पद के लिए दावेदार ही नहीं उतार सकी। भाजपा ने सपा को एक तरह से वॉकओवर देकर उनके जीत की पटकथा लिखी। भाजपा को वॉकओवर से सपा के पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह की अनुज वधू आरती सिंह को सहकारी गन्ना विकास समिति करनैलगंज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसको मुद्दे को लेकर भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं में रोष देखा जा रहा है। हालांकि पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है लेकिन भीतर ही भीतर पार्टी के इस फैसले के खिलाफ विद्रोह की चिंगारी सुलग रही है।

गन्ना समिति के चुनाव में इस बार भाजपा अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में थी। अधिकतर जगहों पर डेलीगेट से लेकर डायरेक्टर और चेयरमैन तक के पदों पर भाजपा समर्थित लोग ही चुने गए हैं लेकिन प्रदेश में गोंडा जिले की करनैलगंज गन्ना समिति ऐसी रही जहां जहां सत्तापक्ष को अध्यक्ष पद का दावेदार ही नहीं मिला। ऐसा नहीं था कि यहां से कोई अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ना चाहता था। चुनाव के प्रारंभ में जब पार्टी की बैठक हुई तो एक स्थानीय भाजपा नेता समेत दो लोगों का नाम का प्रस्ताव प्रदेश कार्यालय को

आरती सिंह।

भेजा गया था लेकिन इन्हें स्थानीय जन प्रतिनिधियों का समर्थन नहीं मिल सका। संगठन के लोगों ने भी चुनाव में मदद करने से किनारा कर लिया जिससे उन्हे अपना पैर पीछे खींचना पड़ा। इसके पीछे का कारण जातिवाद ही रहा। भाजपा के इस वॉकओवर ने समाजवादी पार्टी की राह आसान कर दी और सपा के पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह की अनुज वधू आरती सिंह को समिति का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।

> करनैलगंज समिति के चुनाव में पार्टी के मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दीक्षित के नाम का प्रस्ताव किया था लेकिन व्यक्तिगत कारणों के चलते उन्होंने नामांकन करने से मना कर दिया। ऐन वक्त पर यह स्थिति आई इसलिए समय पर कोई दूसरा प्रत्याशी नहीं उतारा जा सका। वॉकओवर देने जैसी बात नहीं है।
>
> **-अमर किशोर कश्यप,**
> जिलाध्यक्ष, भाजपा

कांग्रेस ने कहा, सपा- भाजपा ने किया अप्रत्यक्ष गठबंधन

करनैलगंज में सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को मैदान में न उतारना यहां चर्चा का विषय बना है। लोग यहां पर सपा और भाजपा का अप्रत्यक्ष रूप से गठबंधन मान रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव व केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ तिवारी ने तंज कसते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा और सपा का गठबंधन साफ तौर पर दिखाई दिया। भाजपा में जो लोग चुनाव लड़ना चाहते थे उन्हें पार्टी नेतृत्व की सहमति के नाम पर अंत तक गुमराह किया गया और बाद में चुप करा दिया गया जिससे सपा की जीत आसान हो गयी।

सपा की जीत पर दी बधाई

सपा के पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह की अनुज वधू आरती सिंह के निर्विरोध निर्वाचन पर करनैलगंज प्रधान संघ अध्यक्ष राहुल सिंह,कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह, प्रतीक सिंह, दिवाकर सिंह, राजकुमार सिंह, गिरिजा शंकर सिंह, आशुतोष प्रताप सिंह सहित तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

बैठक में गोंडा बाईपास निर्माण की बनी सहमति

केंद्रीय राज्यमंत्री ने की जनप्रतिनिधियों के साथ कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार : बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष सांसद गोंडा / केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार गहन समीक्षा की। बैठक में गत बैठक की अनुपालन आख्या से सदन को अवगत कराया गया। समिति के अध्यक्ष सांसद ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद की सड़कों के किनारे लगी हुई झाड़ियों को यथाशीघ्र कटवा कर साफ करायें ताकि रोड से दाएं एवं बायें मुड़ने पर किसी प्रकार की समस्याएं ना हो। केंद्रीय राज्य मंत्री ने एक्सईएएन जल निगम (नगरीय) को निर्देश दिए हैं कि

दिशा की बैठक का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, साथ में जिलाधिकारी व अन्य विधायक। अमृत विचार

जनपद के समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में जल पाइपलाइन से संबंधित कार्य करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई थी उसे संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करायें।

जिला समाज कल्याण अधिकारी से जनपद में चयनित आदर्श ग्रामों के संबंध में जानकारी ली एवं निर्देश दिए हैं कि जिन गांवों का चयन किया गया था उनमें जो कार्ययोजना तैयार की गई है एवं कराए जाने वाले कार्यों का विवरण संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाय। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा सांसद द्वारा जो निर्देश दिये गये हैं, उसे अक्षरशः पालन कराया जायेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं समिति के सभी सदस्यों व अधिकारियों की सहमति से गोंडा बाईपास को पास किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत प्रांगण में कृषि विभाग द्वारा लगाए गए मिलेट्स प्रदर्शनी में जनपद के समस्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाये गये थे। केंद्रीय राज्य मंत्री तथा समस्त जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया।

अंत में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक को समाप्त किया गया। बैठक में विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

मैजापुर समिति के चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार विजयी

विजयी पदाधिकारियों के साथ विधायक बावन सिंह। अमृत विचार

कटरा बाजार : सहकारी गन्ना विकास समिति मैजापुर में बृहस्पतिवार को सभापति व उपसभापति का चुनाव गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ। सभापति पद पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार श्याम नरायन विजयी घोषित हुए। वहीं उपसभापति पद पर बलदेवराज निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चुनाव अधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि सभापति पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। सभी 12 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। सभापति पद पर भाजपा के श्याम नारायण शुक्ला को 6 मत मिले वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शारदा देवी को 5 मत प्राप्त हुए। एक मत अवैध प्राप्त हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के बलदेवराज पासवान निर्विरोध निर्वाचित हुए।

ये मेरा पीर खाना सलामत रहे...

गोंडा : मीनाईया में जश्ने ईद मिलादुन्नबी व जश्ने दस्तार बंदी का प्रोग्राम हज़रत शाह जमाल मीना की सरपरस्ती में हुआ। नमाज बाद इस्लाम के पैगंबर, हज़रत मौला अली, हज़रत इमाम हसन व इमाम हुसैन एवं गौसे आजम के मुए मुबारक (पवित्र बाल) की जियारत कराई गई। अकीदतमंदों ने जियारत की। ईशा नमाज के बाद ईद मिलादुन्नबी की महफिल हुई जिसका संचालन हस्सान रज़ा बरेलवी ने किया। इस्लामिक स्कॉलर मुफ्ती अहमद रज़ा मंजरी ने शिक्षा के महत्व को बताया। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कामों की सराहना की एवं उनकी बातों पर अमल करने के लिए कहा। इनके अलावा मुफ्ती अमानूर रब, मौलाना मुज़क्किर ने मीनाईया के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। अब्दुल रहीम चिश्ती कारी सलमान रज़ा, हाफिज अरमान रज़ा आदि ने नात व मनकबत पेश किया। दस्तारबंदी (दीक्षांत समारोह) में अशहर, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद साहिल, आमिर खान समेत 31 छात्रों को दस्तार ने नवाज़ा गया।

विजयादशमी पर पथराव, आगजनी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

गोंडा : विजयादशमी के दिन गोंडा नगर में बड़गांव क्षेत्र में श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभा यात्रा पर हुए पथराव व बहराइच के महसी क्षेत्र में श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन यात्रा पर हुए पथराव आगजनी व अराजक तत्वों द्वारा एक हिंदू नवयुवक की गोली मारकर नृशंस हत्या किये जाने के विरोध में केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंप कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारी महासमिति अध्यक्ष अरुण शुक्ला व महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और यहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि गोंडा में विसर्जन यात्रा जब विसर्जन के लिए घोसियाना की ओर से जा रहे थे तभी अचानक अराजक तत्वों ने मूर्तियों को लक्षित कर वह श्रद्धालुओं पर पथराव करके शांति व सद्भाव का वातावरण दूषित करने का प्रयास किया। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की गई है। भरत गिरि, राजा बाबू गुप्ता, बबलू वर्मा, दिवाकर शुक्ल, विजय वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

जयगुरु देव के अनुयायी संत पंकज ने सदाचार पर दिया जोर

मसकनवा : शाकाहार व सदाचार का पाठ पढ़ाने, अच्छे समाज के निर्माण एवं सुदूर क्षेत्रों में बसे जन मानस को कलियुग की सरल साधना का मार्ग (सुरत–शब्द–योग) को सिखाने का लक्ष्य लेकर जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी संत पंकज अपने 108 दिवसीय जन जागरण यात्रा के चौसठवें पड़ाव पर कल सायंकाल विकासखंड छपिया के ग्राम दरियापुर में पड़ाव किया। यहां आयोजित सत्संग समारोह में कहा कि मिली नरदेह यह तुमको बनाओ काज कुछ अपना। पचो मत आए यहि जग में जानियों रैन का सपना। पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि जन–जन्मांतरों के पुण्य इकट्ठा होने पर यह अनमोल मानव तन मिला। अब इसको व्यर्थ में न गवाएं बल्कि प्रभु की प्राप्ति करने वाले संत सद्गुरु की तलाश करके उनके सानिध्य में जाएं। वे जो दया का प्रसाद दें। उसे लेकर भजन भक्ति करें और अपनी जीवात्मा का कल्याण करें। जीवों के कल्याण के इसी लक्ष्य के साथ संत–महात्मा–फकीर धरती पर विचरण करते हैं और जीवों को सचेत करते हैं। समाज के प्रबुद्ध वर्गों, समाज सेवियों एवं धार्मिक लोगों से स्वयं शाकाहारी–सदाचारी रहकर युवा शक्ति को शराब जैसे व्यसनों से बचाएं। इस अवसर पर धर्मराज यादव, विजय गोपाल पाण्डेय, महेश्वरी प्रसाद तिवारी, मनीष त्रिपाठी, रविंद्र पाण्डेय, रघु भूषण त्रिपाठी, सोनू पाण्डेय प्रधान, राम जीवन त्रिपाठी, सिद्धदात्री तिवारी, भव प्रसाद वर्मा, संजय विद्यार्थी सहयोगी संगत बस्ती के राम उजागर चौधरी, संतराम विश्वकर्मा, हरिराम दुबे, जगन्नाथ शर्मा आदि सहित संस्था के कई पदाधिकारी प्रबंध समिति व सामान्य सभा के सदस्य मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा पर उतारी मां की आरती, किया 8डांडिया व गरबा

शरद पूर्णिमा पर पूजन करते पूर्व चेयरमैन राजीव रस्तोगी। अमृत विचार

खरगूपुर : शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबू बच्चा सिंह स्मारक इण्टर कालेज देवरिया कलां भटपुरवा में जगत जननी मां जगदम्बे की झांकी एवं डांडिया व गरबा नृत्य का आयोजन किया गया जो मूलतः गुजरात का नृत्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खरगूपुर नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष खरगूपुर राजीव कुमार रस्तोगी रहे। उन्होंने मां अम्बे की आरती की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने किया। गरबा और डांडिया नृत्य रिक्की सिंह, सिद्धी शुक्ला, हर्षिता विश्वकर्मा, अंशिका सिंह, सृष्टि सिंह, लक्ष्मी शुक्ला, मुस्कान शुक्ला, निवी सिंह, गुंजन, वैष्णवी, मुस्कान सिंह, जया सिंह, चांदनी, साक्षी शुक्ला, सिद्धी पाण्डेय आदि छात्राओं ने प्रस्तुत किया।

दिशा की बैठक में दो धड़ों में बंटी दिखी भाजपा

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: बृहस्पतिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भारतीय जनता पार्टी दो गुटों में बंटी नजर आई। जिले के विकास को लेकर होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खेमे के जन प्रतिनिधि बैठक से दूर रहे। दिशा के पूर्व अध्यक्ष व कैसरगंज सांसद, करण भूषण सिंह, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, कटरा विधायक बावन सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र समेत ब्लाक स्तरीय जन प्रतिनिधि बैठक में नहीं पहुंचे। समिति के नए अध्यक्ष बनाए गए सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। पूर्व सांसद को खेमे की दूरी को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

दो सांसदों के होने के कारण कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह दिशा के चेयरमैन हुआ करते थे। पिछले करीब तीन दशक से वह दिशा के बैठक की अध्यक्षता

बैठक की अध्यक्षता करते राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, साथ में विधायकगण।

करते रहे। गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के हाथ में बलरामपुर जिले की बागडोर थी। इस बार जब लोकसभा चुनाव मे पार्टी ने बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर उनके बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज सीट से टिकट दिया और वह जीतकर सांसद बने तो भारत सरकार के ग्रामीण मंत्रालय ने करण भूषण सिंह को दिशा का चेयरमैन नामित कर दिया। बताया जा रहा है कि मंत्रालय के इस फैसले से केंद्रीय राज्यमंत्री खुश नहीं थे। वह खुद बलरामपुर जिले के बजाय अपने जिले के समिति की बैठक की अध्यक्षता चाहते थे और भीतर ही भीतर इसकी पैरवी कर रहे थे। कुछ महीने बाद उनकी मेहनत रंग लायी और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अपना फैसला पलटते हुए करण भूषण सिंह के स्थान पर कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को चेयरमैन नामित कर दिया। हालांकि करण भूषण सिंह को समिति का सह अध्यक्ष बनाए रखा गया लेकिन सरकार के इस फैसले से बृजभूषण सिंह के खेमे को तगड़ा झटका लगा था। इस फैसले के बाद ही बृजभूषण शरण सिंह के खेमों के नेताओं के बैठक में शामिल होने को लेकर संशय व्यक्त किया जा रहा था। बृहस्पतिवार को यह आशंका उस वक्त सच साबित हुई जब पूर्व सांसद को खेमें के जन प्रतिनिधि दिशा की बैठक में नहीं पहुंचे।

हालांकि जिला प्रशासन की तरफ से बैठक में शामिल होने के लिए सभी को न्योता दिया गया था लेकिन समिति के सह अध्यक्ष व कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, कटरा विधायक बावन सिंह, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र दिशा की बैठक से किनारा किए रहे। पूर्व सांसद के खेमे के ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत सदस्य भी बैठक से दूर रहे। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष व केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

- पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खेमे ने बैठक से किया किनारा
- बैठक में नहीं पहुंचे कैसरगंज सांसद, सदर विधायक, एमएलसी व जिला पंचायत अध्यक्ष

> मतभेद होना जरूरी नहीं है। यह लोगों के कपास लगाने की बात है। हो सकता है सांसद विधायक कहीं बाहर रहे हों इसलिए वह बैठक में नहीं शामिल हो सके। संगठन में कहीं कोई गुटबाजी नहीं है। सभी लोग साथ मिलकर जिले के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वह खुद भी बैठक में आमंत्रित थे लेकिन गन्ना समिति के चुनाव में व्यस्त होने के कारण बैठक में नहीं शामिल हो सके। कटरा विधायक बावन सिंह भी उन्ही के साथ होने के चलते बैठक में नहीं जा सके।
>
> **-अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम,** जिलाध्यक्ष, भाजपा

परसपुर में चला बुलडोजर हटाए गए अतिक्रमण

अतिक्रमण हटाती जेसीबी। अमृत विचार

परसपुर, गोंडा, अमृत विचार: नगर पंचायत के भौरीगंज रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर रोड का चौड़ीकरण किया गया। जिससे लोगों को आये दिन जाम के झाम निजात मिल गया।

नगर पंचायत के परसपुर भौरीगंज मार्ग पर रोड के दोनों पटरियों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुए स्थाई अस्थाई रूप से बर्षों से अतिक्रमण किया गया था। जिससे आये छोटे बड़े वाहनों को जाम में फंसकर कर घन्टों इन्तजार करना पड़ता था। अतिक्रमण हटाने की मांग आये दिन उठती रहती थी।

उप जिलाधिकारी करनैलगंज सहायक अभियंता शिवनारायण सिंह, अवर अभियंता रामनिवास यादव तथा अभियान प्रभारी शिवाकान्त दूबे पुलिस बल के साथ बुधवार को बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण हटवाना शुरू किया गया जो गुरुवार को भी शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। अतिक्रमण हट जाने से यातायात सुगम होगा। अवर अभियंता रामनिवास यादव ने बताया कि ग्यारह मीटर चौड़ी सड़क को साफ कराकर यातायात की सुविधा बहाल करायी जा रही है। अभियान में किसी प्रकार की कोई समस्या नही उत्पन्न हो रही है।

आयोजन रामलीला के तीसरे दिन दर्शकों ने सुने ओजस्वी संवाद

धनुष यज्ञ के उपरांत परशुराम–लक्ष्मण संवाद बना आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: नवाबगंज क्षेत्र के कटरा शिवदयाल गंज में श्री अवध रामलीला समिति के बैनर तले चल रहे 12 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को पुष्प वाटिका, धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का शाश्वत मंचन किया गया।

मंचन की शुरुआत राम रमैया मंदिर अयोध्या के महंत रवि शंकर दास द्वारा राम लक्ष्मण व गुरु विश्वामित्र की सजी दिव्य झांकी की पूजा अर्चना से हुई। उसके बाद विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करते हुए श्री राम ताड़का का वध करते हैं।

रामलीला मंचन का दृश्य। अमृत विचार

इधर राजा जनक अपनी सुपुत्री सीता का स्वयंवर का आयोजन करते हैं। जिसमें विश्वामित्र को राम लक्ष्मण के साथ आमंत्रित किया जाता है। स्वयंवर में जनकपुर जाते समय प्रभु श्री राम अहिल्या का उद्धार करते हैं। राजा जनक के दरबार में धनुष यज्ञ का आयोजन होता है। जहां पर रावण और बाणासुर भी धनुष उठाने के लिए पहुंचते हैं। तमाम राजाओं के धनुष ना उठा पाने के बाद जब जनक जी पौरुष पर व्यंग्य करते हैं। तो लक्ष्मण जी क्रोधित हो उठते हैं और सभा में खूब खरी-खोटी सुनाते हैं। तभी गुरु विश्वामित्र लक्ष्मण जी को शांत करते हुए श्री राम को धनुष भंग करने का आदेश देते हैं। इस प्रकार गुरु का आदेश पाकर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम धनुष भंग करते हैं और माता सीता वरमाला डालती हैं। धनुष टूटने की आवाज सुनकर क्रोध की आभा में तिलमिलाते हुए भगवान परशुराम जनक के दरबार में पहुंचते हैं। इसी बीच शेषावतार श्री लक्ष्मण जी से और परशुराम जी की खूब तीखी नोकझोंक होती है। परशुराम और लक्ष्मण के इस ओजस्वी पूर्ण संवाद को सुनकर दर्शकों ने भूरि भूरि प्रशंसा की और खूब सराहा गया।

राम की भूमिका में शुभम गुप्ता, लक्ष्मण अभय गुप्ता, परशुराम रजनीश कमलापुरी, जनक त्रेता नाथ गुप्ता, गुरु विश्वामित्र बसंत लाल गुप्ता, बंदी जन राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रावण अनूप कुमार गुप्ता पॉपुलर, बाणासुर महेंद्र कसौधन, अन्य कलाकारों में गौरीशंकर गुप्ता, इंद्रपाल कसवधन, रंजीत कसौधन, गणेश चंद्र गुप्ता आदि के अभिनय को खूब सराहा गया। कार्यक्रम का निर्देशन कपिल नाथ गुप्ता ने किया। संचालन एवं सह निर्देशन मीडिया प्रभारी विनोद कुमार गुप्ता ने किया।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री का फंदे से लटकता मिला शव

परसपुर : मायके में रह रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री का संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को घर के अंदर फंदे से लटकता शव मिला। गड़रियन पुरवा मरचौर निवासी पप्पू पाल ने गुरुवार की दोपहर पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उसकी बहन लाजवन्ती (49) जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री थी। बहन की शादी हुई थी लेकिन काफी दिनों से वह उनके घर ही रह रही थी। जबकि वे लोग लखनऊ में रहते हैं। गुरुवार को घर के अन्दर पंखे के हुक से गमछे के सहारे उसका शव लटका मिला। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

60 घंटे बाद नेट सेवा बहाल, पुलिस बोली- अफवाह फैलाई तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। महराजगंज में दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के दौरान दो समुदाय में भिड़ंत के बाद सोमवार दोपहर से बंद नेट सेवाएं गुरुवार शाम से फिर चालू हो गई। करीब 60 घंटे बाद बुधवार रात 12:15 बजे नेट सेवाएं बहाल कर दी गई। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की बात कही है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में डीजे पर गाना बजाने के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने विरोध किया था। विरोध के दौरान समुदाय विशेष के लोगों ने राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बवाल के बाद घर और दुकानों में आग लगाने के साथ वाहनों को जला दिया गया था। मामला बढ़ता देख शासन के निर्देश पर जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई थी।

सोशल मीडिया पर तरह तरह के अफवाह फैलाया जा रहा है। जिसमें राम गोपाल मिश्रा की करंट लगने, नाखून उजाड़ने समेत अन्य आरोप लगाए गए हैं। यह सभी आरोप निराधार है। राम गोपाल मिश्रा की की गोली लगने से मौत हुई है।

-डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी,
अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

रामगोपाल के घर व रास्ते पर पुलिस का पहरा, हो रही पूछताछ

संवाददाता, बहराइच

- **गांव जाने वाले मार्गों पर लगाई बैरीकेडिंग, पुलिस तैनात, मृतक के परिवार से मिलने आने वाले रिश्तेदारों को भी हो रही परेशानी**

अमृत विचार: महाराजगंज में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली मारकर की गई हत्या के मामले में मृतक के गांव रेहुआ मंसूर में पुलिस ने बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया है। जगह जगह पुलिस तैनात कर दी गई है। इससे गांव के लोगों को भी दिक्कत हो रही है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर निवासी राम गोपाल मिश्रा की रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद जमकर बवाल हुआ था। आगजनी और तोड़फोड़ भी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अब तक 62 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें गोली मारने वालों में शामिल एक अपराधी को भी जेल दिया है। वहीं अब पुलिस ने मृतक राम गोपाल मिश्रा के गांव में पूरी तरह से लोगों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें राज नेताओं के साथ मीडिया के लोग भी शामिल हैं। किसी भी पार्टी के नेताओं को मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार के लोगों से मिलने पर रोक लगा दिया गया है। गुरुवार को रेहुआ मंसूर मोड़ पर महिला और पुरुष सिपाही एक उप निरीक्षक की अगुवाई में तैनात कर दिया है। जबकि मृतक के घर के पास उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा गांव में एक ट्रक पीएससी के जवान लगा दिए गए हैं। पुलिस की बैरीकेटिंग और जगह जगह तैनाती को लेकर मृतक के परिवार से मिलने आने वाले लोगों को भी दिक्कत हो रही है। उनके वाहन दूर ही रोक दिए जा रहे हैं। ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक राज कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित परिवार की समस्या को देखते हुए अधिकारियों ने यह फैसला किया है। जिसका पालन करवाया जा रहा है।

राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव में तैनात पुलिस। : अमृत विचार

सूचना अधिकारी समेत चार पर कार्रवाई

महराजगंज बाजार में रविवार को हुए दंगे के बाद अब तक तीन पुलिस कर्मियों के साथ सूचना अधिकारी पर कार्रवाई हुई है। सूचना अधिकारी को लखनऊ संबंध कर दिया गया है। मामले में लापरवाही और लाठीचार्ज के मामले में सीओ रूपेंद्र गौड़, थानाध्यक्ष हरदी आर एस वर्मा और चौकी इंचार्ज अशोक कुमार को निलम्बित किया गया है। जबकि समाचार संकलन में सही स्थिति न होने और अधिकारियों का बयान सही न प्रसारित होने के चलते जिले के सूचना अधिकारी गुलाम वारिस को लखनऊ कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

महराजगंज में पटरी पर लौट रही जिंदगी

भगवानपुर। महराजगंज में घटना के बाद से जगह जगह पुलिस और पीएससी के जवान तैनात हैं। स्थिति धीरे धीरे सामान्य हो रही है। गुरुवार को भी महराजगंज के अलावा अन्य गांवों और चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रही। पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। बवाल के बाद धीरे धीरे जन जीवन सामान्य हो रहा है। लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि आम दिनों की तरह लोग आवागमन कर रहे हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

बहराइच

अमृत विचार। जनपद गोंडा के थाना कौडिया स्थित गौसिन्हा गांव निवासी अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने बृहस्पतिवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को 53 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण व दुष्कर्म को लेकर एसपी को वर्ष 2022 में प्रार्थनापत्र सौंपा था।

▸▸ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुए 53 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

प्रार्थनापत्र में पीडित पिता ने कहा था कि उसकी बेटी को दो वर्ष पूर्व जनपद गोंडा के थाना कौडिया स्थित गौसिन्हा गांव निवासी पुनीत कुमार जाससवाल ने नशीला पदार्थ कर बेहोश कर दिया था। उसके बाद बेटी को वह गुजरात ले गया। वहां उसने बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। एसपी के आदेश के बाद थाना विशेश्वरगंज की पुलिस ने आरोपी पुनीत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की विवेचना करते हुए आरोपपत्र कोर्ट में सौंपा था। बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मुकदमें सुनवाई शुरू की। इस दौरान विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह ने घटना को गंभीर बताते हुए अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने की दलील कोर्ट में पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद अभियुक्त पुनीत जायसवाल को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाते हुए अधिकतम बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अधिवक्ताओं की गोष्ठी आयोजित

बहराइच, अमृत विचार। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता परिषद भारत के स्थापना दिवस पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष ने वकीलों के अधिकार और हितों के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सेवक गुप्ता ने जल्द ही मांगों को पूरा करने की आवाज उठाई। इस दौरान अधिवक्ता रोशन जायसवाल, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार, आलोक, मनीष कुमार, समीर अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

राज भाषा अधिकारी के पद पर चयनित हुए निखिल और संजय

कैसरगंज/पयागपुर

अमृत विचार। कैसरगंज क्षेत्र निवासी निखिल और पयागपुर निवासी संजय तिवारी ने राजभाषा अधिकारी की परीक्षा पास कर सफलता हासिल की है। इससे लोगों में खुशी है।कैसरगंज निवासी निखिल कुमार सोनी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 63वीं रैंक लाकर राज भाषा अधिकारी के पद पर चयनित हुए है। निखिल कस्बे के प्रतिष्ठित सराफा व्यापारी राकेश कुमार सोनी के ज्येष्ठ पुत्र हैं। निखिल कुमार सोनी के चाचा विजय कुमार सोनी डिप्टी कमिश्नर स्टेट जीएसटी के पद पर तैनात है। निखिल की प्रारंभिक शिक्षा कंचन कान्वेंट स्कूल कैसरगंज मे हुई है। इसके बाद उन्होने पायनियर इंटर कालेज लखनऊ से माध्यमिक शिक्षा व उच्च शिक्षा किरोड़ीमल कॉलेज व हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उन्होने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने बाबा ओरीलाल सोनी, चाचा तीरथ सोनी व अपने परिजनो व गुरूजनो को दिया है। उधर शहर के बक्शीपुरा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र संजय तिवारी विशेश्वरगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय रामसीर में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं।शिक्षक सजंय ने प्रथम प्रयास में राजभाषा अधिकारी की परीक्षा पास कर उपलब्धि हासिल कर शिक्षक समाज के साथ साथ समूचे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। परीक्षा परिणाम में संजय ने आल इंडिया रैंकिंग में 68वीं रैंक हासिल कर श्रम रोजगार मंत्रालय में राजभाषा अधिकारी के रूप में चयनिय हुये है।संजय तिवारी बताते हैं कि इससे पूर्व वें तीन बार कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा पास कर चुके है लेकिन उनके अनुकूल पद न मिलने के कारण उन्होंने ज्वाइन नही किया।

रोजगार मेला का आयोजन कल

बहराइच, अमृत विचार। जिले के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय के सभागार में 18 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 03 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुर्वेदिक प्रालि द्वारा फील्ड आफिसर एवं ब्लाक आफिसर के 45 पदों पर 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक और इंटर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा।

पराली प्रबंधन को जागरूकता वाहन किया गया रवाना

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद के समस्त विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में किसानों को पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान के अंतर्गत 04 प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर कृषि भवन बहराइच से रवाना किया गया।

उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने प्रचार वाहन में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जिन ग्राम पंचायत में पिछले वर्ष पराली जलाने की घटनाएं हुई है उन ग्राम पंचायत में विशेष रूप से प्रचार प्रसार करें। उन्होनें कहा कि कंबाइन हार्वेस्टर मालिकों को यह सूचित कर दें कि अपने कंबाइन के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम कृषि यंत्र का उपयोग करें। किसी भी दशा में पराली ना जलने पाए। उप निदेशक ने जनपद के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहें पोली जलने की घटना यदि प्रकाश में आती है तो अपने राजस्व लेखपाल को बुलाकर संबंध किसान से पर्यावरण छति की वसूली करें। उन्होंने जनपद के ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया है कि वह अपने ग्राम पंचायत के प्रगतिशील किसानों से पराली एकत्र करवाकर अपने विकासखंड की गौशालाओं में भिजवाएं।

खाद दुकान में अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित

बहराइच/जरवल

अमृत विचार। कृषि विभाग की गठित चार टीम ने गुरुवार को जिले के 38 खाद की दुकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक खाद की दुकान पर अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा चार उर्वरक दुकानदारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिले में संचालित खाद की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारी को दी। जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर सूबेदार यादव ने बताया कि जिले में चार टीम ने 38 खाद की दुकानों पर छापेमारी की। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने सदर तहसील, जिला कृषि अधिकारी डॉ सुबेदार यादव ने कैसरगंज तहसील, जिला कृषि रक्षा अधिकारी प्रिया नंदा द्वारा पयागपुर एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने नानपारा एवं मिहींपुरवा तहसील में संचालित खाद की दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। सभी टीमों द्वारा कुल 38 दुकानों पर छापेमारी की गई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध खाद मिलने पर 16 नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। उर्वरक विक्री में अनियमितता मिलने पर जिया खाद भंडार जरवल प्रोपराइटर अली अहमद के यहां उर्वरक स्टॉक में अनियमितता, स्टॉक एव वितरण रजिस्टर न प्रदर्शित करने एव POS मशीन द्वारा उर्वरक ना बिक्री करने के कारण लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा चार उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग खतौनी के द्वारा ई पास मशीन से ही खाद की बिक्री करें।

जरवल में खाद की दुकान पर जांच करते जिला कृषि अधिकारी।

सार-संक्षेप

विज्ञान प्रयोगशाला बनने से बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा

कंचन कान्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला के उद्घाटन के अवसर पर मौजूद विद्यार्थी।

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। कस्बे के कंचन कान्वेंट स्कूल में स्थापित विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन विद्यालय की उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। विद्यालय की डप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रयोगशाला के बन जाने से छात्र-छात्राओं को विज्ञान से जुड़ी विभिन्न जानकारियां को समझने व परखने में बेहद आसानी होगी। तथा बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से किसी भी चीज को सीखने व समझने का मौका मिलेगा।इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विज्ञान शिक्षक व प्रयोगशाला सहायक की उपस्थिति में विज्ञान से सम्बन्धित विभिन्न प्रयोग भी सीखे। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक एम. श्रीवास्तव, डॉ. पंकज शुक्ला, एसके सिंह ,विजय मिश्र, रंजीत सिंह, मोहम्मद माजिद, मोहम्मद अबरार ,प्रदीप श्रीवास्तव, उमाशंकर यादव उपस्थित रहे।

पंचमी को स्थापित प्रतिमा का हुआ विसर्जन

विसर्जन जुलूस में दुर्गा प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। शहर के मोहल्ला वजीरबाग में पंचमी को स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ही। शहर में निकले जुलूस में महिला और पुरुष सिपाही सुरक्षा व्यवस्था करते दिखे। शहर के मोहल्ला वजीरबाग स्थित टीकेश्वर नाथ मंदिर में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना हुई थी। प्रतिदिन पूजा अर्चना चल रही थी। पंचमी को स्थापित प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को किया गया। प्रतिमा विसर्जन जुलूस शहर के छावनी बाजार, घंटाघर होते हुए शहर का भ्रमण कर सरयू नदी के तट पर पहुंची। पूजा अर्चना के बाद प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। महाराजगंज बवाल को देखते हुए कड़ी सुरक्षा बरती गई। सभासद प्रतिनिधि कन्हैया कश्यप ने बताया शान्ति पूर्ण तरीके से मा दुर्गा का विसर्जन किया गया है।

लंका से अयोध्या वापस लौटने पर श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

राम के राज्याभिषेक कार्यक्रम का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

बहराइच, अमृत विचार। शहर में बुधवार रात को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में लंका में रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता सहित अयोध्या वापस आये। इस दौरान सीमा पर भाई भरत ने भगवान राम और सीता का भव्य स्वागत किया तथा देवताओं ने इस दौरान पुष्प वर्षा की। उसके बाद श्रीराम का राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन बिसातखाना परिसर में हुआ। जिसमें कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान राम का राजतिलक कर पुष्प वर्षा की।बहराइच में 12 दिवसीय श्रीराम लीला महोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार की रात नगर के बिसातखाना पंडाल में माता सीता सहित भगवान श्रीराम का राजतिलक रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों की ओर से किया गया।राज्याभिषेक में प्रथम तिलक "वशिष्ठ मुनि कीन्हा, पुनि सब विप्रन्ह आयुष दीन्हा" चौपाई के साथ पहला तिलक वशिष्ठ मुनि ने लगाकर राजगद्दी भगवान राम को सौंप दी।कार्यक्रम में बरेली से आये कलाकारों की ओर से लीला का मंचन किया गया। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन एवं कीर्तन का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल, जय जय अग्रवाल, कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, राधा रमन यज्ञसैनी, राहुल रॉय, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, सुदामा मिश्रा, मनोज गुप्ता, नन्हे लाल लोधी, विनय जैन, दुर्गेश पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, अंशुमान यज्ञसैनी, महेश गुप्ता, सौरभ मिश्रा, उर्मिला शुक्ला आदि शामिल हुए।

धूमधाम से मनायी गई महर्षि वाल्मीकि जयन्ती

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। अखिल भारतीय श्री वाल्मीकि नवयुवक संघ शाखा कैसरगंज की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती की अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी ने तथा संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सिंह ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात उन्होंने वाल्मीकि समाज के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया।इस अवसर श्री सिंह ने कहा कि हम सभी को महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।उनका नाम युगों युगों तक अमर रहेगा। आयोजक मंडल की ओर से आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राकेश सोनी, उमेश सिंह, भगवान दास सोनी, डा0 शैलेश, विश्वास, अजय सिंह, बद्रीबाबा, हीरालाल मौर्या, अध्यक्ष अंबुज वाल्मीकि, जगदीश प्रसाद वाल्मीकि, गुड्डू वाल्मीकि, मुकेश बाल्मीकि सज्जन लाल, रंजीत वाल्मीकि, लल्लू राम, सुरेश कुमार वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, आयुष्मान, सुनील कुमार वाल्मीकि, अमन कुमार वाल्मीकि, रामकुमार, अरविंद कुमार, सोनू, रानू, जतिन, धीरेंद्र,, आनंद, अभिषेक, पिंटू धर्मेंद्र ,आदित्य, अमन, सुमित, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख।

समस्याओं को लेकर धरने पर बैठे किसान

पयागपुर, बहराइच

अमृत विचार। नगर पंचायत सहित में विकास क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण में हो रही हीलाहवाली के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा मंगलवार से तहसील परिसर में शुरू हुआ अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी है।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने कहा कि नगर प्रशासन के उदासीन रवैये से नगर क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है।उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में नाली खंडजा निर्माण, जल निकासी की व्यवस्था सहित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे जैसी ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण नही किया जा रहा है। श्री वर्मा ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी प्रमिता सिंह द्वारा 15 दिनों में समस्याओं का निराकरण किये जाने का लिखित आश्वासन दिया गया था जो महज दिखावा साबित हुआ। यूनियन के महा सचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण न होने तक यह अनिश्चित कालीन धरना जारी रहेगा। इस दौरान रजुवापुर निवासिनी सोना देवी ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि कोटेदार ने अपने परिवार के एक सदस्य को उनके अंत्योदय कार्ड में जोड़ रखा है, जो बीते तीन वर्षों से अपना अंगूठा लगाकर हर बार उनका राशन हड़प कर लेता है।पीड़िता ने बताया कि इसकी शिकायत पूर्ति निरीक्षक से की गई लेकिन समस्या बरकरार है।धरने के दौरान तमाम महिला व पुरुष धरने में मौजूद रहे।

पयागपुर में धरना देते किसान। अमृत विचार

चुनाव फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत

गन्ना विकास समिति के चेयरमैन का हुआ निर्विरोध चुनाव

जरवलरोड, बहराइच

अमृत विचार। सहकारी गन्ना विकास समिति जरवलरोड में चेयरमैन पद पर निर्विरोध चुनाव हुआ। भाजपा समर्थित उम्मीदवार रणवीर सिंह "मुन्ना" चेयरमैन पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए तथा लक्ष्मी नारायण यादव एडवोकेट की माता मुन्नी देवी उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई।

निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार कैसरगंज अभय राज पांडे ने निर्विरोध निर्वाचन होने पर रणवीर सिंह को चेयरमैन का प्रमाण पत्र सौंपा। भाजपा प्रत्याशी रणवीर सिंह मुन्ना खेमे का नेतृत्व विधानसभा कैसरगंज के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गौरव वर्मा सहित जिले के पदाधिकारियों ने की। सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला मंत्री संजय राव, जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी, पूर्व जिला मंत्री कौशलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, मंडल अध्यक्ष जरवल पवन वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, प्रदीप पांडे, मनोज पांडे, ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, विक्रम सिंह प्रधान, शेषनारायण यादव, राकेश राव, प्रशांत अग्निहोत्री, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह सुदर्शन, वेद प्रकाश सिंह, अनिल सिंह, सीताराम पांडे, अनुराग सिंह पम्मी, सूरज सिंह, दीपांकर सिंह, श्रवण कुमार गौड़, राजित राम, अभय राज सिंह, शेषनारायण यादव श्याम नारायण सिंह, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष भगवान दीन मिश्रा, मनोज राव प्रधान प्रतिनिधि बंभौरा श्याम नारायण सिंह, सुनील यादव पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

गन्ना विकास समिति के निर्विरोध चेयरमैन का चुनाव जीतने के बाद हर्ष मनाते पदाधिकारी।

जिले में भाईचारा बनाएं रखें, मिलकर रहें सभी लोग

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जमीअत उलमा जिला बहराइच के सदर मौलाना कारी जुबेर अहमद कासमी, महासचिव मौलाना मो. इनायत उल्लाह कासमी, जमीअत उलमा उत्तर प्रदेश के सचिव हाफिज मो. सईद अखतर नूरी व पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री यासर शाह ने जनपदवासियों विशेषकर मुस्लिम समुदाय से यह अपील की है कि बीते दिन कुछ अराजकतत्वों की वजह से जिले के हालात खराब हो गए थे मगर जमीअत उलमा, धर्मगुरूओ, जनप्रतिनिधियों, संभ्रान्त व गणमान्यजनों तथा जिला प्रशासन की कोशिशों से अब हालात बेहतर है, लिहाजा जिले की अवाम से गुजारिश है अपने कामों को पहले की तरह जारी रखते हुए अमन व शान्ति का माहौल बनाए रखें और अफवाहों से बचें ताकी आपसी भाईचारा बरकरार रहे, और आमजनमानस को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। जनपदवासियों से अपील की गई है कि हम सब मिलकर अपने जिले की खराब हुई आबोहवा को अपने धैर्य, सौहार्द, मोहब्बतों का इजहार करते हुए अमन, चैन की फिज़ा बनाने में सभी मिलकर सहयोग करें, और बहराइच की एक दूसरे के लिए जीने, एक दूसरे के काम आने और एक दूसरे के दुख सुख में शामिल होने के अज़ीम जज्बे को कायम व जिंदा रखे।

दीपावली से पहले मिलेगा आशा व संगिनियों को बकाया भुगतान और इस माह का वेतन

एनएचएम निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों और सीएमओ को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

1.7 लाख आशा कार्यकत्रियों को मिलेगा लाभ

12 हजार आशा संगिनियों को भी होगा भुगतान

अमृत विचार: दीपावली से पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों को 25 अक्टूबर तक प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को भी इस अक्टूबर माह का मानदेय 25 अक्टूबर तक मिलेगा। इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियो व मुख्य चिकित्साधिकारियों को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गये हैं।

मिशन निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी 1,70000 आशा एवं 12000 आशा संगिनियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों के सापेक्ष मिलने वाले वाउचर का भुगतान कराया जाए। इसके लिए आशाओं से अतिशीघ्र ब्लाक स्तर पर सभी वाउचर जमा कराए जाएं। माह सितंबर तक बकाया व वर्तमान अक्टूबर का भुगतान 25 अक्टूबर तक कराने के साथ ही फैम्स पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

इसके अलावा पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि एनएचएम कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को दीपावली के पहले माह अक्टूबर 2024 के मानदेय का भुगतान 20 अक्टूबर तक अक्टूबर तक कर दिया जाए। आदेश पर तत्काल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं।

वर्दी के लिए रोडवेज के 37 हजार चालकों और परिचालकों को मिलेंगे 1800 रुपये

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य सड़क परिवहन निगम के 37 हजार चालक,परिचालक दीपावली त्योहार पर नई वर्दी में नजर आएंगे। हर चालक परिचालक को वर्दी के लिए 1800 रुपये मिलेंगे। परिवहन निगम ने गुरुवार को छह करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वर्दी भत्ते के लिए अनुमोदित किया। एक से दो दिन के अंदर ड्राइवर कंडक्टरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सितंबर माह में आदेश दिया था कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में ही चालक परिचालकों को नई वर्दी के पैसे मिल जाएंगे, लेकिन अभी तक उन्हें वर्दी के पैसे नहीं मिल पाए हैं। दो दिन पहले संविदा चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के महामंत्री कन्हैया पांडेय ने एमडी से सभी चालक परिचालकों को वर्दी भत्ता देने की मांग की थी। नियमानुसार दो साल पर चालक,परिचालक को वर्दी का पैसा उपलब्ध कराया जाता है।

6.7 करोड़ की राशि अनुमोदित

खाद्यान्न घोटाले में एडीओ पंचायत बलिया से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : बलिया में 18 वर्ष पूर्व हुए खाद्यान्न घोटाले के आरोपी एडीओ पंचायत को ईओडब्ल्यू की वाराणसी टीम ने बुधवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। एडीओ को मनियर ब्लॉक के गेट से गिरफ्तार किया। आरोपी एडीओ के खिलाफ 2006 में हुए खाद्यान्न घोटाले के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

ईओडब्ल्यू वाराणसी यूनिट के इंस्पेक्टर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी अरुण कुमार सिंह है। वह बलिया के सिकंदरपुर स्थित खटंगी गांव का रहने वाला है। उसकी तैनाती वर्तमान समय में बलिया के मनियर ब्लॉक में है। अरुण सिंह 2006 में नवानगर ब्लॉक में ग्राम पंचायत अधिकारी था। उस समय खाद्यान्न घोटाला हुआ था। इस मामले में अरुण सिंह समेत सात आरोपियों पर घोटाले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

नगर में धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा

महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा में सजी झांकी। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : प्रत्येक वर्ष की भांति गुरुवार को बड़े धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए तुलसीपार्क के नई बस्ती स्थित मंदिर परिसर पर समाप्त हुआ। शोभा यात्रा में भारत माता, भीमराव अंबेडकर, भगवानराम लक्ष्मण, बजरंगबली का सजीव चित्रण किया गया था। अखिल भारतीय श्री वाल्मीकि नवयुवक संघ अध्यक्ष राज वाल्मीकि ने बताया कि बाल्मिक शोभायात्रा मार्ग पर वीर विनय चौराहे पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष इकबाल जावेद व युवा सपा नेता समर जावेद ने प्याऊ स्टाल लगाकर शोभायात्रा में चल रहे श्रद्धालुओं को जलपान कराया शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर, अंबेडकर तिराहा, मेजर चौराहा, बडापुलचौराहा, चौक बाजार एवं वीर विनय चौराहा होते हुए महर्षि वाल्मीकि मंदिर में समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में महर्षि वाल्मीकि, भारत माता, भीमराव अंबेडकर सहित तमाम भगवान का सजीव चित्रण किया गया था। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सूर्य प्रताप वाल्मीकि, सतीश,राकेश वाल्मीकि,अंकित वाल्मीकि, आजाद, पप्पू लाल, राजन वाल्मीकि, ऋषि वाल्मीकि, शाही, आकाश बाल्मीकि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

उप्र. में बढ़ा पराली जलाने का ग्राफ, एक माह में 528 घटनाएं

39 जिलों में सेटेलाइट से 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच ट्रेस हुईं घटनाएं, 193 में पराली जलाने की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

वर्ष	घटना
2021	460
2022	85
2023	312
2024	528

6.37 लाख रुपये वसूला गया ढाई व पांच हजार रुपये के हिसाब से कुल जुर्माना

24 कंबाई मशीन सीज की गई बिना एसएमएस ब्लेड के कटाई करने पर

अमृत विचार : तमाम कवायद के बावजूद प्रदेश में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं इस वर्ष धान की कटाई के शुरुआती दौर में तेजी से बढ़ गईं। 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 39 जिलों में सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग से कुल 528 पराली जलाने की घटनाएं ट्रेस की गईं हैं। लोकेशन के आधार पर कृषि विभाग ने मौके पर जांच कराई तो 193 की पुष्टि हुई।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक पराली जलने की घटना अलीगढ़ में 114, सम्भल 79, मथुरा 46, बाराबंकी 41, शाहजहांपुर 28, सीतापुर 27, बुलंदशहर 23, गौतमबुद्ध नगर 17, मुरादाबाद 16, पीलीभीत 14, बदायूं व रामपुर में 12-12 ट्रेस हुई हैं। पिछले चार वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक घटनाएं हुई हैं। इधर, कृषि विभाग का दावा है कि सूचना और लोकेशन मिलते ही फौरन टीमें मौके पर पहुंचीं तो पराली जलाने की 193 घटनाएं ही मिलीं। जबकि 164 घटनाओं में कूड़ा व अन्य चीजें जलती मिलीं। जिसका धुआं सेटेलाइट में ट्रेस हुआ। मिर्जापुर में आग की लोकेशन वाली जगह पर सोलर पैनल लगे मिले। जिनका सेटेलाइट से तापमान ट्रेस हुआ था। जबकि 146 घटनाओं की लोकेशन में खेतों पर धान में आग नहीं मिली तो कुछ जगह खेत ही ढूंढे नहीं मिले।

प्रदेश में सेटेलाइट से कुल 528 घटनाएं ट्रेस हुईं थी। सभी जगह लोकेशन के आधार पर मौके पर टीमें भेजी गईं। लेकिन 193 घटनाएं ही पराली की मौके पर मिलीं। 146 घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई। जबकि शेष में कूड़ा आदि जलता मिला।

-जेपी चौधरी, युक्त निदेशक, कृषि अभियंत्रण, कृषि निदेशालय

मुठभेड़ में विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

दिल्ली के नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है घायल

अमृत विचार : मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया।

एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक राजू मूलतः बदायूं के राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है। वह लारेंस विश्नोई गिरोह में शामिल होकर यूपी में कई वारदात को अंजाम दिया।

सीडीओ ने वर्चुअल लिया दस्तक अभियान की तैयारी का जायजा

संवाददाता,बलरामपुर

अमृत विचार: गुरुवार को एक अक्टूबर से संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान /दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन वर्चुअल माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्य के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर हिमांशू गुप्ता ने कहा की माह अक्टूबर से संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान को लेकर लापरवाही न बरतें । सभी विभाग समन्वित रूप से कार्ययोजना के अनुसार अभियान की गतिविधियां आयोजित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग माइक्रोप्लान आधारित गतिविधियों को समय से पूर्ण कर लिया जाय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य संचारी रोग जैसे डेंगू , मलेरिया, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकना है । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर ने कहा कि 10 अक्टूबर से 31 अक्तूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान के तहत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस के रोगियों, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची बना रही हैं । बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया।

गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा

संवाददाता, बलरामपुर

भाजपा जिला कार्यालय पर निर्वाचित अध्यक्षों के साथ विधायक, जिला अध्यक्ष और साथ में भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार: गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अगुवाई में तीनों समितियो पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निर्विरोध चुनाव जीता है। गुरुवार को तुलसी पार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जीत का जश्न मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, अवध क्षेत्र क्षेत्रीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री संजय राय, अवध क्षेत्र गन्ना समिति चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वी जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी के नेतृत्व में गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाया गया था। जिसमें गन्ना समिति तुलसीपुर के अध्यक्ष पद नीलम सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर राजेंद्र शुक्ला, उतरौला में अध्यक्ष पद पर तोताराम वर्मा व उपाध्यक्ष पद पर संजय यादव तथा बलरामपुर के अध्यक्ष पद पर रजनी सिंह एवं उपाध्यक्ष पद पर रामानंद पाण्डेय को निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गन्ना समिति अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में सभी प्रत्याशियों की जीत शानदार है। भाजपा पर सभी वर्गों का विश्वास है। गन्ना समिति के हुए चुनाव में सभी मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया है। सारी समितियां गन्ना किसानों के हितों के लिए कार्य करेगी।गन्ना समिति चुनाव के क्षेत्रीय संयोजक एवं क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी विजयी अध्यक्षों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।गुरुवार को पार्टी कार्यालय पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक पलटू राम तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी आद्या सिंह जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू विष्णु देव गुप्ता बिंदु विश्वकर्मा रवि मिश्रा जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण पूर्व जिला महामंत्री डॉ अजय सिंह पिंकू जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय अंशुमान शुक्ला मनीष तिवारी नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता नगर महामंत्री नंदलाल तिवारी केके तिवारी सहित तमाम भाजपाइयों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की है।

सार-संक्षेप

उत्पीड़न के दोषी पति-पत्नी को 3 वर्ष की कैद

बलरामपुर अमृत विचार। विशेष सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट इफ्तखार अहमद ने उत्पीड़न और मारपीट के मामले में पति पत्नी को दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषियों को 2-2 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है। थाना गौरा चौराहा के गांव जानकीनगर निवासिनी मंजू देवी ने मुकदमा लिखाने के लिए थाने पर प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि 01 जुलाई 2012 को गांव के ही संगीता और सुरेश कहार ने घर के विवाद को लेकर मारा पीटा और जाति सूचक गालियां दी। पुलिस ने मुकदमा लिखकर जांच शुरू की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायधीश ने सुरेश और उनकी पत्नी संगीता को मारने पीटने का दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष की कैद और 2-2 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनाई। अर्थ दण्ड अदा ना करने पर दोषियों को 3- माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में मेनका व सलोनी प्रथम

शिक्षकों व निर्णायक मंडल के साथ मेहंदी प्रतियोगिता के प्रतिभागी। अमृत विचार

बलरामपुर अमृत विचार। एमएलकेपीजी कॉलेज बलरामपुर में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत गुरुवार को रंगोली व मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मेनका व सलोनी उपाध्याय ने पहला स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशन तथा प्रो रेखा विश्वकर्मा के संयोजकत्व में रंगोली व मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक प्रो एस पी मिश्र,मणिका मिश्रा व प्रतीची सिंह ने एम ए प्रथम सेमेस्टर की मेनका को प्रथम,बीए पंचम सेमेस्टर की शगुन पाठक को द्वितीय तथा बीए तृतीय सेमेस्टर की तृप्ति पाठक व सुरेन्द्र यादव को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान के लिए चुना। वहीं मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ वंदना सिंह,डॉ शकुंतला सिंह व सीमा पाण्डेय ने बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की सलोनी उपाध्याय को पहले, बीए पंचम सेमेस्टर की हर्षिता श्रीवास्तव व एम ए तृतीय सेमेस्टर की कोमल शर्मा को दूसरे तथा बीए तृतीय सेमेस्टर की सकीना व एम ए प्रथम सेमेस्टर की शिखा पाण्डेय को तीसरे स्थान के लिये चुना गया। विजयी प्रतिभागियों को प्रो पी के सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक निदेशक डॉ अनामिका सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

माटी कला बोर्ड प्रशिक्षण में 34 लोग चयनित

बलरामपुर, अमृत विचार। माटी कला बोर्ड की तरफ से प्रशिक्षण देकर 34 पुरुष व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। बृहस्पतिवार को विकास भवन में अभ्यर्थियों के चयन के लिए उनका साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद उन्हें मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र बहराइच में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीडीओ कमलेश कुमार सोनी ने साक्षात्कार लेते हुए अभ्यर्थियों की रूचि जानी। उन्होंने कहा कि नौकरी से कहीं ज्यादा बेहतर स्वरोजगार है। स्वरोजगार करके व्यक्ति आर्थिक रूप से सशक्त बनने के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकता है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजीव कुमार सक्सेना ने बताया कि साक्षात्कार के दौरान 10 महिलाओं व 24 पुरुषों का चयन किया गया है। इन लोगों को मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र बहराइच में 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान 250 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से कुल 3750 रुपए का भुगतान भी किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को इलेक्ट्रिक चॉक भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधि परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी देवीपाटन मंडल प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

भक्ति गीतों पर झूमकर खूब नाचे श्रद्धालु

भजन संध्या में भक्ति गीतों पर थिरकतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बलुहा मोहल्ले के भद्र महाकाली मंदिर में नृत्य एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिमा श्रीवास्तव ने गणेश जी के भजन हम नैन बिछाए बैठे है गणराज हमारे घर आना और बिन पिए नशा हो जाता है वो राधे राधे गाता है से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उर्मिला श्रीवास्तव, गरिमा , बबीता, विनीत सहित अन्य भक्तों ने अपने आकर्षक भजनों से लोगों का मन मोह लिया। भजन कीर्तन के बाद नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें मोहल्ले की छोटी बच्चियां गोपियों का रूप बनाकर आईं। खुशी श्रीवास्तव, श्री, सृष्टि, राशी, शुभी, आणि, आराध्या, नैना, सुगंधा और चित्रांशी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। सभी गोपियों द्वारा डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उर्मिला श्रीवास्तव ने सभी गोपियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

संवाददाता, पचपेडवा , बलरामपुर

अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

अमृत विचार: अवैध अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाकर करीब तीन दशक से कब्जा जमाए अतिक्रमण कारियों के मकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चला कर गिरा दिया है ।

पचपेड़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर धधिया नाला के पूर्व पुराने पी डब्लू डी संपर्क मार्ग पर राम अवतार यादव, राम समुझ यादव, धर्मपाल यादव ने कब्जा करके पक्का मकान बना लिया था। मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मनकापुर के शिकायत पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि द्वारा आईजीआरएस व संपूर्ण समाधान निस्तारण के संबंध में उप जिलाधिकारी तुलसीपुर को जारी पत्रांक संख्या 1755 में अतिक्रमण हटाने के लिए अपने स्तर से समुचित पुलिस बल की एवं राजस्व विभाग के अधिकारी तथा तिथि निर्धारित करते हुए कार्यालय को सूचित करते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने का आदेश जारी किया था।

गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अशोक कुमार साहनी, रामनरेश अवर अभियंता प्रांतीय खंड, रामचेत अवर अभियंता , राम लखन अवर अभियंता, नायब तहसीलदार अभिनव सिंह, राजस्व निरीक्षक घनश्याम गुप्ता, लेखपाल आशुतोष विश्वकर्मा, की उपस्थिति पुलिस बल की उपस्थिति में अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर द्वारा हटाया गया। पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया कि मकान को बचाने के लिए गांव के दो लोगो 8 लोगो से पैसा लिया था।

आकर्षक बनेगा तुलसीपार्क

संवाददाता,बलरामपुर

तुलसी पार्क का निरीक्षण करते नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार: नगर क्षेत्र पार्को की बदहाली को सुधारने के लिए आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष ने तुलसी पार्क के समतलीकरण व सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू,अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य,प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने तुलसी पार्क में समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण के कराये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि तुलसी पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। पार्क के गेट को ऊपर कराकर उसका सौंदर्यीकरण,जमीन को समतल कराकर झूला लगाया जायेगा,पार्क के किनारे -किनारे पेड़- पौधे और लाइट लगवाकर आकर्षक ढंग से बनवाया जाएगा। उक्त कार्य दीपावली के पूर्व पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है।

संभावित टीबी मरीजों की जांच जरूर कराएं : अपर निदेशक

संवाददाता,बलरामपुर

अमृत विचार : गुरुवार को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण देवीपाटन मण्डल गोंडा डॉ. जयंत कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में बलरामपुर और श्रावस्ती स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की ब्लॉक स्तर पर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा किया जाये। कार्यक्रमों की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति के अभिलेखों को नियमित रूप से अपडेट किया जाय। टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि टीबी के सभी संभावित मरीजों की जांच अवश्य कराई जाये, साथ ही यह भी सुनिश्चित हो की प्रत्येक टीबी के मरीज का ब्यौरा निःक्षय पोर्टल पर अपडेट करें और सभी मरीजों का इलाज भी सुनिश्चित भी किया जाये। नियमित टीकाकरण, जननी शिशु सुरक्षा योजना,जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, कायाकल्प अवार्ड योजना, आशा भुगतान, नेत्र ज्योति अभियान, एक अक्टूबर 2024 से संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग अभियान आदि कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। बैठक मे सीएमओ डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी,डॉ. उदयनाथ,डॉ मीनाक्षी चौधरी , डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ. बी पी सिंह, राहुल पटेल,सुशील कुमार,डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा,जनपद बलरामपुर और श्रावस्ती के बीपीएम,बीसीपीएम, ब्लॉक लेखा प्रबंधक तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक 100 दिन का काम पूरा करने वालों को दिया जाएगा अवसर

मनरेगा मजदूरों को मिलेगा रोजगार प्रशिक्षण

संवाददाता,बलरामपुर

विकास भवन सभागार मनरेगा बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: 100 दिन का काम करने वाले मजदूरों को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। जिले में अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष 82 प्रतिशत ही मानव सृजन हुआ है। इसको शत प्रतिशत पूरा किया जाए। कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह बातें बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए डीडीओ/डीसी मनरेगा कमलेश सोनी ने कही। उन्होंने बताया कि जिले में कुल एक लाख 76 हजार 152 जॉबकार्ड धारक हैं। अक्तूबर माह में 24 लाख 92 हजार 391 मानव दिवस का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक मात्र 20 लाख 22 हजार 266 ही मानव दिवस सृजत किया जा सका है। लक्ष्य के सापेक्ष अभी 18 प्रतिशत मानव दिवस कम है। इससे हरहाल में पूरा कर लिया जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि 100 दिन का काम करने वाले मनरेगा मजदूरों को रोजगारपरत प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके लिए जॉबकार्डधारकों का चयन कर लें। मनरेगा श्रमिकों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर सभी ब्लॉकों के एपीओ, एकाउंटेंट एवं ऑपरेटर मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद टूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो टूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री टूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया है। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा के राजनियकों को निष्काषित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'

डा. रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

> ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

> निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

प्रसंगवश

मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे-पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]

सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे-लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाई कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम

भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

> उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है। यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

सोशल फोरम

सोशल मीडिया को कैसे देखें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

– फेसबुक वॉल से

कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से टूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और टूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। टूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर टूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। टूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने टूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। टूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियीं का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए टूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो टूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोतगत्वा हानिकारक होता है।

उधार की न्याय देवी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैंः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।

पंडालों से उठीं दुर्गा प्रतिमाएं, शोभायात्रा शुरू

सजाई गईं आकर्षक झांकी, डीएम-एसपी ने दिखाई झंडी, आज दोपहर सीताकुंड धाम पहुंचेगी पहली प्रतिमा

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को किया रवाना।

पार्किंसगंज मोहल्ले में शोभायात्रा के लिए तैयार दुर्गा माता जी की प्रतिमा। अमृत विचार

अमृत विचार: जिले की ऐतिहासिक दुर्गा पूजा महोत्सव अपने समापन की ओर है। बुधवार की रात मुख्य मेले के अंतिम दिन अपार भीड़ उमड़ी। गुरुवार को पूजा पंडालों से माता रानी की प्रतिमाएं उठाई गईं। चौक ठठेरीबाजार में नंबरिंग से खड़ी प्रतिमाओं को केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति व प्रशासन की ओर से शाम करीब आठ बजे हरी झंडी दिखाकर विसर्जन शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को दोपहर तक पहली मूर्ति आदि गंगा गोमती के सीताकुंड तट पर पहुंचेगी।

गुरुवार की सुबह से ही शहर में स्थापित माता रानी की प्रतिमाएं संबन्धित पूजा समितियों के लोगों ने उठाई। ट्रैक्टर ट्राली, छोटी ट्रक, पिकअप आदि पर आकर्षक झांकियां सजाई गईं। जिस पर शोभायात्रा के लिए माता रानी की प्रतिमा को सजाया गया। हर झांकी के साथ एक-एक डीजे, बैंड, जनरेटर आदि रखे गए। शाम तक चौक में नंबरिंग की गई। परंपरागत तरीके से सबसे आगे बजरंग बली की बड़ी मूर्ति रही। नंबरिंग में एक नंबर पर बड़ी दुर्गा की मूर्ति रहीं। इसके बाद पीछे एक-एक कर मूर्तियां लगाई गईं। गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना, एसपी सोमेन बर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के लोगों ने हरी और लाल झंडी दिखाकर विसर्जन शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद एक-एक कर मूर्तियां निर्धारित रास्तों से आगे बढ़ती रहीं। कई देवी प्रतिमाओं के साथ पूजा समितियों के लोगों की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की झांकी निकाली गई। चलायमान स्टेज पर कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह रहे थे। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। जिले में करीब 72 घंटे तक विसर्जन कार्यक्रम चलता है। पहली मूर्ति शुक्रवार दोपहर तक पहुंचेगी। वहीं, कई प्रतिमाएं बिना नंबरिंग के सीताकुंड पर विसर्जन किया गया। मां पीताम्बरा सेवा समिति गोपालपुरम निरालानगर के अध्यक्ष अतुल कुमार पांडेय, सचिव गौरव पांडेय आदि ने मिलकर मां की प्रतिमा का नदी में विसर्जन किया। इसके अलावा कई अन्य प्रतिमाओं का भी विसर्जन किया गया।

आईजी अयोध्या की निगरानी में विसर्जित हुईं प्रतिमाएं

दोस्तपुर, सुलतानपुर : संवेदनशील माने जा रहे दोस्तपुर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन आईजी अयोध्या प्रवीन कुमार की निगरानी में आधी रात तक संपन्न कराया गया। करीब 28 घंटे बाद शाही पुल के पास पक्के सागर में मूर्ति विसर्जन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आई जी अयोध्या मंडल व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा अपने दल बल के साथ पैदल मार्च कर चार जोन में जिम्मेदारों को बांटकर विसर्जन कराया। नगर पंचायत ने विसर्जन स्थल पर प्रकाश की व्यवस्था कर मूर्ति विसर्जन के रास्ते की साफ सफाई के लिए स्वीपरों को लगा रखा था। गोताखोर भी मौजूद रखे थे। पुलिस की तरफ से असामाजिक तत्वो पर नजर रखने के लिए ड्रोन भी उडाये गये थे। थाना प्रभारी पंडित तिवारी व उप जिला अधिकारी उत्तम तिवारी व क्षेत्रा अधिकारी विनय गौतम के साथ साथ अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार पांडेय, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, महामंत्री मनोज गुप्ता, मन्नू सेठ कोषाध्यक्ष अभय सोनी रजनीश जायसवाल, शुभम मिश्रा, संरक्षक पूर्व चेयर मैन मिथिलेश कुमार मिश्र, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार, रमाशंकर पाठक , अजय आदि व्यवस्था में लगे रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मोहा सभी का मन

कादीपुर, सुलतानपुर : दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान विभिन्न समितियों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार की रात श्री दुर्गा पूजा समिति रानीपुर कायस्थ के पंडाल पर छोटे-छोटे बच्चियों ने डांडिया नृत्य कला का प्रदर्शन किया। जिसमें अदिति, ईशु,गुनगुन, काव्या, शानवी, भूमि, निहारिका, आस्था, आंशिक ने मां दुर्गा पंडाल के समक्ष शानदार डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनीता श्रीवास्तव ने बच्चियों को पुरस्कृत किया। उधर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के केंद्रीय पंडाल पटेल चौक पर मां शारदा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भजन संध्या का शानदार प्रस्तुतीकरण किया। वहीं, केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के निर्णायक मंडल ने पूजा पंडालो का निरीक्षण कर विभिन्न श्रेणियो में उसका मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल के संयोजक ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि निर्णायक मंडल के सदस्यों ने कस्बे में लगी लगभग 24 दुर्गा पूजा समितियो का मूल्यांकन किया। समितियो के मूल्यांकन के दौरान मूर्ति, साज सज्जा, लाइट, प्रसाद वितरण, अनुशासन एवं स्वच्छता को देखा गया।

मां के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

विंदेश्वरीगंज प्रतिनिधि के अनुसार: क्षेत्र के देहली बाजार से इसौली घाट विसर्जन के लिए 31 मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली गई। बघौना, देहली बाजार, पीरो सरैया, ऐंजर, कनेहटी, समरथपुर, बिछौरा सहित बाजारों व ग्रामीण क्षेत्र की 31 एक साथ देहली बाजार से विसर्जन के लिए जाती हैं। शोभायात्रा का स्वागत केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता,उप प्रबंधक राकेश यादव, प्रबंधक मुकेश अग्रहरि, विक्की सिंह ने मिलकर आचार्य प्रियव्रत शास्त्री के साथ सभी प्रतिमाओं का माल्यार्पण कर अंतिम विदाई दी। बल्दीराय एसडीएम गामिनी सिंगला ने देहली बाजार से निकल रही सभी मूर्तियों का पुलिस फोर्स के साथ निरीक्षण किया।

सुसाइड के मामले में विवेचक तलब

अदालत से

अमेठी जिले के सराय खेमा गांव का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: अमेठी जिले के सराय खेमा गांव में बेटे राकेश यादव की आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले लिए गांव के कुछ व्यक्तियों को जिम्मेदार ठहराया है।

जनपद के सराय खेमा गांव की निवासी शांति देवी ने अदालत में अपने बेटे राकेश यादव की आत्महत्या के मामले में पुलिस की लचर कार्यशैली को लेकर अधिवक्ता मानीटरिंग अर्जी दाखिल की है। अपर सिविल जज अविनाश चंद्र गौतम ने मामले में विवेचक को 28 अक्टूबर को मय केस डायरी तलब किया है।आरोप है कि मामले में केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस आरोपियों अनुराग जायसवाल, तूफान सिंह, विशाल सिंह व हंसराज मौर्य के खिलाफ सही ढंग से कारवाई नही कर रही है। राकेश ने ड्रीम 11 मोबाइल गेम में 3,55,000 रुपये जीते थे, जिसके बाद विपक्षी पक्ष के लोग उसे लगातार धमका रहे थे और 56,000 रुपये भी ले चुके थे। बार-बार की प्रताड़ना और धमकियों से परेशान होकर राकेश ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। शांति देवी ने पुलिस पर भी आरोप लगाया है कि उन्होंने प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर कार्रवाई नहीं की और सुलह का दबाव बनाया।

अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में चार्जशीट दाखिल, सुनवाई 31 को

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। न्यायाधीश राकेश पांडेय ने सुनवाई के लिए 31 अक्टूबर की तारीख नियत की है।

मामले में गिरफ्तार सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम जेल में निरुद्ध हैं। अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

राहुल गांधी के मानहानि के केस में सुनवाई 31 को

संवाददाता, सुलतानपुर : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश के कारण सुनवाई टल गई। बीती तारीख पर परिवादी भाजपा नेता विजय मिश्र का साक्ष्य विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दर्ज किया गया था । परिवादी विजय मिश्र के वकील संतोष पांडेय ने बताया गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा के अवकाश के कारण सुनवाई नही हो सकी । परिवादी से शेष जिरह के लिए 31 अक्टूबर की तारीख नियत की गई है। बेंगलुरु में एक जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है। परिवादी से जिरह की कार्रवाई में मामले की सुनवाई नियत की गई है।

आरोपी ने दाखिल की जमानत अर्जी, सुनवाई 23 को

संवाददाता, सुलतानपुर : हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी नदीम की जमानत अर्जी जिला जज की अदालत में गुरुवार को दाखिल की गई। कोर्ट ने अर्जी को एडीजे द्वितीय की अदालत में स्थानांतरित कर सुनवाई के लिए 23 अक्टूबर की तारीख नियत की है ।कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावां गांव के निवासी नदीम खान के खिलाफ हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था । मामला तब सामने आया जब नदीम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर एक अभद्र टिप्पणी पोस्ट की, जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। इस पर कुड़वार थाने के दरोगा रामबाबू ने 23 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं पर अभद्र टिप्पणी का मामला

एक नजर

सड़क हादसे में यूट्यूबर ने तोड़ा दम

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के हिन्दुआबाद गांव निवासी शिवकुमार मिश्र उर्फ हलचल (28) की बीते शाम अम्बेडकरनगर जिले के रफीगंज में सड़क हादसे में मौत हो गई। चौकी प्रभारी रफीगंज ने करौंदीकला थाने पर मौत की सूचना दी। करौंदीकला पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया। मृतक यूट्यूबर हलचल मिश्र तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। हाल ही में उसकी शादी हुई थी।

रिटायर पुलिस अधिकारी की गंभीर बीमारी से मौत

दुर्गा प्रसाद की फाइल फोटो।

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : भदैंया के बेलामोहन निवासी सेवानिवृत्त पुलिस क्षेत्राधिकारी दुर्गा प्रसाद सिंह की मंगलवार की देर रात मौत हो गयी है। बेहद सरल सज्जन दुर्गा सिह दो महीने पहले ही लीवर की बीमारी से ग्रसित हुऐ थे। जिसकी जांच के बाद दिल्ली एम्स मे उनको लीवर कैंसर की जानकारी बताई गयी। वह गोरखपुर मे काफी दिनों तक पुलिस सेवा की तथा सीओ के पद पर तैनात रहे।

मोबाइल चोर नदी में कूदा पुलिस ने दबोचा

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : दोस्तपुर में बुधवार की रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल रहा था। इसी बीच राज निवासी शाहपुर थाना जलालपुर जिला अंबेडकर नगर ने भीड़ में से एक युवक की मोबाइल लेकर भागा। गुहार पर पब्लिक राज को पकड़ने के लिए दौड़ा लिया। तभी वह राज शाही पुल से मझुई नदी में कूद पड़ा। पुलिस उसे नदी से पकड़ कर थाने ले आई। थाना प्रभारी ने बताया कि ममाले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कोटेदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लंभुआ, सुलतानपुर

एसडीएम लंभुआ को ज्ञापन सौंपते कोटेदार संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश इकाई सुलतानपुर संगठन के माध्यम से कोटेदारों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी लंभुआ मृदुल मयंक को सौंपा। उचित दर विक्रेताओं ने लाभांश बढ़ाने संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया। कोटेदारों ने ज्ञापन के माध्यम से अन्य प्रदेशों की भांति उत्तर प्रदेश में भी लाभांश देने के लिए सरकार से की मांग।

कोटेदारों ने कहा जैसे हरियाणा में 200 रुपये प्रति क्विंटल, गोवा में 230 रुपये प्रति क्विंटल, दिल्ली में 200 रुपये प्रति क्विंटल, गुजरात में 20,000 रुपये मिनिमम गारंटी इनकम दिया जा रहा है, उसी तरह उत्तर प्रदेश में भी कोटेदारों का लाभांश 90 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर लाभांश/मिनिमम गारंटी इनकम दी जाय। कोटेदारों ने यह भी कहा कि वितरण के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे अग्रणी राज्यों में है और लाभांश के मामले में सबसे पिछड़े राज्यों में है। मांगें न मानें जाने पर 4 दिसंबर 2024 को उत्तर प्रदेश के समस्त राशन विक्रेता जवाहर भवन लखनऊ का घेराव कर खाद्य आयुक्त महोदय को ज्ञापन देने की चेतावनी दी है। इस मौके पर रवींद्र प्रताप सिंह, प्रेम प्रकाश यादव, दिनेश कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बृजलाल यादव, प्रेमचंद शर्मा, अशोक कुमार सिंह, समेत तमाम कोटेदार मौजूद रहे।

- **उचित दर विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री से की लाभांश बढ़ाने की मांग**

यूजर आईडी व पासवर्ड ही नहीं तो कैसे मिलेगा लाभ

संवाददाता, सुलतानपुर

शासन ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना आशा से लेकर आंगनबाड़ी को सौंपा

अमृत विचार: जून में ही शासनादेश जारी कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना को स्वास्थ्य विभाग आशा बहू से हटा बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग को सौंपा गया था। विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा लाभार्थी महिलाओं को चिन्हित कर लाभ दिलाए जाने की बात कही गई थी। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी अभी तक विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। जिसके चलते लाभार्थी महिलाओं योजना से वंचित होना पड़ रहा है।

गर्भावस्था व प्रसव के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना की शुरुआत की गई थी। जिसके संचालन की जिम्मेदारी पहले स्वास्थ्य विभाग के आशा बहु के पास थी। जून में शासनदेश जारी कर इसकी जिम्मेदारी महिला कल्याण तथा बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग को सौपी गई है। वहीं विभाग ने लाभार्थियों को चिन्हित करने व लाभ दिलाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके लिए विभाग ने सीडीपीओ, मुख्य सेविका व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रशिक्षण देते हुए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया। वही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया था लाभार्थियों का मोबाइल से आनलाइन कर लाभ दिलाए। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी अभी तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को विभाग द्वारा यूजर आईडी व पासवर्ड नहीं मिल पाया है।

> निदेशालय से अभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का यूजर आई डी व पासवर्ड कुछ तकनीकी खामियों के चलते नही बन पाया था। जल्द ही यूजर आई डी व पासवर्ड उपलब्ध करा योजना का संचालन शुरु कर दिया जायेगा।-शरद कुमार त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी

ये हैं मानक

योजना का लाभ लेने के लिए शासन ने मानक तय किया है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाएं, दिव्यांग, पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक , किसान सम्मान निधि की लाभार्थी, मनरेगा जाब कार्ड धारक, ऐसी महिलाएं जिनके परिवार की वार्षिक आय आठ लाख से कम हो योजना का लाभ ले सकती हैं।

क्या है प्रधान मंत्री मातृत्व वंदन योजना

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं को पहले गर्भावस्था के दौरान पंजीकरण के छह माह के भीतर तीन हजार मिलेंगे। वहीं प्रसव के बाद शिशु के टीकाकरण प्रमाण पत्र जमा करने के बाद दो हजार खाते में आयेंगे। वही दूसरे बच्चे के जन्म पर अगर वह बालिका होगी तो छह हजार खाते में आयेंगे। लेकिन पंजीकरण प्रसव पूर्व गर्भावस्था के दौरान ही किया गया हो। गौरतलब हो कि सभी लाभ डीबीटी के माध्यम से आधार से लिंक खाते में ही आएंगे।

मेला देखने गये युवक को दौड़ाकर पीटा, नौ पर केस

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार: कोतवाली देहात के पूरे महोव शाह रामनगर बनकट निवासी हरिकेश उर्फ कल्लू (22) बुधवार की रात को अपने घर से अपने ही गांव में लगी दुर्गा पूजा मेला देखने गया था। वहां मेले मे पहले से ही घात लगाए बैठे लोगों ने हरिकेश उर्फ कल्लू को दुकान पर जलेबी लेते वक्त बुला लिया। लोगों ने हरिकेश को मेले से बाहर सुनसान जगह पर ले जाकर पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया और भाग निकले।

सूचना मिलने पर हरिकेश के परिवार वाले मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को सुलतानपुर राजकीय मेडिकल कालेज ले जाकर भर्ती कराया। जहां युवक का इलाज किया जा रहा है। घटना के दूसरे दिन गुरुवार को हरकेश ने थाने मे तहरीर देकर कार्रवाई की गोहार की। जिसके बाद देहात थाने की पुलिस ने गांव के ही ऋषभ यादव, आदर्श यादव, कल्लू यादव, सत्यम यादव, प्रिंस यादव, अर्पित यादव व तीन अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध गाली गलौज देने व मारने पीटने व सामान तोड़फोड़ करने सहित दलित उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है। घटना की जांच लंभुआ क्षेत्राधिकारी अब्दुस सलाम कर रहे है। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

भोजपुरी गायक राजेश ने बांधा समां

संवाददाता, सुलतानपुर

जागरण में कार्यक्रम प्रस्तुत करते भोजपुरी गायक राजेश तिवारी व भावना सिंह।

- **पयागीपुर में मां विंध्यवासिनी पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ विशाल जागरण**

अमृत विचार: दुर्गा पूजा महोत्सव में पयागीपुर चौराहे पर स्थित मां विंध्यवासिनी पूजा समिति के द्वारा आयोजित जागरण में भोजपुरी गायक राजेश तिवारी रत्न ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राजेश तिवारी रत्न जी ने हर साल आई मैया तोहरी दुअरिया, रामबन से महल में आए ममता माई दरबार बा। ऐसन मनोहर मंगल मूरत सुहावन सुंदर सूरत, निमिया के डरिया मोर मायारिया, चंदा मामा आरे आवा पारे आवा, बम बम बोल रहा है काशी, चुनरिया ओढ़ीके आदि गीतों से श्रद्धालु भक्तों को को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय गायिका भावना सिंह ने निमिया के डार, बब्बर शेर सिया राम जी का डंका रे सैया बनारस घुमाई दा आदि पचरा गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। गायिका एकता सिंह रानी ने मन लेके आया माता रानी के भवन में हे राजा बनारस घुमा दा एक से बढ़कर देवी गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सार-संक्षेप

मेले में तमंचे लेकर घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : दुर्गापूजा महोत्सव के चल रहे मेले में कस्बे में अवैध तमंचा लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। बुधवार देर रात कुड़वार कस्बे में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में दो युवकों पर आशंका होने पर पुलिस ने पीछा किया तो उनके पास एक अवैध तमंचा व 03 जिंदा कारतूस बरामद हुई। दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले गई। गिरफ्तार युवकों की पहचान संदीप कुमार गुप्ता पुत्र राम कृपाल गुप्ता निवासी भदहरा व प्रदीप यादव पुत्र गंगा राम यादव निवासी उत्तरदहा के रूप में हुई। दोनों युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव, दीवान राम कुमार यादव व आरक्षी अभिषेक सिंह शामिल रहे।

बस से उतरते समय चक्के के नीचे आया युवक, मौत

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 181 किमी पर हुई सड़क दुर्घटना में नियाज़ अहमद (45) पुत्र मोहम्मद मुस्तफा शेख़ निवासी ग्राम हरपुर, थाना अखंडनगर की मौत हो गई। मृतक आजमगढ़ से रोडवेज बस से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बस धीमी हुई, नियाज़ अहमद उतरने लगा और लड़खड़ाकर गिर गया। जिससे बस का पिछला पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को कब्जे में ले लिया।

सुलतानपुर से शिवपाल तो बेलवाई से राम बने सभापति

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड सुलतानपुर व बेलवाई के अध्यक्ष/सभापति व उपसभापति का चुनाव निर्विरोध जीत लिया हैं। सुलतानपुर से शिवपाल सिंह उर्फ गांधी व बेलवाई से राम अकबाल सिंह निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। भाजपाइयों ने जीत पर एक दुसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह, गिरीश नारायण सिंह,डॉ सीताशरण त्रिपाठी आदि की उपस्थिति में प्रात: 11 बजे के बाद अध्यक्ष/सभापति पद के लिए शिवपाल सिंह उर्फ गांधी व उपसभापति के लिए सुमनलता रावत ने सहकारी गन्ना विकास समिति के रूद्रनगर स्थित कार्यालय पर नामांकन दाखिल किया। वही बेलवाई में भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी व जिला मंत्री मनोज मौर्या व राजेश सिंह की उपस्थिति में सभापति पद के लिए राम अकबाल सिंह व उपसभापति के लिए संतोषी देवी ने नामांकन किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि तय समय बीत जाने के बाद किसी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन न किए जाने पर अपराह्न 4 बजे के बाद सुलतानपुर से शिवपाल सिंह उर्फ गांधी और बेलवाई से राम अकबाल सिंह को सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड का सभापति निर्वाचित घोषित कर दिया गया। वहीं, उप सभापति के लिए सुलतानपुर से सुमनलता रावत व बेलवाई से संतोषी देवी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

मारपीट में तीन महिलाओं समेत पांच घायल

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : भूत प्रेत के चक्कर को लेकर हुई मारपीट में तीन महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में बृहस्पतिवार की सुबह नौ बजे भूत प्रेत के चक्कर को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि विपक्षी भूत करने का आरोप लगाते हुए घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे झींगुरी, उनकी पत्नी अनीता, पुत्र गोविंद, पुत्री रानी व पुत्रवधू पिंकी घायल हो गई। पीड़ित झीगुरी की तहरीर पर गांव के ही राधेश्याम एवं अरविंद के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आयोजन हैंडबॉल, एथलेटिक्स व हॉकी के लिए हुआ खिलाड़ियों का ट्रायल्स

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता को खिलाड़ी चयनित

संवाददाता, सुलतानपुर

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्टेडियम में चयनित वॉलीबॉल टीम। अमृत विचार

अमृत विचार: शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेशीय समन्वय सब जूनियर में हैंडबॉल और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित प्रदेशीय प्रतियोगिता हेतु मंडल ट्रायल के लिए हॉकी और एथलेटिक्स में चयन किया गया।

हैंडबॉल में सबजूनियर बालक में 12 और बालिका में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया, वहीं हॉकी में सीनियर पुरुष में 6 खिलाड़ी चयनित हुए। एथलेटिक्स में सीनियर महिला पुरुष वर्ग में 10 पुरुष एवं 8 महिला का चयन किया गया। खेल प्रशिक्षक प्रवीन मिश्रा, शुभेंदु यादव, आशुतोष, शमा बानो की देख रेख में खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ी क्षेत्रीय खेल कार्यालय डाभा सेमर अयोध्या में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी आनन्द पाण्डेय, विक्रम सिंह , मुनेंद्र मिश्र, पंकज दुबे, हीरालाल यादव, पंकज कनौजिया और आसिफ आदि मौजूद रहे।

इनका हुआ चयन

हैंडबाल बालक वर्ग में विजय नरायन सेन, कमलेश दुबे, गुरु हर्ष नरायण सेन, शिवा, कान्हा धुरिया, अनीश, अबू अनाब, समीर अली, अंश यादव, अफ्फान राशिद खान, रूद्र प्रताप सिंह, रूद्र मिश्र और बालिका वर्ग में खुशी, नैसी मोदनवाल, सुभी मिश्रा, दीक्षा यादव, रिया यादव, अनम फातिमा, जोहा अजीम, काजल मोदनवाल, जिकरा खान, अक्षरा, इलमा खान, अंशू यादव का चयन किया गया है। हॉकी में प्रभाकर कुमार, गजेंद्र कुमार, सूरज कुमार, अनुराग, राहुल व अमित कुमार का चयन हुआ है। इसी तरह एथलेटिक्स में भी विभिन्न इवेंट में खिलाड़ियों का चयन किया है।

सब जूनियर बालिका में जिले की टीम रही विजेता

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार: अयोध्या में बुधवार को आयोजित मंडल स्तरीय खो खो प्रतियोगिता सबजूनियर बालिका में सुलतानपुर की टीम चैंपियन बनी। जूनियर वर्ग के बालक व बालिका की टीम उपविजेता रही।

खो-खो सब जूनियर बालिका टीम ने सेमीफाइनल में सुलतानपुर की टीम ने अंबेडकर नगर को 12-0 से एक तरफा हराया। उसके बाद फाइनल में अयोध्या को पटखनी दी। सब जूनियर वर्ग में बेसिक के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में जिले की बालक व बालिका की टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों वर्गों में टीम उपविजेता रही। जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 18 से 23 अक्टूबर तक अयोध्या में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने दमखम दिखाएंगे। खिलाड़ियों के साथ खेल शिक्षक सुरेश यादव, कौशलेंद्र सिंह, राजेश कनौजिया, मुनेंद्र मिश्र, नीतीश पाण्डेय, अनिल सोनी, ओपी कनौजिया, हरिश्चंद्र मौजूद रहे। टीमों के इस प्रदर्शन पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, शिक्षिका श्रद्धा सिंह, अनुपम वर्मा सहित शिक्षकों व खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

कहा- आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार करें, अनावश्यक परेशान न करें

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचारः जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज, का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के जिलाधिकारी द्वारा इमरजेंसी कक्ष को देखा गया। इमरजेंसी वार्ड, जनरल वार्ड, आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एमसीएच विंग आदि को भी देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आने वाले मरीजो/तीमारदारों से अच्छा व्यवहार करे अनावश्यक परेशान न करे। साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कोई भी डॉक्टर बाहर की दवा नही लिखेंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तीमारदारों से खाने व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही मरीज विवरण पंजिका को देखा गया। मरीज विवरण पंजिका में मरीज का विवरण दर्ज न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने डॉ. गोविन्द भरत व स्टाप नर्स अनिल का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। इसके पश्चात प्रसूति संकाय कक्ष को देखा गया। मरीज द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई व्यवस्था ठीक रहता है। मरीजों के बेड पर मरीज के विवरण नही लिखा गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मरीज का विवरण भरने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला शशिकला का केस सीट को देखा गया। प्रसव पश्चात दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का विवरण न भरा होने पर डाक्टर पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। बाबू अनूप श्रीवास्तव को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, व अन्य संबंधित डाक्टर कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

डीएम ने क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज, में बन रहे 50 बेड कें क्रिटिकल केयर यूनिट का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण एवं समय से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही थर्ड पार्टी सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया।

बुआई करने के लिए बीज उपलब्ध

संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : पशुओं के लिए हरा चारा के रूप कर बुआई के लिए उसका बाजार कस्बे के राजकीय पशु चिकित्सालय उसका बाजार पर बीज उपलब्ध है। यह जानकारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिमेष मिश्र ने दी है। उन्होंने कहा कि पशुओं को खिलाने वाला हरा चारा जई का बीज पशु पालकों को पचास प्रतिशत सब्सिडी पर मिलेगा। जिन पशु पालकों को जई का बीज लेना है वो पशु चिकित्सालय पर आकर प्राप्त कर सकतें है।

जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचारः जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल बीमा योजना व अन्य सभी योजनाओं के समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लाभार्थियो को इसका लाभ दिलाना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि सरकार द्वारा जो बच्चो को स्कूल ड्रेस, बैग, जूतामोजा आदि हेतु धनराशि प्रेषित की गयी है छात्रों के अभिभावको को प्रेरित कर क्रय कराये। मध्यान्ह भोजन प्रत्येक विद्यालय पर गुणवत्तापूर्ण बनना चाहिए जितने बच्चे उपस्थित उतने ही दर्शाये जाये। इसके साथ ही नामांकन के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित कराये। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जो भी पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है उसे मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये। जिन ग्रामो में पंचायत भवन निर्माण हेतु धनराशि प्रेषित की गयी है उन ग्रामो में पंचायत भवन का निर्माण कराना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही टाइल्स, फर्नीचर व अन्य सभी कार्य कराना सुनिश्चित करे। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत ट्रान्सफार्मर बदलवाना सुनिश्चित करे। कोई भी ट्रान्सफार्मर खुले में न रहे। ट्रान्सफार्मर ढकने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करे। शेड्यूल अनुसार विद्युत आपर्ति करने का निर्देश दिया। माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण की समीक्षा की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एम्बुलेस समय से लाभार्थी तक पहुॅचे। लाभार्थियों का फीडिंग समय से पूर्ण कराये तथा अनुदान समय से प्रेषित कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो एवं कनेक्शन का कार्य समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। फैमिली आईडी बनवाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। कृषि रक्षा रसायन का अनुदान डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खाते में प्रेषित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री डैश बोर्ड विकास कार्यों की समीक्षा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय सोलर लाइट योजना, सोलर स्ट्रीट लाइट बीकेएस ग्राम उन्नति योजना, विद्युत विभाग द्वारा खराब ट्रांसफार्मर को बदलने में, कृषि रक्षा रसायन डी0बी0टी0, एम्बूलेंस सेवा(102), टेली रेडियोलाजी, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, मोबाइल मेडिकल यूनिट, दिव्यांग पेंशन आधार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या विवाह सहायता योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन आदि की समीक्षा की। इसके अलावा अन्य विभागों में संचालित अन्य योजनाओं/ परियोजनाओं में शासन के मंशा के अनुरूप कार्यो में प्रगति लाकर शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण करें।

शिक्षकों ने दिया धरना

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। विकास खण्ड बर्डपुर के बीईओ की कार्यशैली से सभी शिक्षक त्रस्त हो होकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बडपुर में गुरुवार को एक दिवसीय धरना देकर जिलाधिकारी को संबोधित पत्र भेजा। जिसमें विद्यालयों कर कंपोजिट ग्रांट में 10 प्रतिशत की वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई। आज शिक्षकों के धरने को संबोधित करते हुए शिक्षक नेता कलीमुल्लाह ने कहा कि बीईओ द्वारा कंपोजिट ग्रांट से 10 प्रतिशत जबरन वसूल किया गया है। कुछ अध्यापकों ने 10 प्रतिशत नहीं दिया उसको दबाव बनाकर दिलवा दिया गया।जमुहवा के अध्यापक से डेढ़ लाख रुपया लिया गया। कहा कि एक लिपिक ने रुपया लिया। वह सरकारी किताबों तक को बेच देता है। शिक्षाको से बीस से तीस हजार रुपया का धनारोहण करता है। सुबह विद्यालय को जांच करते हैं और 3 बजे के बाद बीआरसी बुलाकर रुपया मांगते हैं और नगद रुपया न होने पर अपने खाते में रुपए लेता है।

सब जूनियर नेशनल रोइंग प्रतियोगिता 22 से

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः गोरखपुर की मेजबानी में रामगढ़ताल में 22 से 26 अक्टूबर तक होने वाली सब जूनियर नेशनल रोइंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों, अतिथियों और टीम स्टाफ के लिए शहर के होटलों और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 106 कमरे बुक कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन गत वर्ष हो चुका है। इस बार भी आयोजन ऐसा होगा कि रामगढ़ताल में जल क्रीड़ा की प्रतियोगिताओं की नई श्रृंखला शुरू हो जाए।

सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के आयोजन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक करते हुए मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिछले साल मई में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के अंतर्गत हुई रोइंग प्रतियोगिता से गोरखपुर में वाटर स्पोर्ट्स (जल क्रीड़ा) की संभावनाएं साकार हो चुकी हैं। अब सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप नया अवसर है। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रतियोगिता को अभूतपूर्व बनाने के लिए इससे जुड़े सभी विभागों की तरफ से पूरी प्रतिबद्धता के साथ समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का उद्घाटन प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव करेंगे जबकि समापन पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद रहेंगे। उन्होंने 19 अक्टूबर तक रामगढ़ताल में रोइंग प्रतियोगिता के लिए लेन कोर्स से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर लेने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रतियोगिता के दौरान अतिथियों, निर्णायकों, खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के लिए होटल रैडिसन ब्लू मोहद्दीपुर में 10, द सेवन इन खोराबार बाईपास रोड में 6, होटल शिवम ग्रैंड दिव्य नगर में 50, होटल द विंध्य सिकटौर में 15 और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 25 कमरे रिजर्व रहेंगे। बालक खिलाड़ियों और उनके कोच को होटल शिवम ग्रैंड में तथा बालिका खिलाड़ियों व उनके कोच को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ठहराया जाएगा।

कई गाड़ियों के मार्ग में किया गया परिवर्तन

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के रंगिया मंडल के नलवारी एवं बाईहाटा रेल खंड के मध्य दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य तथा इसके पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण किया जायेगा।

गुवाहाटी से 21 एवं 28 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईगांव के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा।

गुवाहाटी से 23 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईगांव के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा। डिब्रूगढ़ से 26 एवं 27 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 20503 डिब्रूगढ-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईगांव के रास्ते चलायी जायेगी। अमृतसर से 25 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा।

चण्डीगढ़ से 20, 23 एवं 27 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव रंगिया स्टेशन पर नहीं रहेगा। नई दिल्ली से 25, 26 एवं 28 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 20504 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते चलायी जायेगी। नई दिल्ली से 24 एवं 27 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 20506 नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोलपारा टाउन-गुवाहाटी-लामडिंग-फरकाटिंग-मराणहाट के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव उत्तर लखीमपुर, हारमती जं., रंगापाड़ा नार्थ, न्यू मीसामारी, उदालगुड़ी, टांगला, रंगिया स्टेशनों पर नहीं रहेगा। डिब्रूगढ़ से 25 एवं 28 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 20505 डिब्रूगढ-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मराणहाट-फरकाटिंग-लामडिंग-गुवाहाटी-गोलपारा टाउन के रास्ते चलायी जायेगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

भारतीय रेल की वॉलीबॉल टीम में अभिलाष का चयन

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ नरसा द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराये जा रहे आधुनिक संसाधनों एवं प्रशिक्षण के फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर उपलब्धियों का क्रम जारी है।

21 से 26 अक्टूबर, 2024 तक जर्मनी में आयोजित विश्व रेलवे वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के वॉलीबॉल खिलाड़ी अभिलाष चौधरी का चयन भारतीय रेल की वॉलीबॉल टीम में किया गया है। इसी प्रकार, राजकोट में आयोजित अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के अंचित यादव का चयन भारतीय रेल के क्रिकेट टीम में तथा चंडीगढ़ एवं अहमदाबाद में आयोजित रणजी ट्रॉफी हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के उपेन्द्र यादव, युवराज सिंह एवं रजत नरवाल को भारतीय रेल की सीनियर पुरुष टीम में चुना गया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर महाप्रबन्धक, पू. रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण एवं अध्यक्ष/ नरसा अभय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष/नरसा सुनील कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, वॉलीबॉल/सचिव डॉ. फहीम अहमद, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंहने शुभकामनायें दीं।

सार-संक्षेप

एक दर्जन ट्रेनों का रूट डायवर्जन

संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा हेतु उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज जं. स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग एवं रूट रिले इन्टरलॉकिंग से आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इण्टरलॉकिंग में परिवर्तन कार्य किये जाने के कारण 1 जोड़ी गाड़ी का मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया गया है। बलिया से 20 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 22427 बलिया-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग वाराणसी-प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं.-कानपुर सेन्ट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग वाराणसी-जंघई-लखनऊ-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव ज्ञानपुर रोड एवं प्रयागराज जं. स्टेशनों पर नहीं रहेगा। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव प्रयागराज जं एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर नहीं रहेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

बालिका दिवस में तीन बालिकाएं सम्मानित

संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : नगर पंचायत उसका बाजार स्थित स्वाभिमान समिति कार्यालय पर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह गुरुवार को समाप्त हुआ। इस अवसर पर आयोजित बालिका मिलन समारोह में तीन बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार से चिकित्साधिकारी डॉक्टर प्रीति शुक्ला ने किशोरियों को संबोधित करते हुए बताया कि आप सबको मन लगाकर पढ़ना है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने अधिकार को जानो तो तुम्हारे साथ भेदभाव और शोषण नहीं होगा। स्वाभिमान समिति के सचिव विनोद प्रजापति और ममता वर्मा ने भी बालिकाओं को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने चित्रकला में प्रथम स्थान पाने वाली मनीषा चौधरी, दूसरा स्थान पर अमीषा निषाद और तीसरे स्थान पर आने वाली साधना भारती को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुमन साहनी, विमलेश, रीता त्रिपाठी सहित दर्जनों गांव से आई किशोरियां उपस्थित रहीं।

उपजिलाधिकारी को सौंपा 13 सूत्री ज्ञापन

संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जिले के तहसील शोहरतगढ़.अन्तर्गत रसोइयां कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष गीता देवी व जिला मंत्री विजय नाथ तिवारी ने तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 13 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को सौंपा। वहीं ज्ञापन के माध्यम से नवीनीकरण पाल्य व्यवस्था को समाप्त किये जाने, न्यूनतम वेतन 26000/- मानदेय बढ़ाये जाने, 12 माह का मानदेय भुगतान किये जाने व अवश्य रूप से रसोइयों को 9.00 बजे से 3.00 बजे तक रोके जाने, आंगनबाड़ी के बच्चों को भोजन बनाकर खिलाने का भुगतान, रसोइयों को न दिये जाने सहित 13 सूत्रीय मांग पत्र सीटू से सम्बृद्ध मिड डे मील रसोइयां कर्मचारी यूनियन के नेता विजय नाथ तिवारी ने बताया की रसोइयों के समस्यायों का हल नहीं निकाला गया तो संघ अगले चरण में आन्दोलन और तेज किया जायेगा। जिला मंत्री विजय नाथ तिवारी के नेतृत्व में बीआरसी शोहरतगढ़ से जुलूस निकालकर प्रर्दशन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 13 सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज गोंड ने कहा कि चन्द्रावती देवी के निर्णय को लागू किये जायें। वहीं प्रदर्शन में उपस्थित गीता देवी, संगीता, अकालमती, आरती, दुर्गवती, अनारकली, पूर्णमासी, मो. इस्लाम, श्याम लाल शर्मा, बृज बिहारी कविता, दधिवल, शत्रुघ्न, मन्जू, विष्टा देवी, फूलझारी, उर्मिला, दुरपाती, निर्मला, श्यामराजी, सबरुननिशा, हफिजा बेगम, कान्ति, परमेश्वर प्रसाद, किरन, अंजनी सहित सैकड़ों रसोइयां उपस्थित रहीं।

इंटरलॉकिंग की वजह से ट्रेनों के मार्ग बदले

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु मध्य रेलवे के कसारा स्टेशन पर प्लेटफार्म सं. 01 एवं 03 के विस्तार हेतु प्री नॉन इंटरलॉक एवं नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

बलिया से 19 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जलगांव-नन्दूरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव पचोरा जं., चालीसगांव, नादगांव, मनमाड, लासलगांव, नासिक रोड, ईगतपुरी स्टेशनों पर नहीं रहेगा। गोरखपुर से 19 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जलगांव-नन्दूरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव पचोरा जं., चालीसगांव, नादगांव, मनमाड, लासलगांव, नासिक रोड, ईगतपुरी स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

जयनगर से 19 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जलगांव-नन्दूरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव पचोरा जं., चालीसगांव, नादगांव, मनमाड, लासलगांव, नासिक रोड, ईगतपुरी स्टेशनों पर नहीं रहेगा। छपरा से 19 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 05069 छपरा-पनवेल विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग जलगांव-नन्दूरबार-भेस्तान-वसई रोड के रास्ते चलायी जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव पचोरा जं., चालीसगांव, नादगांव, मनमाड, लासलगांव, नासिक रोड, ईगतपुरी स्टेशनों पर नहीं रहेगा। गोरखपुर से 19 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मनमाड-अहमदनगर-दौंड़-पुणे-लोनावाला-कर्जत-कल्याण के रास्ते चलायी जायेगी।

स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार : भारतीय रेल पर चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत स्टेशनों एवं ट्रेनों में स्वच्छता के स्तर को और बेहतर करने के साथ ही कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की उपयोगिता के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे पर यानों एवं लोकेमोटिव, स्क्रैप इत्यादि से निकले हुये वेस्ट मटेरियल से नयनाभिराम कलाकृतियों का निर्माण किया गया है, जो पूर्वोत्तर रेलवे की स्वच्छता एवं रिसाइकलिंग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 'वेस्ट टू वेल्थ' न केवल स्वच्छता के संदेश को फैलाने का माध्यम है बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक सशक्त कदम है।

▸▸ भारतीय रेल पर स्वच्छता को लेकर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान 4.0

स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अवसर पर 'वेस्ट टू वेल्थ' के अन्तर्गत यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा यानों एवं लोकेमोटिव इत्यादि से निकले हुये वेस्ट मटेरियल से बनी आकर्षक एवं सुन्दर कलाकृतियों को रेल म्यूजियम, गोरखपुर में 01 अक्टूबर, 2024 को 'वेस्ट टू आर्ट पार्क' के शुभारम्भ के अवसर पर स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य ने केवल रेल म्यूजियम के दर्शकों को आकर्षित करना है बल्कि उन्हें स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है। पार्क में प्रदर्शित सभी कलाकृतियाँ वेस्ट मटेरियल से बनाई गई हैं, जो स्वच्छता एवं रिसाइकलिंग का बेहतरीन उदाहरण है। आरओएच डिपो, गोंडा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आरओएच परिसर पोर्टिको के सामने खाली स्थान को पार्क के रूप में विकसित करने का कार्य प्रगति पर है, जिसमें वैगन से निकले स्क्रैप अथवा रिलीज मटेरियल का उपयोग कर कलाकृतियाँ स्थापित की गई हैं, जिसमें सी.टी.आर.बी. लॉकिंग प्लेट एवं वेज ब्लॉक से बाघ तथा सारस प्रमुख हैं। इस पार्क को विकसित किये जाने से आर.ओ.एच. परिसर की सुन्दरता में वृद्धि के साथ ही स्थानीय जनता के लिये आकर्षक का केंद्र होगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

एडीजी रेलवे ने अपराध गोष्ठी में दिए अहम निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः एडीजी रेलवे, उप्र प्रकाश डी. द्वारा जीआरपी लाइन में अपराध गोष्ठी, अपराध नियंत्रण, रेलवे ट्रैक की सुरक्षा व मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा कर अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

एडीजी रेलवे, उप्र लखनऊ प्रकाश डी. द्वारा पुलिस अधीक्षक रेलवे संदीप कुमार मीना, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे विनोद कुमार के साथ जीआरपी लाइन गोरखपुर में रेलवे अनुभाग के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में रेलवे ट्रैक पर अवरोध, ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर नियंत्रण, ट्रैक पेट्रोलिंग, महाकुंभ-2025 की तैयारियो व मिशन शक्ति अभियान पांचवें चरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर निर्देशित किया गया।

अपराधियों को चिन्हित करने,संवेदनशील स्थानों की सूची बनाकर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले नागरिकों को जागरूक किया जाये। पूर्व में घटित घटनाओं का अनावरण करके अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन करने तथा ट्रेनों में एस्कॉर्ट व्यवस्था की समीक्षा करके समुचित दिशा-निर्देश दिये गए। रेलवे ट्रैक व यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अधिक सर्तकता व ज्यादा संवेदनशीलता बरतने व शासन की गाईड लाइन का पालन कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक निर्देश दिये गये। कानून व्यवस्था, आपराधिक प्रकरण, विवेचनाओं के निस्तारण एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही आदि तथा सी-प्लान एप से अपराधियों का सत्यापन व निगरानी रखे जाने हेतु सख्त निर्देश दिये। जीआरपी लाइन में उपस्थित सभी प्रभारी निरीक्षक/ थाना प्रभारी व सभी हेड कांस्टेबल व कांस्टेबलों के साथ सैनिक सम्मेलन कर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को सुना गया व उसके निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मिशन शक्ति फेज 5.0 की 90 दिवस कार्यशाला से सभी उपस्थित कर्मचारियों को अवगत कराते हुए इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत समस्त थाना/ चौकी प्रभारी को किसी भी प्रकार की कोई घटना छेड़खानी, जहर खुरानी, चोरी, छिनैती आदि) ट्रेनों में, प्लेटफार्मों पर घटित ना हो इसके लिए विशेष कार्य योजना बनाते हुए पूर्ण निगरानी रखकर सतर्कता बरतते हुए कार्य सरकार संपादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

ए डी जी द्वारा थाना समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का आपस में तथा ड्यूटी के दौरान जनता/यात्रियों के प्रति व्यवहार अच्छा करें व सभी आपसी समन्वय कर अपराध नियन्त्रण की कार्यवाही करायें।

मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस के फेरे बढ़े

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचारः रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार मुजफ्फरपुर से 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2024 तक तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 23 अक्टूबर से 01 दिसम्बर, 2024 तक 40 फेरों के लिये किया जायेगा।

फलस्वरूप 05283 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी 22 अक्टूबर से 30 नवम्बर, 2024 तक प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से 06.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 07.02 बजे, मेहसी से 07.19 बजे, चकिया से 07.30 बजे, पिपरा से 07.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 08.00 बजे, सगौली से 08.27 बजे, बेतिया से 08.52 बजे, नरकटियागंज से 09.35 बजे, हरिनगर से 09.55 बजे, बगहा से 10.27 बजे, गोरखपुर से 15.00 बजे, बस्ती से 16.03 बजे, गोण्डा से 17.35 बजे, लखनऊ से 20.10 बजे, हरदोई से 21.40 बजे, शाहजहाँपुर से 22.41 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 01.40 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 05.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05284 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर विशेष गाड़ी 23 अक्टूबर से 01 दिसम्बर, 2024 तक प्रतिदिन आनन्द विहार टर्मिनस से 07.00 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 10.20 बजे, शाहजहाँपुर से 12.25 बजे, हरदोई से 13.11 बजे, लखनऊ से 15.30 बजे, गोण्डा से 18.05 बजे, बस्ती से 19.30 बजे, गोरखपुर से 21.10 बजे, बगहा से 23.47 बजे, दूसरे दिन हरिनगर से 00.12 बजे, नरकटियागंज से 00.35 बजे, बेतिया से 01.12 बजे, सगौली से 01.37 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 02.05 बजे, पिपरा से 02.35 बजे, चकिया से 02.47 बजे, मेहसी से 03.00 बजे तथा मोतीपुर से 03.22 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 04.50 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआरडी के 2, साधारण द्वितीय श्रेणी के 8 तथा शयनयान श्रेणी के 7 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

श्री राम जानकी मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वाल्मीकि जयंती

डीएम-एसपी ने किया पूजन, दीप प्रज्ज्वलित कर वाल्मीकि रामायण पाठ की शुरुआत की

संवाददाता, संतकबीरनगर

महर्षि वाल्मीकि की आरती करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर।

पूजा में सहभाग करते डीएम, एसपी समेत तमाम अधिकारी।

अमृत विचार: शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के कुशल मार्गदर्शन में जनपद मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर खलीलाबाद में पूरे उत्साह और उमंग के साथ महर्षि वाल्मीकिजी की जयन्ती और वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती और रामायण पाठ कार्यक्रम का शुभारम्भ बाल्मीकी जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर पूजा अर्चना किया।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकिजी अपने बचपन में धार्मिक कार्यों से बहुत दूर रहे, परन्तु जब उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ तब प्रभु श्रीराम के शरण में चले गये और प्रभु की भक्ति में लीन हो गए। उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति और आत्मशक्ति से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। महर्षि वाल्मीकिजी की जयन्ती के अवसर पर हम उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। महर्षि वाल्मीकि जयंती का यह कार्यक्रम सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा पंजीकृत सांस्कृतिक दल ''महेश मौर्या एण्ड लोक गीत पार्टी'' के कलाकारों द्वारा महर्षि वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन व भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीराम जानकी मंदिर के महन्त कृष्ण मुरारी दास, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, तहसीलदार सदर जनार्दन, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद आर.के. पांडेय, विकास खंड कार्यालय खलीलाबाद से विंध्यवासिनी शुक्ला, नगर पालिका खलीलाबाद से गोरखनाथ यादव, पंकज कुमार, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सोशल ऑडिट टीम ने परखा गांव का विकास

सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार। सांथा ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत चार ग्राम पंचायतों में बृहस्पतिवार को सोशल ऑडिट सकुशल सम्पन्न हो गई। सोशल आडिट टीम ने गांवों में कराए गए विकास कार्यों का स्थलीय सत्यापन कर ग्रामीणों के साथ खुली बैठक में विकास कार्यों के सत्यापन पर मुहर लगाई।पारदर्शिता, सहभागिता और जवाबदेही के अनुपालन में विकास खंड सांथा अन्तर्गत ग्राम पंचायत अठलोहिया, अतरी नानकार, अमथरी और बजही में सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। जहां पर सोशल ऑडिट टीम के द्वारा दो दिनों तक गांव में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया।

झुलसी दुष्कर्म पीड़िता ने तोड़ा दम

संवाददाता, बस्ती

आरोपी गिरफ्तार

- विरोध पर आरोपी ने डीजल डालकर लगा दी थी आग
- कप्तानगंज के एक गांव में बीती 1 अक्टूबर को हुई थी वारदात

अमृत विचार : कप्तानगंज थाना अंतर्गत एक गांव के युवक ने एक 17 वर्षीया किशोरी से दुष्कर्म किया था, जब उसनें इसका विरोध किया तो घर में रखे डीजल को उस पर छिड़ककर कर आग लगा दी। उसका इलाज लखनऊ के सिविल अस्पताल में चल रहा था, बुधवार को उसने दम तोड़ दिया।

पीड़िता के शव का पोस्टमार्टम लखनऊ में कराया गया। इसके बाद उसके शव को बस्ती लाया जाएगा। कप्तानगंज थाने से एक पुलिस टीम भी लखनऊ पहुंच चुकी है। सीओ कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी के अनुसार लखनऊ में पीड़िता के मौत की जानकारी हो गई है, आरोपी शंकर गोंड को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कप्तानगंज थाने में दर्ज मुकदमें में धाराओं में बढ़ोतरी की जाएगी।उल्लेखनीय है कि उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासिनी 17 वर्षीया किशोरी से एक अक्टूबर को दुष्कर्म के बाद उस पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी गई थी, जिसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कप्तानगंज में भर्ती कराया गया था। यहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल बस्ती और यहां से हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया था। किशोरी के शरीर का करीब अस्सी प्रतिशत हिस्सा झुलस गया था। नौ अक्तूबर को परिजन उसे अस्पताल से घर ले आए थे। इसके बाद 12 अक्तूबर को कप्तानगंज थाने पर पहुंचकर गांव निवासी शंकर गौड़ के खिलाफ तहरीर दी गई थी। किशोरी की हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ में भर्ती कराया गया था। तहरीर में आरोप लगाया गया कि एक अक्तूबर की शाम उनकी पुत्री जब घर में अकेली थी, तब गांव का शंकर गौड़ घर में घुस गया और पुत्री से जोर-जबरदस्ती की थी। पुत्री नें विरोध किया तो जान से मारने की नीयत से घर में रखा हुआ डीजल छिड़क कर आग लगा दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी।

जिला अस्पताल पर उमड़ रही मरीजों की भीड़

संवाददाता, संतकबीरनगर

जिला अस्पताल में मरीजों की लगी लंबी लाइन। अमृत विचार

- लगातार बढ़ रही चर्म रोग व बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या

अमृत विचार: अक्टूबर महीने का पहला पखवारा बीतने के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी और उमस से मुक्ति मिल गई है। सुबह शाम की हवाएं लोगों को ठंड के आगमन का एहसास कराने लगी है। रात में कूलर और एसी की जरूरत नहीं पड़ रही है। लेकिन बदलते मौसम के चलते मौसमी बीमारियों ने अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है। लोगों को बुखार, जुकाम, खांसी और चर्म रोग की दिक्कतें होने लगी हैं।

बृहस्पतिवार को जिला अस्पताल मरीजों से खचाखच भरा दिखाई दिया। सर्वाधिक भीड़ फिजीशियन और चर्म रोग विशेषज्ञ के पास देखी गई। यहां मरीजों को अपनी बारी की घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ी। चर्मरोग विशेषज्ञ डॉ गौतम ने बताया कि ठंड के दस्तक देते ही लोगों को दाद, खाज और खुजली समेत त्वचा सम्बन्धी समस्याएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि रोज लगभग 200 मरीज आ रहे हैं। डॉ गौतम ने बताया कि लोगों को खान-पान में बेहद सावधानी बरतनी चाहिए। बासी भोजन और फास्ट-फूड का सेवन करने से परहेज़ करना चाहिए। खाने में हरी सब्जियों और सलाद का सेवन ज्यादा करना चाहिए। ज्यादा तैलीय और मसालेदार ब्यंजनो से परहेज़ करना चाहिए। अपने आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पानी को उबालकर ही पीना चाहिए और रोज कम से कम पांच लीटर पानी पीना चाहिए। इससे त्वचा में रुखापन नहीं आएगा और त्वचा सम्बन्धी बीमारियों से भी बचे रहेंगे। सीएमओ डॉ रामानुज कन्नौजिया ने बताया कि जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी और पीएचसी पर दवाओं और चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता है। मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर झोलाछाप या प्राइवेट चिकित्सकों के चंगुल में फंसने की बजाय मरीजों को सरकारी अस्पतालों पर ही उपचार कराना चाहिए। सरकारी अस्पतालों पर जांच से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है।

जनपद में फास्फेटिक उर्वरकों की है पर्याप्त उपलब्धता : डॉ. सर्वेश

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार। जिला कृषि अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार यादव ने बताया है कि कतिपय समाचार पत्रों में डीएपी के जगह मिल रहा एनपीके और डीएपी की किल्लत के संबंध में खबरें प्रकाशित हुई हैं जो पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय जनपद में डीएपी की उपलब्धता 2058 एमटी 181 निजी केन्द्रों में, साधन सहकारी समिति लि. के केन्द्रों में और बफर में 994 एमटी उपलब्ध है। इसके अलावा एनपीकेएस की उपलब्धता 1062 एमटी 182 निजी केन्द्रों में साधन सहकारी समिति लि. के केन्द्रों में और सिगंल सुपर फास्फेट की उपलब्धता 5818 एमटी 401 निजी केन्द्रों पर उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में जनपद के लिए 4850 एमटी डीएपी और 1900 एमटी एनपीके का लक्ष्य रैक प्लान में किया गया है। अगले सप्ताह लगभग 2500 एमटी डीएपी और एनपीके की रैक जनपद में आनी प्रस्तावित है। किसानों को जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि डीएपी में केवल दो पोषक तत्व क्रमशः 18 प्रतिशत नाईट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फोरस पाया जाता है। जबकि एनपीकेएस में तीन पोषक तत्व क्रमशः 20 प्रतिशत नाईट्रोजन, 20 प्रतिशत फास्फोरस और 13 प्रतिशत सल्फर पाए जाते हैं। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट में 16 प्रतिशत और सल्फर 11 प्रतिशत के अलावा जिंक, बोरान, कैल्शिम, आदि सूक्ष्म तत्व भी पाए जाते हैं।

डीएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण

संवाददाता कुशीनगर।

निरीक्षण के दौरान कार्यों के बारे में जानकारी लेते जिलाधिकारी।

अमृत विचार: जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा पडरौना के ग्राम सभा नरसर में मनरेगा के अंतर्गत कराए जा रहे सिल्ट सफाई कार्यों, सिंचाई नाली निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सभा में तीन स्थलों पर सिंचाई नाली व सिल्ट सफाई का कार्य करते हुए मजदूर पाए गए।

जिलाधिकारी ने कार्य कर रहे मजदूरों से मानव दिवस सृजन तथा अब तक पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में संवाद कर जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उपस्थित उपायुक्त मनरेगा तथा तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक से कार्य प्रारंभ की तिथि, लगाए गए मजदूरों की संख्या, निर्धारित अवधि के अनुरूप कार्य प्रगति, लगाए गए कुल मजदूरों की संख्या की पुरी जानकारी ली।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी मजदूरों को बराबर निश्चित अंतराल दूरी पर निश्चित कार्य कराएं। इस संबंध में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा तहसील तमकुहीराज के बॉर्डर चौकी बहादुरपुर तथा पास में लगे चेक गेट का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी तमकुहीराज विकास चंद्र, तहसीलदार तमकुहीराज चंदन शर्मा,नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा, कानूनगो, लेखपाल, डीसी मनरेगा राकेश, तकनीकी सहायक पवन सिंह, ग्राम प्रधान नरसर बाबूलाल गुप्ता आदि अधिकारी रहे।

ऑटो रिक्शा पलटा, एक की मौत, 10 लोग घायल

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार। बीती रात बस्ती मुख्यालय से मेला देखकर लौट रहे सवारियों से भरी ऑटो फुटहिया ओवर ब्रिज के पास सर्विस रोड पर बने गड्ढे की वजह से पलट गई। जिससे आटो में सवार दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को जिला अस्पताल बस्ती में भर्ती कराया जहां एक महिला हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने कैली अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां भी डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर गोरखपुर जा रहे थे तभी रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। नगर थाना क्षेत्र में बने गड्ढे में आटो रिक्शा का पहिया चला गया जिससे अनियंत्रित होकर आटो सड़क नीचे जाकर पलट गई। आटो में सवार सभी लोगों की चीख सुनकर राहगीरों ने उन्हें बाहर निकाला और एंबुलेंस कर्मियों को इसकी सूचना दी। थोडी ही देर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल बस्ती मे भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा । घायलों में सीमा देवी की हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने कैली अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से भी उन्हे गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लेकर गोरखपुर जा रहे थे कि तभी रास्ते मे उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए ।

धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रबंधक। अमृत विचार

- प्रभु श्रीराम के समकालीन थे महार्षि वाल्मीकि : गिरधारी

अमृत विचार: धनघटा तहसील क्षेत्र के हैंसर विकास खंड स्थित ग्राम संठी स्थित मुन्नीलाल रामबेलास इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला उपाध्यक्ष और विद्यालय प्रबंधक गिरधारी लाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। वाल्मीकिजी के अमर कृति रामायण के मुख्य नायक भगवान श्रीराम हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कठोरता, प्रखर वीरता तो दुश्मनों के दमन के लिए थी। जिससे आम जनमानस को आतंकवाद, भ्रष्टता या भय से नहीं जूझना पड़ता था। वहीं प्रधानाचार्य नागेंद्र पाल ने कहा कि संसार में पहला श्लोक महर्षि वाल्मीकि के मुख से ही निकला था। बाद में नारद मुनि से उन्होंने भगवान श्रीराम के बारे में सुना। उन्होंने संस्कृत भाषा में आदि काव्य रामायण की रचना कर आदि कवि बन गए। इस दौरान घनानंद मिश्र, जिलाजीत, सचिन, राजेश यादव, अनूप पाण्डेय, रामजी यादव, सत्य प्रकाश, सर्वेश अन्नपूर्णा पाण्डेय, नेहा, अंचला, देवेंद्र शुक्ल, दीनानाथ आदि लोग मौजूद रहे।

घरों को रौशन करने की तैयारी में जुटे कुम्भकार

संवाददाता, संतकबीरनगर

इलेक्ट्रिक चाक पर दीपक बनाते सूरज प्रजापति। अमृत विचार

अमृत विचार। दीपावली महापर्व के आगमन में अभी लगभग 13 दिन शेष हैं। लेकिन उसकी तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। लोगों के घरों और सार्वजनिक स्थलों को रौशनी से जगमग करने के लिए कुम्हारों ने मिट्टी के दीपकों को तैयार करना शुरू कर दिया है।

बताते चलें कि लगभग दो दशकों से बाजारों में चाइनीज झालरों ने अपना आधिपत्य जमा लिया था। लोग घरों को सजाने के लिए चाइनीज झालरों को ही विकल्प बना चुके थे। लेकिन देश और प्रदेश में सरकारें बदलीं तो परम्परागत रीति रिवाजों के दौर वापस लौटने लगे। सरकार ने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत कुम्भकारो को प्रशिक्षण दिलाने के साथ ही उन्हें निःशुल्क इलेक्ट्रिक चाक और भट्ठियां उपलब्ध कराईं। इसके अलावा अयोध्या में बड़े पैमाने पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर कुम्भकारों को मिट्टी के लाखों दीपक तैयार करने का आर्डर दे दिया। सरकार के आह्वान पर आम जनता में भी मिट्टी के दीपकों के प्रति आकर्षण वापस लौट आया। बीच के दिनों में चीन के साथ हुए मतभेद और बार्डर पर सैनिकों से हुए संघर्षों ने देश में चाइनीज प्रोडक्टों के विरोध का भाव जागृत हो गया। जिसके चलते चाइनीज झालरों का साम्राज्य लगभग समाप्त हो चुका है। दीपावली महापर्व को देखते हुए कुम्भकारों ने बड़े जोर-शोर से अपनी तैयारियां शुरू कर दिया है। जिन परिवारों ने अपने परम्परागत कारोबार से मुंह मोड़ लिया था उन्होंने एक बार फिर पुस्तैनी कारोबार की तरफ लौटना शुरू कर दिया है। बड़गों निवासी सूरज प्रजापति और जगदीश प्रसाद ने बताया कि सरकारी आर्डर के साथ ही आम नागरिकों की तरफ से भी बड़ी संख्या में मिट्टी के दीपकों के आर्डर मिले हैं। उन्होंने बताया कि भारी डिमांड को देख ऐसा लगता है कि इस बार की दीपावली बेहद अच्छी रहेगी।

वर्षा जल संचयन को मिला 49 तालाबों का लक्ष्य

संवाददाता, संतकबीरनगर

- वन ड्राप मोर क्राप के तहत स्प्रिंकलर के लिए मिलेगा 80 प्रतिशत अनुदान
- पम्प खरीदने के लिए मिलेगी 15 हजार रुपए की धनराशि

अमृत विचार: भूमि संरक्षण अधिकारी सीपी सिंह ने बताया है कि जनपद के सभी किसानों को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत वर्षा जल संचयन के लिए भूमि संरक्षण इकाई कृषि विभाग संत कबीर नगर को 49 तालाबों का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अब तक जनपद के 16 किसानों ने तालाब की बुकिंग भी करा लिया है। हर तालाब की खुदाई के लिए गड्ढे का आकार लम्बाई 22 मीटर, चौड़ाई 20 मीटर और गहराई 3 मीटर पर लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 52 हजार 500 रूपए का अनुदान दिया जाएगा। साथ ही साथ वन ड्राप मोर क्राप के तहत 80 प्रतिशत अनुदान पर उद्यान विभाग से स्प्रिंकलर स्थापित कराया जाएगा। इसके अलावा पम्प खरीद के लिए 50 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 15 हजार रुपए पर पम्प सेट भी देय होगा। खोदे गए तालाब से कृषक सिंचाई के साथ मछली पालन, सिंघाडा आदि की खेती कर अपनी अतिरिक्त आमदनी बढा सकते हैं। बुकिंग की प्रक्रिया मौके पर प्रारम्भ है, जो लक्ष्य पूर्ति तक जारी रहेगी।

उन्होंने जनपद के इच्छुक किसानों से अपील किया है कि नया तालाब खुदवाने के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर कृषि विभाग पोर्टल पर रजिस्टर्ड पंजीकरण संख्या द्वारा upagriculture.com पर बुकिंग करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय कृषि भवन संत कबीर नगर में सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही मोबाइल नंबर 8400802409 या 9554009487 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सार-संक्षेप

मुख्य संपर्क मार्ग की पुलिया ध्वस्त, आवागमन बाधित

कुशीनगर, अमृत विचार : हाटा नगरपालिका के देवरिया देहात व रजही मंदिर होते हुए भिस्वां बाजार जाने वाले मुख्य संपर्क मार्ग की पुलिया गुरुवार को दोपहर गौनर के नहर पर ईंट लदे ओवरलोड ट्राला की वजह से हो गई। गनीमत रही की ट्रैक्टर चालक सहित ट्राला पर बैठे आधा दर्जन लोग बाल बाल बच गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी नगर पालिका परिषद व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्राला को कब्जे में लेकर हाटा कोतवाली में तहरीर देते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई। पुलिया टूटने की वजह से हाटा तहसील मुख्यालय आने वाले दर्जनों गांवों के लोगों को परेशानियां उठानी पड़ रही है। ट्राला पर खैरेठवां स्थित एट भट्ठे से सात हजार ईंट लादकर आधा दर्जन लोग जा रहे थे।

पशु आरोग्य मेले में का हुआ आयोजन

कुशीनगर, अमृत विचार : गुरुवार को हाटा नगरपालिका के वार्ड नं 07 महाराणा प्रताप नगर में पशुपालन विभाग हाटा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला व गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ बांकेलाल चौहान नगर मंडल उपाध्यक्ष और सभासद प्रतिनिधि देवेंद्र चौहान ने गौ पूजन और पंडित उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। मेला में 410 पशुओं का उपचार और नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। पशु चिकित्साधिकारी हाटा डॉ राजीव सक्सेना ने सरकार द्वारा संचालित कृत्रिम गर्भाधान योजना, राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना ,किसान क्रेडिट आदि योजनाओं की जानकारी दी गई।इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी अशोक प्रसाद, सूर्य नाथ, मनीष यादव, मुन्ना यादव आदि पशुपालक मौजूद रहे।

गन्ना समिति के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए बंटी सिंह

निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष बंटी सिंह को प्रमाणपत्र देते निर्वाचन अधिकारी।

कुशीनगर ,अमृत विचार : जिले में गन्ना समितियों का चुनाव सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान हाटा गन्ना समिति के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी बंटी सिंह निर्विरोध चुने गए। निर्वाचन अधिकारी गोपाल नाथ पाठक ने हटा गन्ना समिति के अध्यक्ष पद के लिए 10 गन्ना संचालक सदस्यों में विवेक सिंह बंटी सिंह का नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जिसमें निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस दौरान सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक मोहन वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही,नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह, नंदकिशोर नाथानी उर्फ पप्पू भैया, अलका सिंह सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

खुशी की लहर पूर्व सांसद की सूझबूझ और भाजपा जिलाध्यक्ष की मेहनत ने गन्ना समिति चुनाव में दिलाई अद्वितीय सफलता

गन्ना समिति चेयरमैन चुनाव में सभी समितियों पर भाजपा का दबदबा

संवाददाता, बस्ती

निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।

अमृत विचार। गन्ना समितियो में अभी तक सपा का दबदबा रहता था लेकिन इस बार के चुनाव में भाजपा ने विरोधियों का किला ढहा दिया। इस बार के चुनाव में सपा का यह तिलस्म टूट गया। वहीं विराट जीत के चलते भाजपाइयों में खुशी की लहर दिखी।

भाजपा नेता अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि भाजपा द्वारा घोषित सभी चेयरमैन प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गये। बताते चलें कि भाजपा ने चेयरमैन पद के लिए सात प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी जिसमें गन्ना समिति मुण्डेरवा से सुरेन्द्र प्रसाद पाठक, गन्ना समिति बस्ती से प्रदीप सिंह पिंकू, गन्ना समिति वाल्टरगंज से पुस्करादित्य सिंह, गन्ना समिति टिनिच से प्रेम प्रकाश सिंह, गन्ना समिति गौर से अरविन्द सिंह, गन्ना समिति विक्रमजोत से सिद्धांत कुमार सिंह और गन्ना समिति बभनान से अखण्ड प्रताप सिंह निर्विरोध चेयरमैन निर्वाचित हुए है। वही शासन द्वारा संचालक के नामों की भी घोषणा हुई है जिसमे गन्ना समिति मुण्डेरवा से सर्वजीत भारती, गन्ना समिति बस्ती से राजेन्द्र राजभर, गन्ना समिति वाल्टरगंज से अरविन्द चौरसिया, गन्ना समिति टिनिच से लवकुश शुक्ला, गन्ना समिति गौर से गजराज चौधरी, गन्ना समिति विक्रमजोत से राम स्वारथ सिंह, गन्ना समिति बभनान से कनिक राम का नाम नामित हुआ है।

शाम 4 बजे भाजपा कार्यालय पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी और जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने निर्वाचित चेयरमैनो को सभी ने बधाई दी। पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा यह पहली बार हुआ है कि बस्ती की सभी गन्ना समितियों पर भाजपा के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत हुई है। निष्पक्ष तरीके से हुए इस चुनाव में विरोधियो को मुँह के बल खानी पड़ी। जिसका लाभ भी अब किसानों को बेहतर तरीके से मिलेगा। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं को विशेष महत्व दिया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, विधायक अजय सिंह, ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, अनिल सिंह, प्रमोद, डॉ अरविन्द सिंह, पिन्टू तिवारी, दुष्यन्त सिंह, महन्त पाल, योगेन्द्र सिंह, वरुण पाण्डेय, सिंकू सिंह, राजकुमार सोनी, सुजीत सोनी, विद्यामनी सिंह, राजकुमार आदि रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में भोलू ने मारी बाजी

धनघटा, संतकबीरनगर: अभिमन्यु उपाध्याय।धनघटा तहसील। तहसील क्षेत्र के श्री सीताराम इंटर कॉलेज सिरसी पर चल रही तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल की शुरुआत दौड़ से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य भरत सिंह ने हरी झंडी दिखा कर किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 हजार मीटर सीनियर बालक वर्ग की दौड़ से हुआ। जिसमें भोलू यादव मेहदावल ने प्रथम व सोनू ने द्वितीय और रजनीश धनघटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 3 हजार मी.जू.बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में अतीक अहमद मेहदावल ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय और अनीश यादव खलीलाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एक नजर

चार करोड़ कीमत के घरों की बिक्री 38% बढ़ी

नई दिल्ली। ऊंची मांग से साल के पहले नौ माह (जनवरी-सितंबर) के दौरान देश के सात प्रमुख शहरों में चार करोड़ और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री 38% बढ़ी है। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी-सितंबर, 2024 में चार करोड़ रुपये तथा उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी मकानों की बिक्री बढ़कर 12,630 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 9,165 इकाई थी। सीबीआरई ने बताया कि दिल्ली में इस मूल्य वर्ग में सबसे अधिक 5,855 इकाइयां बेची गईं। मुंबई में लक्जरी मकानों की बिक्री 3,250 इकाई से बढ़कर 3,820 इकाई, पुणे में 330 इकाई से दोगुनी होकर 810 इकाई और चेन्नई में 130 इकाई से बढ़कर 185 इकाई हो गई।

परिधान निर्यात 8.5% बढ़कर 7.5 अरब डॉलर

नई दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का परिधान निर्यात चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-सितंबर के दौरान 8.5% बढ़कर 7.5 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, सितंबर में भी तैयार (रेडीमेड) परिधानों का निर्यात 17.3% बढ़कर 1.11 अरब डॉलर हो गया। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा कि वैश्विक प्रतिकूलताओं तथा निरंतर मुद्रास्फीति दबाव के बावजूद भारत के निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज की गई है।

इंजीनियरिंग निर्यात में सकारात्मक बढ़त बरकरार

कोलकाता। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात ने पांच महीनों से सकारात्मक बढ़त बरकरार रखते हुए सितम्बर में 10.5% की वृद्धि दर्ज की है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण गरोडिया ने गुरुवार को कहा कि इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात का मूल्य 9.82 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 8.89 अरब डॉलर की तुलना में 10.5 प्रतिशत अधिक है।

भारत 2030 तक बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।

उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ-हानि पर चर्चा करेंगे।

यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।



निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी-कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।

बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।

राष्ट्रीय

एक नजर

पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

जमशेदपुर। झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा

आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।

भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंतत: हर समस्या का समाधान कर देंगे।

बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार कबए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है।

धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

सिवनी। मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी

- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।

शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

पुणे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

- पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।

6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

नई दिल्ली। बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा कि 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करने वाली, नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए, मनमानी और संवैधानिक रूप से अवैध है। पारदीवाला ने कहा कि जाली दस्तावेजों के आने से 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की आशंका है, क्योंकि इसमें अन्य बातों के अलावा, असम में प्रवेश की गलत तारीख, वंशावली, झूठे सरकारी रिकॉर्ड के तहत जाली दस्तावेजों का प्रयोग होता है।

खेल डायरी

यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

मडगांव। भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

हैदराबाद। प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

नई दिल्ली। एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

बेंगलुरु, एजेंसी

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 46/10 (31.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के	13	63	1/0
रोहित शर्मा बो साउदी	2	16	0/0
विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के	0	9	0/0
सरफराज खान का कॉवे बो हेनरी	0	3	0/0
ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी	20	49	2/0
केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के	0	6	0/0
रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी	0	6	0/0
रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी	0	1	0/0
कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी	2	17	0/0
जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के	1	3	0/0
मोहम्मद सिराज नाबाद	4	16	1/0

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3 (50 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप	15	49	3/0
डेवोन कॉवे बो अश्विन	91	105	11/3
विल यंग का कुलदीप बो जडेजा	33	73	5/0
रचिन रविंद्र नाबाद	22	34	2/0
डेरिल मिचेल नाबाद	14	39	1/0

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्विन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

बेंगलुरु। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी।

स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर

रन	स्थान	वर्ष	टीम
46	बेंगलुरु	2024	न्यूजीलैंड
75	दिल्ली	1987	वेस्टइंडीज
76	अहमदाबाद	2008	दक्षिण अफ्रीका
83	मोहाली	1999	न्यूजीलैंड
88	मुंबई	1965	न्यूजीलैंड

विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर

36	एडीलेड	2020	ऑस्ट्रेलिया
42	लॉर्डस	1974	इंग्लैंड
58	ब्रिसबेन	1947	ऑस्ट्रेलिया
58	मैनचेस्टर	1952	इंग्लैंड
66	डरबन	1996	दक्षिण अफ्रीका

मैच खत्म होने के बाद पवेलियन लौटती भारतीय टीम। ● एजेंसी

46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

बेंगलुरु। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं। इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली, एजेंसी

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देख खुश हूं : नीतू

नई दिल्ली। पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने फ्लैशबैक की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं।

डेविड ने कहा मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। मुझे अपने करियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधाएं नहीं थी। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।

डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

कोपेनहेगन, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।

भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

बॉलीवुड हलचल

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

मुंबई। बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ''है जवानी तो इश्क होना है'' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरुण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरुण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे।अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सींस की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है।कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है।यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

मुल्तान, एजेंसी

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।

संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

वैवाहिक दुष्कर्म : पति को छूट वाले कानूनों की वैधता पर करेंगे फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करता है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से

● सीजेआई ने कहा- यह एक संवैधानिक प्रश्न है, मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है

वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रश्न है।

हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है। नंदी ने कहा कि अदालत को एक प्रावधान को रद कर देना चाहिए जो असंवैधानिक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप कह रहे हैं कि यह (दंडात्मक प्रावधान) अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है... संसद ने जब अपवाद खंड लागू किया था, तो उसका आशय यह था कि जब कोई पुरुष 18 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौनाचार में संलग्न होता है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।

दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान: मोदी

● अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए...



अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के दौरान बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात् शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया। उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

अभिधम्म दिवस याद दिलाता है करुणा और सद्भावना

अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

एक नजर

मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 2.8 तीव्रता का भूकंप

भोपाल। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में बृहस्पतिवार को 2.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये हालांकि इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र के अधिकारी वीएस यादव ने बताया कि भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर महसूस किये गये। नर्मदापुरम के जिलाधिकारी सोनिया मीणा ने बताया कि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

महाराष्ट्र में व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

लातूर। महाराष्ट्र के लातूर शहर में गुरुवार को भीड़भाड़ वाली जगह पर महिला समेत तीन लोगों ने 37 वर्षीय व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक शिवाजी उर्फ अनिल देवकर है। शिवाजी पर पुरानी दुश्मनी से सुबह साढ़े आठ बजे दयानंद कॉलेज के पास हमला हुआ। आरोपियों में कृष्णा (30), अजय (25) और पद्मिनी है। आरोपियों ने शिवाजी पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिवाजी नगर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 12 कर्मी घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया और इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल हुए सीआरपीएफ के कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पाकिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, दो घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को अपने बयान में बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। बयान में कहा गया प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि दुर्घटना सिलेंडर फटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गाजा में स्कूल पर हवाई हमला, 15 की मौत

फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा- स्कूल में था आश्रय स्थल, इजराइल बोला- छुपे थे जिहाद चरमपंथी

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में स्कूल में एकत्र हुए दर्जनों हमास और इस्लामिक जिहाद चरमपंथियों को निशाना बनाया गया।

यह हमला जबालिया स्थित अबू हुसैन स्कूल पर हुआ, जो उत्तरी गाजा में एक शहरी शरणार्थी शिविर है, जहां इजराइल एक सप्ताह से अधिक समय से बड़ा हवाई और जमीनी अभियान चला रहा है। उत्तरी गाजा में मंत्रालय की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फारेस अबू हमजा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पास के कमाल अदवान अस्पताल को हताहतों का इलाज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हमजा ने कहा कई महिलाएं और बच्चे गंभीर हालत में हैं।

सेना ने कहा कि उसने स्कूल के अंदर दोनों चरमपंथियों समूहों द्वारा संचालित कमांड सेंटर को निशाना बनाया। इसने उन दर्जनों लोगों के नामों की सूची दी, जिन्हें उसने चरमपंथी बताया और वे हमले के समय मौजूद थे। एक अन्य घटनाक्रम में, लेबनान के मध्य बेरूत में स्थित उस

उत्तरी गाजा में हमले के बाद उठता धुंआ। ● एजेंसी

गाजा जाने की इजराइल दे अनुमति : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इजरायल से आग्रह किया है कि वह उत्तरी गाजा तक मानवीय मिशनों को महत्वपूर्ण खाद्य और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने की अनुमति दें, जो वहां जारी हिंसा के कारण पहुंच नहीं पा रही हैं। डब्ल्यूएचओ और उसके सहयोगियों ने सोमवार को पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा दौर शुरू किया, जिसका लक्ष्य पांच लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो से बचाना है। प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने एक्स पर लिखा दो दिनों के टीकाकरण के बाद मध्य गाजा में पोलियो वैक्सीन की दूसरी खुराक पाने वाले बच्चों की कुल संख्या 156,943 हो गयी है।

इजराइल के विदेश मंत्री ने की हमास के नेता याह्या सिनवार के मारे जाने की पुष्टि

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइल के विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई। विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार की हत्या को इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा करने और एक ऐसा बदलाव लाने की संभावना पैदा होगी जो गाजा में बिना हमास और बिना ईरानी नियंत्रण के एक नयी वास्तविकता को जन्म देगा। पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया। जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को समूह के शीर्ष नेता के रूप में चुना था।

इमारत को चेतावनी के बाद खाली करा लिया गया, जिसमें अल जजीरा समाचार नेटवर्क और नॉर्वे के दूतावास के कार्यालय हैं। अल जजीरा ने बताया कि इमारत को खाली करा लिया गया है, लेकिन यह नहीं बताया कि चेतावनी कहां से आई थी। इजराइल ने कई इमारतों के साथ-साथ पूरे शहरों, कस्बों और गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है।

ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों से बढ़ा भारत-कनाडा में तनाव : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गई स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए आरोपों का महत्व पता चलता है।

संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ

● मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला

● सार्वजनिक जांच के दौरान ट्रूडो की स्वीकारोक्ति से आरोपों के महत्व का चलता है पता

भारत मानता है आतंकवाद पर गंभीर नहीं कनाडा

वाशिंगटन। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि भारत का मानना है कि कनाडा हिंसा, आतंकवाद या घृणा भड़काने के अपराध को गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रूडो ने संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में सार्वजनिक जांच के दौरान गवाही देते हुए कहा कि कनाडा सरकार यह पता लगाने के लिए भारत से मदद मांग रही है कि क्या कथित हस्तक्षेप और हिंसा किसी शरारती तत्व द्वारा की गई थी या सरकार में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति द्वारा निर्देशित थी। ट्रूडो ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बेहद अहम सवाल है और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर पता लगाने के लिए हम भारत सरकार से सहायता करने के लिए बार-बार कह रहे हैं।

है। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।

अफ्रीका महत्वपूर्ण व्यापार गंतव्य : मुर्मू

लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार वह यहां पहुंचीं।

मुर्मू ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है।

● महाद्वीप में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों का बढ़ रहा निवेश

● विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का किया है निवेश

1964 में मलावी की स्वतंत्रता के बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है। कोविड महामारी से उत्पन्न मंदी के बावजूद भारत और मलावी के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है।

मुर्मू ने कहा कि भारत वर्तमान में मलावी का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यह मलावी में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है जिसने विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मलावी प्राकृतिक भंडारों और उपजाऊ कृषि भूमि के मामले में समृद्ध है, तथा भारत में ऊर्जा, खनिज और खाद्यान्न की बढ़ती मांग के साथ एक बड़ा उपभोक्ता आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देश कई क्षेत्रों में तालमेल स्थापित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं।

सोमालिया की राजधानी में कैफे में हुए हमले में सात की मौत

मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के बाहर एक कैफे में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि हताहतों में अधिकारी और नागरिक शामिल हैं जो बृहस्पतिवार को जनरल काहिये पुलिस अकादमी के बाहर चाय पी रहे थे। अलकायदा से सम्बद्ध आतंकवादी समूह अल-शबाब ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली। इस समूह ने पहले भी सोमालिया में हमले किए हैं। निवासी मोहम्मद अली ने बताया कि उन्होंने विस्फोट की जोरदार आवाज सुनी थी।

अमेरिका के बी-2 ने यमन के हूती विद्रोहियों के बंकरों पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है।

बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में

● अमेरिका के रक्षा सचिव बोले- हूती विद्रोहियों नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारणों को बना गया निशाना

हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के अल-मसीरा समाचार चैनल ने बताया कि यमन की राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है। इसमें बताया गया कि हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा के आसपास भी हवाई हमले हुए हैं, हालांकि इसने नुकसान या हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारण स्थानों को निशाना बनाकर बी-2 बमवर्षक से हमले किए गए हैं। हूतियों का समर्थन करने वाले ईरान को परोक्ष रूप से चेतावनी देने के लिए भी यह हमले किए गए हैं। ईरान ने पिछले साल के दौरान दो बार इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए।

ईरान के नतांज या फोर्डो में स्थित परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमले में अमेरिका की ओर से बी-2 क इस्तेमाल किया जाएगा क्योंकि यह एकमात्र विमान है जो जीबीयू-57 को गिरा सकता है। इसे मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर के नाम से भी जाना जाता है।

गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की सीबीआई जांच की मांग

मोरबी पुल हादसा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात हाईकोर्ट ने 2022 के मोरबी पुल ढहने की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के पीड़ितों के परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति प्रणव त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत जांच की सटीकता पर गौर नहीं कर सकती।

अदालत गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर, 2022 की घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई एक पीआईएल पर सुनवाई कर रही थी। हादसे में मच्छू नदी पर ब्रिटिशकाल का एक झूला पुल ढह जाने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ पीड़ितों और मृतकों के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई से पुनः जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने गुजरात पुलिस पर उचित जांच नहीं

● पीड़ितों के परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया था आग्रह

करने और विशेष जांच दल द्वारा कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बावजूद किसी भी नगर निगम अधिकारी को आरोपी नहीं बनाने का आरोप लगाया है।

सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील राहुल शर्मा ने मुख्य प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता ने सूचित किया कि पिछले वर्ष आरोपपत्र दाखिल किया था और मोरबी मुख्य अधिकारी अनुशासनात्मक जांच का सामना कर रहे हैं। जब शर्मा ने पुनः जांच के लिए दबाव डाला तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुनः जांच का आदेश देना इस जनहित याचिका के दायरे से बाहर है।

खगोल विज्ञान सक्रियता की चरम अवस्था सौरमंडल को प्रभावित करती है

चरम पर पहुंचा 11वर्षीय सूर्य का सौरचक्र

अमृत विचार, नैनीताल

25वां सोलर साइकिल चरम पर जा पहुचा है। इसके अगले वर्ष तक चरम पर रहने की संभावना है। नासा के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए), और अंतर्राष्ट्रीय सौर चक्र भविष्यवाणी पैनल के वैज्ञानिकों ने यह घोषणा की है।

सौर चक्र सूर्य का प्राकृतिक चक्र है। इस चक्र में सूर्य निम्न और उच्च चुंबकीय गतिविधि के दौर से गुजरता है। यह चक्र लगभग 11 साल का होता है। जिसमें सूर्य शांत से सक्रियता की ओर गुजरता है और सक्रियता के दौरान तूफानी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। नासा अंतरिक्ष मौसम कार्यक्रम के निदेशक जेमी फेवर्स के अनुसार सौर सक्रियता के अधिकतम पहुचने के दौरान सूर्य की सतह पर



सूर्य के निम्न व उच्चतम सक्रियता की तस्वीर।

सनस्पॉट की संख्या बढ़ जाती है। सूर्य के चरम अवस्था के दौरान सूर्य के बारे में जानने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है । चरम पर पहुचने के दौरान सूर्य पृथ्वी के साथ हमारे पूरे सौर मंडल पर वास्तविक प्रभाव डालता है और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा असर डालता है। साथ ही अंतरिक्ष में उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ रेडियो संचार और जीपीएस को प्रभावित करता है। पृथ्वी पर स्थित पावर ग्रिड को प्रभावित कर सकता है।

इधर पिछले कुछ महीनों में सूर्य जबरदस्त सक्रिय है। मई माह में बड़े सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की बौछार ने पृथ्वी को प्रभावित किया। सूर्य की हलचल ने दो दशकों में पृथ्वी पर शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान पहुचे। इन दिनों सूर्य की सतह पर दर्जनों सनस्पॉट उभरे हुए हैं। जिनसे बड़े विस्फोट सूर्य पर जारी रहेंगे। बहरहाल अगले वर्ष तक सौर चक्रियता चरम पर रहेगी।

महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने सबसे पहले देखे सनस्पॉट

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ वहाबउद्दीन के अनुसार 1600 के दशक में महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने पहली बार सनस्पॉट देखे थे। तभी से सूर्य पर नजर रखना शुरू हुआ और सूर्य के भयानक रूप का पता चल सका। प्रत्येक सौर चक्र का समय अलग-अलग होता है । सौर चक्र की अधिकतम समय 14 वर्ष तक हो सकता है। औसतन 11 वर्ष माना जाता है। 25वां सौर चक्र 2019 में शुरू हुआ था।

फॉक्स न्यूज के साथ कमला का साक्षात्कार महज बकवास : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की प्रचार अभियान टीम ने उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार को बकवास करार दिया है और कहा है कि इस दौरान वह गुस्से में थी और किसी भी सवाल का सीधे जवाब नहीं दे पा रही थी।

ट्रम्प के अभियान टीम ने एक बयान में कहा फॉक्स न्यूज के एंकर ब्रेट बैयर के साथ कमला हैरिस का साक्षात्कार बकवास था। कमला गुस्से में थी, रक्षात्मक थी और एक बार फिर अमेरिकी नागरिकों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं कर पायीं। वह एक भी सवाल का सीधा जवाब नहीं

दे सकी, क्योंकि उसके पास कोई जवाब नहीं है। उनकी अभियान टीम ने हैरिस के अभियान टीम पर ट्रम्प के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया गया। ट्रम्प के अभियान टीम की राष्ट्रीय प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहाने कहा कमला का पूरा अभियान पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के बारे में झूठ पर आधारित है। कमला फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। वह निश्चित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति होने के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होने वाला है।